www.deshbandhu.co.in ख़बरें लगातार ...
पत्र नहीं; मित्र
RNI No. - MPHIN/2018/76121

# देशबन्धु

वर्ष – 8 । अंक – 103 । नर्मदापुरम, गुरुवार 10 जुलाई 2025 । पृष्ठ–8 । मूल्य – 2.00 रुपए

विश्व आदिवासी दिवस मनाने हुआ मंथन, 13 को निकालेंगे रैली — पृष्ठ 2
- भारत को नीचा दिखाने में लगी अघोषित शक्तियां
- भारत को रक्षा व्यय में पर्याप्त वृद्धि करने की आवश्यकता — पृष्ठ 4
- जनसुनवाई में दिव्यांग कैलाश को मिली ट्रायसिकल, आने-जाने में अब नहीं होगी परेशानी — पृष्ठ 6
भारतीय बैंकों को ब्याज दर के प्रभाव का बेहतर आंकलन करने की जरूरत : रिपोर्ट — पृष्ठ 8



### गुजरात में बड़ा हादसा

# पुल टूटा, वाहन गिरे, 13 की मौत

## पुल गिरा.. सवाल उठे

**वडोदरा, देशबन्धु।** मॉडल स्टेट के रूप में प्रचारित गुजरात में महिसागर नदी पर बना 43 साल पुराना पुल बीच से टूट गया। हादसा इतना भयावह कि पुल टूटते ही एक के एक कई वाहन नदी में समा गए और देर शाम तक 13 शव नदी से बरामद किए गए। पुल क्यों गिरा? इसको लेकर कई सवाल खड़े हो गए हैं। कहा जा रहा है – पुल की जर्जर हालत को देखते हुए आम लोगों के साथ ही संबंधित जिला पंचायत सदस्य ने सरकार को लिखित आवेदन देकर खतरे से अवगत कराया था, लेकिन समय रहते जिम्मेदार व्यवस्था नहीं जागी और दुखद परिणाम इस हादसे के रूप में सामने आ गया। इन जरूरी सवालों के जवाब भी मिलना आवश्यक है कि जब पुल पर दरार देखी जा रही थी तो मरम्मत का काम क्यों नहीं किया गया। 1985 में बने पुल की गुणवत्ता पर भी सवाल उठ रहे हैं। करीब 900 मीटर लम्बे 23 खम्बे के इस पुल के बीच का हिस्सा टूटा है जो पहले से ही क्षतिग्रस्त बताया जा रहा है। हादसे पर प्रधानमंत्री सहित पक्ष–विपक्ष के अनेक नेताओं ने गहरा दुख जताया है। महिसागर नदी पर गंभीरा पुल का निर्माण 43 साल पहले किया गया था। यह पुल मुजपुर को आणंद जिले के गंभीरा से जोड़ता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस हादसे पर दुख जताया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ■ शेष पृष्ठ 8 पर

### *जिला पंचायत सदस्य ने सरकार को दिया था शिकायती पत्र*

### जांच हुई पर मरम्मत नहीं

*जिला पंचायत सदस्य हर्षद सिंह परमार की ओर से अगस्त 2022 में इस ब्रिज के संबंध में सरकार को लिखित आवेदन दिया गया था जिसमें बताया गया था कि– इस पुल का घनत्व और कंपन बहुत अधिक है। इसलिए हमने निवेदन किया था कि यदि इस पुल के ब्लॉक इतने हिल रहे हैं कि कोई अनहोनी हो सकती है। इसलिए ये पुल बंद कर दिया जाए और नया पुल बनाया जाए।*

*उन्होंने कहा हमारे आवेदन के बाद, गांधीनगर से आरएंडबी विभाग के अधिकारी यहां आए। उन्होंने यहां निरीक्षण किया और बताया कि कंपन सामान्य से थोड़ा ज़्यादा है। इस दौरान हमने कहा कि पुल की मरम्मत कराओ या जनहित में परीक्षण रिपोर्ट प्रकाशित करो। अगर ऐसी ही कोई खराबी है, तो पुल का संचालन कैसे कर सकते हो? लेकिन ये लोग नहीं रुके और पुल को चालू रखा। मैंने इस मुद्दे को बार–बार उठाया है। सरकार की गंभीर लापरवाही के कारण लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी है। सरकार जानबूझकर लोगों की जान लेती है।*

# वायु सेना का जगुआर लड़ाकू विमान दुर्घटनाग्रस्त



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय वायुसेना का एक जगुआर ट्रेनर विमान बुधवार दोपहर राजस्थान के चुरू के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया, दुर्घटना में दोनों पायलट की मौत हो गई। वायु सेना ने कहा है कि यह विमान नियमित प्रशिक्षण उडान के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। दुर्घटना में दोनों पायलट की मौत हो गई।

- राजस्थान के चुरू के पास हुई दुर्घटना
- हादसे में दोनों पायलट की मौत हो गई

दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के लिए जांच समिति गठित की गई है। वायु सेना ने सोशल मीडिया पर पोस्ट में कहा– भारतीय वायुसेना का एक जगुआर ट्रेनर विमान आज राजस्थान के चुरू के पास नियमित प्रशिक्षण मिशन के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस दुर्घटना में दोनों पायलटों की मौत हो गयी। किसी भी नागरिक संपत्ति को कोई नुकसान नहीं पहुँचा है। भारतीय वायुसेना इस दुखद घटना पर गहरा दु:ख व्यक्त करती है और इस दुख की घड़ी में शोक संतप्त परिवारों के साथ खड़ी है। दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के लिए एक कोर्ट ऑफ इन्क्वायरी गठित की गई है। 1970 में बेड़े में शामिल किया गया था–इस विमान ने सूरतगढ एयरबेस से उडान भरी थी। इस वर्ष जगुआर ■ शेष पृष्ठ 8 पर

## सार-समाचार

### प्रधानमंत्री मोदी को नामीबिया के सर्वोच्च सम्मान से नवाजा



**विंडहोक, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को नामीबिया के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'ऑर्डर ऑफ़ द मोस्ट एन्शिएंट वेल्वित्शिया मिराबिलिस' से सम्मानित किया गया है। नामीबिया की राष्ट्रपति डॉ. नेटुम्बो नंदी–नदैतवा ने बुधवार को यहां श्री मोदी के साथ वार्ता के बाद उन्हें यह सम्मान प्रदान किया। 'ऑर्डर ऑफ द मोस्ट एन्शिएंट वेल्वित्शिया मिराबिलिस' नामीबिया का सर्वोच्च नागरिक सम्मान है। डॉ. नेटुम्बो ने पुरस्कार प्रदान करने से पहले कहा, नामीबियाई संविधान द्वारा मुझे प्रदत्त शक्ति के द्वारा मुझे भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को ऑर्डर ऑफ द मोस्ट एन्शियेंट वेल्वित्विया मिराबिलिस प्रदान करने का सम्मान प्राप्त हुआ है, जिन्होंने नामीबिया और विश्व स्तर पर सामाजिक–आर्थिक विकास तथा शांति और न्याय को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। श्री मोदी ने सम्मानित किए जाने के बाद कहा, वेल्वित्स्चिया मिराबिलिस से सम्मानित होना मेरे लिए अत्यंत गौरव और सम्मान की बात है। मैं ■ शेष पृष्ठ 2 पर

### अरुणाचल के पूर्व विधायक कपचेन का निधन

**ईटानगर, एजेंसी।** अरुणाचल प्रदेश में तत्कालीन खोंसा उत्तर के पूर्व विधायक कपचेन राजकुमार का बुधवार को यहां निधन हो गया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक आज सुबह तिरप जिले के नामसांग और देवमाली इलाकों के बीच एक संदिग्ध जंगली हाथी ने उन पर हमला कर दिया जिससे उनकी मौत हो गई। वह 65 वर्ष के थे। श्री राजकुमार ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा रामकृष्ण मिशन स्कूल, नरोत्तमनगर, देवमाली और बाद में राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, खोंसा से पूरी की। वह 1985–1990 के दौरान तत्कालीन खोंसा उत्तर विधानसभा क्षेत्र से विधानसभा सदस्य रहे।

### कोरोना मामलों की संख्या एक हजार से नीचे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश में पिछले कुछ दिनों से कोरोना संक्रमण के सक्रिय मामलों में तेजी से कमी देखी गई है और बुधवार को कुल सक्रिय मामलों का आंकड़ा एक हजार से नीचे 796 पर आ गया। इस वायरस से उबरने वालों की कुल संख्या 27991 पहुंच गई। पिछले 24 घंटों के दौरान कोरोना संक्रमण से केरल और मध्य प्रदेश में एक–एक और मरीज की मौत होने के साथ देश में मृतकों का आंकड़ा बढ़कर 156 हो गया। गौरतलब है कि 22 मई को देश में कोरोना के सिर्फ़ 257 मामले सक्रिय थे।

### छत्तीसगढ़ में 2 महिला नक्सलियों को किया गिरफ्तार

**नारायणपुर, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले में पुलिस ने कोहकामेटा थाना क्षेत्र में दो महिला नक्सलियों को गिरफ्तार कर उनके पास से हथियार और गोला–बारूद बरामद किया है। पुलिस ने अनुसार कोहकामेटा थाना क्षेत्र में दो महिला नक्सलियों को मंगलवार रात को गिरफ्तार किया है। दोनों महिला नक्सलियों के नाम पारो हपका और सुनीता उर्फ़ संगीता मंडावी बताए गएं हैं। पुलिस ने नक्सलियों के पास से कई हथियार और विस्फोटक साम्रग्री बरामद किया है। इसमें 12 बोर बीजीएल लॉचर बंदूक, दो बीजीएल बम, एक टिफिन बम, एक डेटोनेटर, 24 पेंसिल सेल और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण शामिल हैं।

### दिल्ली की मुख्यमंत्री के बंगले के रेनोवेशन से जुड़ा टेंडर रद्द

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के बंगले के रेनोवेशन का टेंडर रद्द कर दिया गया है। दिल्ली सरकार के लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) ने टेंडर को रद्द करने की सूचना जारी की है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के बंगले के इलेक्ट्रिकल काम के लिए 60 लाख का टेंडर निकाला गया था, जिसमें 14 एसी, 9 लाख की टीवी, 6 लाख की लाइटिंग समेत कई चीजें शामिल थीं। टेंडर जारी होने के 60 दिनों के अंदर काम पूरा होना था।

### सरकार की नीतियों के खिलाफ ट्रेड यूनियनों ने बुलाया था भारत बंद

# बंद का मिला जुला असर रहा



- प. बंगाल, केरल में ज्यादा असर देखा गया
- कई राज्यों में बैंकिंग सेवाएं प्रभावित रही

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ और विभिन्न मांगों को लेकर प्रमुख ट्रेड यूनियनों के भारत बंद के आह्वान का आज देशभर में मिलाजुला असर रहा। पश्चिम बंगाल और केरल में इस बंद का ज्यादा असर देखा गया और कई राज्यों में बैंकिंग सेवाएं प्रभावित रही।

बंद का आह्वान दस केंद्रीय ट्रेड यूनियनों ने किया था । केंद्र सरकार की नीतियों के विरोध में आयोजित इस बंद के तहत कुछ वाम संगठनों ने राजधानी दिल्ली में जंतर मंतर पर प्रदर्शन किया। दिल्ली में बंद का खास असर नहीं दिखायी दिया और यहां बाजार सामान्य दिनों की तरह खुले रहे एवं सड़कों पर वाहन भी सामान्य रुप से चलते रहे। एक तरफ जहां पश्चिम बंगाल और केरल में बंद का ज्यादा असर देखने को मिला वहीं भाजपा और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) शासित राज्यों में बंद का कोई खास असर नहीं दिखा। पश्चिम बंगाल में वामपंथी दलों और उससे संबद्ध ट्रेड यूनियनों के भारत बंद के दौरान ट्रेनों के परिचालन पर असर पड़ा। बंद के कारण सार्वजनिक परिवहन में भारी व्यवधान हुआ। प्रदर्शनकारियों की कई जगहों पर पुलिस ■ शेष पृष्ठ 8 पर

### बिहार में सड़क एवं रेल सेवाओं पर भी पड़ा असर

**पटना, एजेंसी।** वोटर वेरिफिकेशन में मतदाताओं के खिलाफ षड्यंत्र रचने का कथित आरोप लगाकर महागठबंधन के घटक दलों द्वारा बुधवार को बिहार बंद का व्यापक असर रहा। राजद, कांग्रेस, वामदल आदि की ओर से पूरे राज्य में प्रदर्शन हुआ जिससे आम जनजीवन प्रभावित हुआ। वहीं प्रदर्शनकारियों के निशाने पर सार्वजनिक परिवहन के साधन और सड़क एवं रेल सेवाएं भी रही। पूर्व मध्य रेलवे के अनुसार बिहार बंद के दौरान जोन के अलग अलग रेल मंडलों में कुल 17 जगहों पर रेलवे स्टेशनों पर प्रदर्शन किया।

### चक्का जाम ये नेता हुए शामिल

इस चक्काजाम में महागठबंधन के कई नेता शामिल थे, जिनमें राहुल के साथ राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नेता तेजस्वी यादव, भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी लेनिनवादी) महासचिव दीपंकर भट्टाचार्य, विकासशील इंसान पार्टी (वीआइपी)नेता मुकेश सहनी, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) नेता डी.राजा भी शामिल थे।

### मोहन मंत्रिपरिषद ने लिए बड़े फैसले

# बिजली कंपनियों में 49 हजार से ज्यादा भर्तियां होंगी

- 66 नए आंगनबाड़ी केंद्र खुलेंगे
- 3 संभागों में नए क्षेत्रीय कार्यालय स्थापित होंगे
- लेक व्यू होटल का होगा विकास



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में आज हुई मंत्रिपरिषद की बैठक में बड़े फैसले लिए गए। मंत्रिपरिषद ने विद्युत वितरण कंपनियों में 49 हजार 263 नए पदों को मंजूरी दी। इसके साथ ही 17 हजार से अधिक अनुपयोगी पद समाप्त करने का निर्णय भी लिया गया। बैठक के बाद उपमुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने बताया कि विद्युत वितरण कंपनियों में संविदा आधार पर कार्यरत कर्मचारियों, निर्धारित आयु सीमा के पूर्ण होने अथवा नियमित सीधी भर्ती के पद पर चयनित होने तक कार्य कर सकेंगे। श्री शुक्ल ने बताया कि धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत 66 नए आंगनवाड़ी केंद्र खोलने की मंजूरी दी गई है। इसके लिए 134 नए पदों का भी सृजन किया गया है।

मंत्रिपरिषद ने कैंपा योजना के तहत वनों के सुधार, नदियों के पुनजीर्वन, पौधरोपण और वन्यप्राणी क्षेत्रों के विकास जैसे कार्यों में उपयोग के लिए 10 हजार 38 करोड़ की राशि भी मंजूर की है। मंत्रिपरिषद ने भोपाल स्थित होटल लेक व्यू रेसीडेंसी को पीपीपी मॉडल पर विकसित करने का निर्णय लिया गया है। पंजीयन और स्टांप शुल्क की प्रतिपूर्ति पर्यटन विभाग के बजट से होगी। मंत्रिपरिषद के निर्णय अनुसार नर्मदापुरम, चंबल और शहडोल संभागों में स्थानीय निधि संपरीक्षा के क्षेत्रीय कार्यालय स्थापित होंगे। निवाड़ी, मैहर, मऊगंज और पांढुर्णा जिलों के लिए 7 सहायक संचालक पद भी स्वीकृत किए गए हैं।

### सिंचाई जलकर पर ब्याज और जुर्माना माफ

श्री शुक्ल ने बताया कि सरकार ने किसानों को बड़ी राहत देते हुए सिंचाई जलकर पर ब्याज और दंड राशि माफ करने का फैसला लिया है। यदि किसान 31 मार्च 2026 तक मूल राशि चुका देते हैं तो करीब 84 करोड़ रुपये का ब्याज माफ होगा। इससे 35 लाख किसान लाभान्वित होंगे। उन्होंने बताया कि 31 मार्च 2025 की स्थिति में कृषकों पर सिंचाई जलकर की अवशेष राशि 647 करोड़ 67 लाख रुपये बकाया हैं। इसमें मूल राशि 563 करोड़ 29 लाख रुपये एवं ब्याज राशि 84 करोड़ 17 लाख रुपये है।

### लाड़ली बहनों को कल मिलेगी 15 सौ रुपए की राशि

- विधानसभावार बनवायें विजन दस्तावेज
- 13 से 19 जुलाई के दौरान होगी दुबई और स्पेन यात्रा

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि लाडली बहनों के खाते में 12 जुलाई को राशि अंतरित की जाएगी। उन्होंने कहा कि अगले माह अगस्त में रक्षाबंधन के अवसर पर लाड़ली बहना योजना के तहत वर्तमान में दी जा रही मासिक आर्थिक सहायता राशि के साथ 250 रूपए की विशेष सहायता राशि भी अंतरित की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश की करीब 1.27 करोड़ लाड़ली बहनों को इसका सीधा लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को मंत्रालय में मंत्रि–परिषद की बैठक से पहले मंत्रियों को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ■ शेष पृष्ठ 8 पर

### महागठबंधन के प्रदर्शन में शामिल हुए राहुल, बोले–

# बिहार में वोट चुराने की कोशिश हो रही

- कांग्रेस नेता ने कहा महाराष्ट्र की तरह बिहार में धांधली कर चुनाव जीतना चाहती है भाजपा
- विशेष चुनाव पुनरीक्षण को वापस लेना चाहिए
- शहीद स्मारक के पास रोक दिया गया था मार्च



**पटना, देशबन्धु।** राहुल गांधी बुधवार को पटना में महागठबंधन के प्रदर्शन में शामिल हुए। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के नाम पर महाराष्ट्र की तरह ही आगामी बिहार विधानसभा चुनाव में भी वोट चुराने की कोशिश कर रही है।

आयकर चौराहे से चुनाव आयोग कार्यालय तक मार्च का नेतृत्व कर रहे श्री गांधी ने जनसमूह को संबोधित करते हुए भाजपा पर आगामी बिहार विधानसभा चुनावों में भी महाराष्ट्र की तरह धांधली करने का प्रयास करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि आयोग को तुरंत विशेष चुनाव पुनरीक्षण को वापस लेना चाहिए। बिहार में वोटर लिस्ट की स्क्रीनिंग को लेकर विपक्षी पार्टियां विरोध कर रही हैं।

उन्होंने कहा– इलेक्शन कमिश्नर भाजपा और आरएसएस नेताओं की तरह बात करते हैं। उन्हें (भाजपा) पता चल गया है कि हमने महाराष्ट्र मॉडल समझ लिया है, वे अब बिहार मॉडल लाए हैं। ये गरीबों का वोट छीनने का तरीका है।

### आप कितने ही बड़े हो, कानून आपको छोड़ेगा नहीं

राहुल ने कहा कि आपको जो करना है करिए, लेकिन बाद में कानून आप पर हावी होगा। कानून आपको नहीं छोड़ेंगा। मैं आपको गारंटी दे रहा हूं कि आप कितने ही बड़े क्यों न हो कानून आपको नहीं छोड़ेगा। आप अपना काम नहीं कर रहे हो।

### विधानसभा चुनाव में 10 फीसदी वोटर बढ़े

राहुल ने कहा, कुछ महीने पहले महाराष्ट्र में लोकसभा चुनाव हुआ। उसके कुछ महीने बाद महाराष्ट्र और हरियाणा का विधानसभा का चुनाव हुआ। लोकसभा चुनाव में इंडिया ने जीत दर्ज की। कुछ महीने बाद विधानसभा के चुनाव में हार गई। उस समय हमने ज्यादा कुछ बोला नहीं। कुछ समय बाद हमने डेटा देखना शुरू किया। हमने पाया कि लोकसभा चुनाव के बाद विधानसभा चुनाव में एक करोड़ नए वोटर्स जुड़े। मतलब विधानसभा चुनाव में 10 फीसदी ज्यादा वोटर्स ने वोट किया। जब हमने पता लगाया कि ये वोटर कहां से आए, कौन हैं, तो आश्चर्य की चीजें निकली। जिन–जिन सीटों पर वोटर्स बढ़े, वहां भाजपा जीती। सारे के सारे नए वोट भाजपा को गए।

### वीडियो देने का कानून बदल दिया

जब हमने वोटर लिस्ट और वोटिंग की वीडियो मांगी तो इलेक्शन कमीशन शांत हो गया। एक शब्द नहीं कहा। एक बार नहीं कई बार कहा। उन्हें बताया कि कानून के मुताबिक, हमें वोटर्स लिस्ट दी जाए। कानून कहता है कि वीडियोग्राफी हमें दी जाए। आज तक महाराष्ट्र के वोटर लिस्ट हमें नहीं दी गई। वीडियो देने का कानून बदल दिया।

## ताप्ती तीरे

### सार-समाचार

## ग्राम पालनपुर में पहुंचे विधायक, ग्रामीणों से की मुलाकात, सुनी बात




**इटारसी, देशबन्धु।** ग्राम पालनपुर में आज एक विशेष अवसर पर नर्मदापुरम विधायक एवं पूर्व विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सीतासरन शर्मा ने पहुंचकर ग्रामीणजनों से भेंट की। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों की समस्याएं, सुझाव और आवश्यकताओं को ध्यानपूर्वक सुना और समाधान का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में जनपद पंचायत अध्यक्ष भूपेंद्र चौकसे, वरिष्ठ समाजसेवी परसराम पटेल, जनपद सदस्य कमल सिंह यादव, ग्राम सरपंच राजेंद्र मीना, उपसरपंच अखिलेश वर्मा एवं पूर्व सरपंच कन्हैया लाल वर्मा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।
डॉ. शर्मा ने कहा कि जनसेवा और जनसंवाद ही हमारी प्राथमिकता है। ग्राम स्तर पर संवाद से ही विकास की दिशा तय होती है और हम सदैव इस मार्ग पर प्रतिबद्ध हैं। ग्रामवासियों ने भी खुले दिल से अपने विचार रखे और विधायक के प्रति आभार प्रकट किया।

## आज दादा दरबार में गुरु पूर्णिमा पर्व पर किया जाएगा भंडारा

**इटारसी, देशबन्धु।** दादा दरबार आश्रम तवानगर में कल गुरुपूर्णिमा के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। दादा दरबार के सेवादार बशारत खान ने बताया कि गुरु पूर्णिमा के पावन पर्व पर दादा दरबार आश्रम तवा नगर में दोपहर 12 बजे से गुरु पूजन, आरती, कन्या भोजन एवं भंडारा प्रसादी कार्यक्रम में होगा।

## अभिषेक शर्मा इटारसी वन परिक्षेत्र के रेंजर, पदभार संभाला



**इटारसी, देशबन्धु।** वन परिक्षेत्र इटारसी में नवागत रेंजर अभिषेक शर्मा ने कार्यभार ग्रहण कर लिया है। अभी तक महेन्द्र गौर होशंगाबाद के साथ इटारसी का भी प्रभार संभाल रहे थे। आज ग्वालियर वन परिक्षेत्र सामान्य से अभिषेक शर्मा ने इटारसी आकर प्रभार ग्रहण कर लिया। हालांकि एक दिन पूर्व उन्होंने नर्मदापुरम जिला मुख्यालय में अपनी आमद दे दी थी। पिछले एक वर्ष से रेंजर महेंद्र गौर नर्मदापुरम के साथ-साथ इटारसी वन परिक्षेत्र का अतिरिक्त प्रभार संभाल रहे थे। श्री शर्मा के यहां पदस्थ होने पर रेंजर श्री गौर मूल पद स्थान होशंगाबाद वन परिक्षेत्र उत्पादन में रहेंगे।

## तीन दिवसीय हेयर एंड मेकअप मास्टर क्लास का आयोजन 14 से

**बैतूल, देशबन्धु।** वूमेंस वर्ल्ड ब्यूटी एक्सेस के तत्वाधान में तीन दिवसीय हेयर एंड मेकअप मास्टर क्लास का आयोजन 14 से 16 जुलाई तक गेंदा चौक सदर स्थित कुणाल रेस्टोरेंट में किया जाएगा। प्रशिक्षण का समय प्रतिदिन सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक रहेगा। वूमेंस वर्ल्ड ब्यूटी एक्सेस की संचालिका ने बताया कि इस मास्टर क्लास में बड़वानी से मशहूर हेयर ड्रेसर किशन श्रीवास और आकाश श्रीवास ट्रेनर के रूप में मौजूद रहेंगे, जो प्रतिभागियों को हेयर स्टाइलिंग और ट्रीटमेंट की बारीकियों से रूबरू कराएंगे। इसके साथ ही अंकुश गर्ग बोटोप्लैक्स नैनो प्लास्टिया हेयर ट्रीटमेंट पर विशेष जानकारी देंगे। वहीं, भोपाल की प्रख्यात मेकअप आर्टिस्ट मेघा राठौर प्रतिभागियों को मेकअप की तकनीकी शिक्षा देंगी। इस मास्टर क्लास में भाग लेने के इच्छुक प्रतिभागी रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं।

# विश्व आदिवासी दिवस मनाने हुआ मंथन, 13 को निकालेंगे रैली

**इटारसी, देशबन्धु।** इटारसी।9 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस है, इसी दिन रक्षाबंधन का पर्व भी है। ऐसे में बाजार में अत्यधिक भीड़ और लोगों को परेशानी न हो, इसके लिए रैली 13 अगस्त को निकाली जाएगी। यह निर्णय विश्व आदिवासी दिवस को लेकर हुई आदिवासी समाज की बैठक में लिया गया है। वार्ड 3 एकलव्य कोचिंग संस्थान रानी दुर्गावती नगर इटारसी में विश्व आदिवासी दिवस को लेकर रूपरेखा तैयार करने हेतु एक महत्वपूर्ण बैठक रखी गई थी। बैठक में निर्णय लिया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी आदिवासी समाज का महत्वपूर्ण दिन 9 अगस्त विश्व आदिवासी दिवस है। सर्व सहमति से निर्णय लिया कि 9 अगस्त विश्व आदिवासी दिवस के साथ-साथ रक्षाबंधन का त्योहार भी मनाया जाना है। सामाजिक लोगों को आने जाने में परेशानी होगी, इसी कारण



विश्व आदिवासी दिवस को इस बार 13 अगस्त पर मनाने का निर्णय समाजिक साथियों की सहमति से लिया गया है। 9 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस होने के नाते इस दिन सामाजिक साथियों के साथ मिलकर रानी दुर्गावती तिराहा उद्घाटन करेंगे, रानी दुर्गावती के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके तिराहा की नींव रखी जायेगी। कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार करने उपस्थित युवाओं ने अपने विचार रखे। बैठक में नीतिराज ठाकुर, प्रेम ठाकुर, नर्मदाप्रसाद परते, लखन युवने, कैलाशचंद उईके, संतोष परनाने, पवन धुर्वे, भगवानदास सलाम, जितेंद्र युवने, वीर सलाम, कमलेश तुमराम, सचिन प्रधान, रुपेश परते, रुपेश तुमराम, आशीष उईके, जियालाल मर्सकोले, गणेश परते, नीलेश सिरसाम, विवेक युवने, राजा उईके, कार्तिक उईके, दिनेश उईके, आंसू उईके, सिब्बा उईके, कुन्नूलाल धुर्वे, सचिन मेहरा, पवन मर्सकोले, रजत मर्सकोले, राहुल प्रधान, आकाश कुशराम आदि उपस्थित थे।

### दो दिन पूर्व भारी बारिश से शहर के कई इलाके जलमग्न हो गये थे, हो रही थी दिक्कत

# भारी बारिश से जमा पानी को निकाला व्यवस्था दुरुस्त करने जुटी टीम

**इटारसी, देशबन्धु।** दो दिन पूर्व भारी बारिश से शहर के कई इलाके जलमग्न हो गये थे। कई जगह जलजमाव हो गया था और नालियों में कचरा भर जाने से स्थिति गंभीर हो गयी थी। विभिन्न वार्डों में पार्षदों ने स्वयं रुचि लेकर अपने यहां सफाई करायी और नालियों में बाधा बन रहे कचरे को निकलवाया और जेसीबी से कई जगह सफाई कराके पानी की निकासी सुनिश्चित करायी।
वार्ड 22 में पार्षद एवं सभापति श्रीमती गीता देवेन्द्र पटेल और कृषि उपज मंडी में विधायक प्रतिनिधि देवेन्द्र पटेल ने अपने वार्ड की गलियों में घूमकर स्थिति का जायजा लिया और जहां भी आवश्यकता पड़ी जेसीबी से, सफाई कर्मचारियों से निकास व्यवस्था ठीक कराके जल जमाव की स्थिति से निजात दिलायी। श्री पटेल ने वार्डवासियों से चर्चा की और नगर पालिका के सफाई अमले को बुलाकर व्यवस्था ठीक करायी। सभापति श्रीमती गीता पटेल ने कहा कि आगामी दिनों में भी वार्ड के लोगों को बारिश में जलजमाव की स्थिति से निकालने हर संभव प्रयास किये जाएंगे।

## पार्षद ने नाले पर जमा कचरा जेसीबी से कराया साफ

**इटारसी।** बंगलिया नाले पर बारिश में रपटे पर पानी आ गया, जिससे आवागमन पूरी तरह बंद हो गया। पानी के बहाव में आया कचरा नाले पर जमा होने से पानी का बहाव रुक गया था, जिससे आसपास जलभराव की स्थिति बनने लगी। वार्ड 8 की पार्षद ज्योति राजकुमार बाबरिया तुरंत मौके पर पहुंची और नगरपालिका



अधिकारी और मुकद्दम दिलीप गोदरे से संपर्क कर जेसीबी बुलाकर नाले में फंसे कचरे को साफ कराया। मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि पानी लगातार बढ़ रहा था, समय रहते कार्रवाई न होती तो पानी रहवासी क्षेत्र की और बढ़ता तो बाढ़ की स्थिति निर्मित हो जाती। पार्षद की तत्परता से नाला पर जमा कचरा साफ हो गया और पानी का बहाव सामान्य हो गया, जिससे स्थानीय लोगों को बड़ी राहत मिली।

### हर वर्ष होती है समस्या

पुलिया नीची होने के कारण बारिश में हर वर्ष ये समस्या निर्मित होती है। हल्की बारिश में ही पुलिया डूब जाती है और उत्तर बंगलिया और दक्षिण बंगलिया के हजारों रहवासियों का रास्ता पूरी तरह बंद हो जाता है। पार्षद ज्योति राजकुमार बाबरिया ने बताया कि इस बात से विधायक डॉ सीतासरन शर्मा और नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे को अवगत कराया है। उन्होंने जल्द समस्या के समाधान का आश्वासन दिया।

### रेलवे अधिकारी से की चर्चा

पार्षद प्रतिनिधि राजकुमार बाबरिया ने बताया कि पुलिया की ऊंचाई कम है, इसलिए बारिश में आवागमन की समस्या होती है। पुलिया का कुछ हिस्सा रेलवे में है इसे ऊंचा करने के लिए बीते दिनों नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे के साथ रेलवे अधिकारियों से मुलाकात कर पुलिया के संबंध में चर्चा की है। उन्होंने मौके पर आकर निरीक्षण करने की बात कही है।

# बारिश में भीगते मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन देने जनपद पहुंचे आदिवासी

**इटारसी, देशबन्धु।** समाजवादी जनपरिषद के बैनर तले आज आदिवासियों ने बारिश में भीगते हुए जनपद पंचायत कार्यालय जाकर मुख्यमंत्री के नाम सात सूत्री मांगों का ज्ञापन सौंपा।केसला क्षेत्र से लगभग एक दर्जन गांवों के लगभग एक सैंकड़ा महिला एवं पुरुष केसला आम के बगीचा संगठन कार्यालय में इकट्ठे हुए और दो-दो की कतार में रैली की शक्ल में हाथ में झंडा-बैनर लेकर चले और नारे लगाते हुए जनपद पंचायत कार्यालय पहुंचे।



### जमीन का मांगा पट्टा

वनभूमि में काबिज जमीन का पट्टा देना होगा, देना होगा, गैर आदिवासियों को वन अधिकार कानून के तहत वनभूमि के जमीन का पट्टा देना होगा, देना होगा। वनग्रामों को राजस्व ग्राम बनाना होगा, बनाना होगा। इस तरह से नारे लगाते हुए, केसला जनपद पंचायत मुख्यालय में जाकर तहसीलदार हीरूसिंह धुर्वे को ज्ञापन दिया। समाजवादी जनपरिषद के राष्ट्रीय सचिव फागराम ने ज्ञापन पढ़कर सुनाया। तहसीलदार ने कहा कि वनग्रामों को राजस्व ग्राम बनाये जाने की प्रक्रिया शुरू हो गई है, आपका ज्ञापन संबंधितों को भेजकर अवगत कराया जायेगा। इसके अलावा लोगों ने व्यक्तिगत आवेदन भी दिये।आदिवासियों ने कहा कि सरकार कंपनियों एवं पूंजीपतियों को लाखों हेक्टेयर भूमि जमीन मुनाफा कमाने के लिए दे रही तो इस देश के गरीब आदिवासी, दलितों को अपनी जमीन में मेहनत करके जीवन निर्वाह करना चाहते हैं तो सरकार क्यों नहीं रहने दे रही है।
इस मौके पर महेश बरखने, संतोष बरखने, सुगंती बाई कासदे, सेवंती बाई शीलूकर, नरेश कुमार मेहरा, फगनी बाई विश्वकर्मा, हरिराम, पूनम उईके, राधा किन्नर, सोनम, नीलू, शारदा बिसतोरी बाई, वंश गोपाल, रावल सिंह, कपिल खंडेलवार, फागराम आदि उपस्थित रहे। वनाधिकार कानून के तहत व्यक्तिगत व सामुदायिक दावों को जल्द से जल्द निराकरण कर वनभूमि में काबिज जमीन का पट्टा दिया जाये। गैर आदिवासियों को वनभूमि में काबिज जमीन का पट्टा वनाधिकार कानून के तहत दिया जाये और प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ दिया जाये।

### यह मांग भी की गई

वनग्रामों को राजस्व ग्राम बनाया जाये। वनाधिकार पट्टों व रकबों का आनलाइन साइड बनाया जाये। अतिक्रमण हटाने के नाम पर पट्टेधारियों की जमीन को वन विभाग द्वारा जेसीबी से खोदे गए गड्ढों को वापस समतल कराया जाये।

# गुरु की शिक्षा और आशीर्वाद से मिलती है शिखर तक पहुंचने की शक्ति : देवी रत्नमणि



**बनखेड़ी, देशबन्धु।** संत रावतपुरा सरकार इंटरनेशनल स्कूल, बनखेड़ी में गुरु पर्व के शुभारंभ अवसर पर दो दिवसीय वार्षिक उत्सव कार्यक्रम की शुरुआत बुधवार को 11000 दीपों के दीप यज्ञ से हुई। कार्यक्रम के पहले दिन विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए देवी रत्नमणि द्विवेदी ने कहा कि गुरु का आशीर्वाद और शिक्षा ही शिष्य को शिखर तक पहुंचने की क्षमता प्रदान करता है। इस अवसर पर स्कूल में गुरु की महिमा पर व्याख्यान रखा गया और बच्चों के लिए धार्मिक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। कार्यक्रम के दौरान वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम का भी शुभारंभ किया गया। इस पहल को पर्यावरण संरक्षण और जल बचत की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया गया। देवी रत्नमणि द्विवेदी ने कहा कि जल है तो कल है का संदेश हर व्यक्ति तक पहुँचे यही हमारी कामना है। इस अवसर पर क्षेत्रीय सांसद चौधरी दर्शन सिंह ने भी विद्यार्थियों को मार्गदर्शन प्रदान किया। विद्यालय के संचालक विवेक पलिया ने अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए सनातन संस्कृति और जल संरक्षण जैसे विषयों पर बच्चों में जागरूकता लाने के प्रयास की सराहना की। कार्यक्रम का समापन गुरुवार को नगर में शोभायात्रा और गुरु पूजन के बाद होगा। समापन अवसर पर भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा।-

# सीएमओ ने किया मुख्य बाजार का निरीक्षण, व्यापारियों ने बताई समस्या, शीघ्र होगा सुधार

**सोहागपुर, देशबन्धु।** सोहागपुर बुधवार को नवागत मुख्य नगर पालिका अधिकारी धर्मेन्द्र शर्मा के द्वारा नगर के मुख्य बा?ार का निरीक्षण किया गया द्य उन्होंने मुख्य बा?ार स्थित श्यामा प्रसाद मुखर्जी काम्प्लेक्स, नगर परिषद् काम्प्लेक्स, गांधी चोंक एवं मूत्रालय का निरीक्षण किया व दुकानों की स्थिति का जायजा लिया एवं व्यवस्थाएं देखी इस दौरान बा?ार क्षेत्र के व्यापारियों के द्वारा काम्प्लेक्स सहित बा?ार की समस्याओं से मुख्य नगर पालिका अधिकारी को अवगत कराया गया द्य व्यापारियों के द्वारा बताई गयी समस्याओं पर श्री शर्मा ने शीघ्र ही व्यवस्थाओं में सुधार लाने की बात कही, पिछले 6 महीने से नगर परिषद सोहागपुर मैं स्थाई सीएमओ नहीं था विकास का रुके हुए थे वही नागरिकों को भी आवश्यक कार्य में परेशानी हो रही थी सीएमओ साहब से नागरिकों को बहुत उम्मीद है की समय पर कार्य होंगे कर्मचारियों को वेतन मिलेगा, साथ ही अन्य लोगों के भुगतान भी होंगे जिन्होंने क्रेडिट पर नगर परिषद के कार्य किए हैं वही पत्रकारों को भी अपने निविदा विज्ञापन आदि के वर्ष पुराने बिल के भुगतान की आस जगी है बरहाल निरीक्षण के दौरान नगर सीएमओ के साथ परिषद् उपाध्यक्ष श्री आकाश रघुवंशी, अध्यक्ष प्रतिनिधि यशवंत पटेल एवं प्रभारी राजस्व निरीक्षक संजय परसाई उपस्थित रहे ।



### नागरिक को रही थी परेशानी

विकास का रुके हुए थे वही नागरिकों को भी आवश्यक कार्य में परेशानी हो रही थी सीएमओ साहब से नागरिकों को बहुत उम्मीद है की समय पर कार्य होंगे कर्मचारियों को वेतन मिलेगा, साथ ही अन्य लोगों के भुगतान भी होंगे जिन्होंने क्रेडिट पर नगर परिषद के कार्य किए हे।

# बोवनी खराब होने पर मिलती है, फसल बीमा राशि, किसानों को यह करना होगा

### हरदा, नर्मदापुरम व बैतूल जिले में सोयाबीन फसल का ऋणमान 37500 रुपए. प्रति हेक्टेयर है। किसानों को 9400 रुपए प्रति हेक्टेयर बीमा क्लेम राशि मिल सकती है

**इटारसी, देशबन्धु।** वर्तमान खरीफ सत्र में बहुत से किसानों की सोयाबीन या अन्य खरीफ फसल बीज खराब होने या वर्षा कम या अधिक होने के कारणों से बोवनी खराब होती है, तो ऐसे किसान प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत फसल बीमा राशि प्राप्त करने के अधिकारी होते हैं।
एडवोकेट दिनेश यादव ने बताया कि जिन किसानों की खरीफ फसल की बोवनी खराब हुई है, ऐसे किसानों को फसल बीमित राशि की 25 प्रतिशत राशि योजना अनुसार दी जानी चाहिए, इसमें शर्त यही है कि जिन बैंकों में किसानों का केसीसी खाता है, उन बैंकों द्वारा किसानों के कृषि ऋण से बीमा प्रीमियम राशि जमा किया जाना आवश्यक है। यदि किसान डिफाल्टर है या उसका केसीसी ऋण नहीं है तो ऐसे किसानों को अऋणी कृषक के रूप में बीमा कराया जाना आवश्यक है। सभी बैंकों द्वारा 15 जुलाई से 30 जुलाई के मध्य किसानों के केसीसी खाते से बीमा प्रीमियम राशि काटकर बीमा कंपनी को भेजी जाना है। किसानों को अपने कृषि भूमि में बोई गई फसल की जानकारी, यदि उन्होंने अपनी फसल बदली है, तो बैंकों को लिखित में दिया जाना जरूरी है, क्योंकि कृषि ऋण लेते समय किसानों का बैंकों के साथ हुए अनुबंध में फसल लिखी होती है, यदि उस फसल से अन्य फसल की बोनी किसान ने की है, तो उसे बैंक को इस संबंध में जानकारी दिया जाना आवश्यक है। .
यदि बाद में कोई नुकसानी होती है तो वह बीमा राशि प्राप्त करने का अधिकारी नहीं होगा। बहुत से किसानों की खरीफ फसल बोनी बीज खराब होने, दवाई के कारण और वर्षा के कारण खराब होती है, ऐसे किसानों को बीमा कंपनी, कृषि विभाग, तहसीलदार व बैंक को आवेदन दें। यदि बाद में कोई नुकसानी होती है तो वह बीमा राशि प्राप्त करने का अधिकारी नहीं होगा।

# हितैषी और अनुपम ने बैतूल का नाम किया रोशन

**बैतूल।** शहर के प्रमुख कपड़ा व्यवसायी और शिक्षा विभाग में सहायक जिला शाला निरीक्षक के पद से सेवानिवृत्त प्रेमचंद सुराणा के सुपौत्र एवं सुपौत्री ने शिक्षा जगत में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन किया है। प्रेमचंद सुराना के सुपुत्र पंकज सुराणा के सुपुत्र अनुयय सुराणा ने चार्टड एकाउंटेंट की परीक्षा उत्तीर्ण की है वहीं उनकी बेटी हितैषी सुराणा ने मास्टर ऑफ फैशन मैनेजमेंट की परीक्षा में 90 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। इनकी उपलब्धि पर सीए विजय माथनकर, डॉ.एसआर पाटनकर, प्रेमशंकर मालवीय, अरविंद मालवीय, प्रदीप मालवीय, बीआर राने, श्याम जोशी, एचपी उरमालिया, गणेश दत्त जोश, अजीत शुक्ला, आरडी अग्रवाल, रामनारायण यादव, आरके सोनी सहित इष्ट मित्रों और परिजनों ने बधाई दी है। गौरतलब है कि प्रेमचंद सुराना के सुपुत्र पंकज सुराणा के सुपुत्र अनुयय सुराणा ने चार्टड एकाउंटेंट की परीक्षा उत्तीर्ण की है

### शोभापुर में घरों में पानी भरने की समस्या को लेकर देशबन्धु समाचार पत्र में प्रमुखता से खबर प्रकाशित की थी

# हमेशा पानी भरने से जूझते रहे रहवासी, अब दूर हुई बरसों पुरानी दिक्कत, मिली राहत

**सोहागपुर, देशबन्धु।** शोभापुर में घरों में पानी भरने की समस्या को लेकर देशबंधु समाचार पत्र में प्रमुखता से खबर प्रकाशित की थी, स्थानीय पत्रकारों ने जिला पंचायत सीईओ को भी जानकारी दी उसके बाद मंगलवार के दिन समस्या का समाधान हो गया । ग्राम पंचायत शोभापुर में वर्षो पूर्व चली आ रही समस्या से छुटकारा मिल गया है। शोभापुर की वसुंधरा कॉलोनी और रामेश्वर कॉलोनी जो कोहानी रोड पर स्थित है वहां बरसात में पुलिया ना होने के कारण पानी भर जाता था इस वर्ष भी पहली ही बरसात में दोनों कॉलोनी में पानी भर गया उसके बाद लोगों में आक्रोश देखा गया । मामला जिला पंचायत सीईओ के संज्ञान में लाया गया उसके बाद उन्होंने जेसीबी भेज कर सड़क को खोदकर पुलिया डलवाई । शोभापुर के सरपंच प्रतिनिधि शैलेंद्र शाह ने भारी बारिश के बीच स्वयं खड़े होकर कार्य करवाया, शैलेंद्र शाह द्वारा सोमवार को पहले साफ सफाई करवा कर पानी निकासी व्यवस्था की गई फिर मंगलवार को जेसीबी के माध्यम से पुलिया डलवाई गई,पुलिया डालने के बाद लोगों में खुशी है और उन्होंने जिला पंचायत सीईओ सहित सरपंच का आभार व्यक्त किया है इस पंचायत में सचिव की मनमानी के कारण कार्य में विलंब होता है । लोगो का कहना है, यहां के सरपंच कांग्रेस के है इसलिए कुछ सत्ता से जुडे लोग विरोध करते हुए अडंगें लगाते है बहरहाल परेशानी का कुछ हद तक अंत हुआ है।



## सुश्री आस्था जैन होगी आठनेर जनपद सीईओ

**आठनेर।** मध्य प्रदेश पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार सुश्री आस्था जैन आठनेर की मुख्य कार्यपालन अधिकारी होगी इसके पूर्व भैसदेही के सीईओ देवेंद्र दीक्षित आठनेर के प्रभारी सीईओ के रूप में कार्य कर रहे थे उन्हें भैसदेही के अलावा आठनेर जनपद पंचायत की अतिरिक्त जिम्मेदारी भी दी गई थी तथा अस्थाई रूप से आठनेर सीईओ का पद भी संभाल रहे थे लेकिन अब आठनेर को सुश्री आस्था जैन के रूप में दो वर्ष की परिवीक्षा अवधि के लिए मुख्य कार्यपालन अधिकारी नियुक्त किया गया है अतः वे आठनेर की स्थाई सीईओ होगी।

# नर्मदा नियरे

## सार-समाचार

### राज्यसभा सांसद की निधि से 2 निर्माण कार्य के लिए राशि स्वीकृत

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** राज्यसभा सांसद श्रीमती माया नारोलिया की राज्यसभा सांसद निधि से नर्मदा पुरम जिले में दो निर्माण कार्य के लिए 7 लाख 97 हजार 430 रुपए की स्वीकृति राशि जारी की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार राज्यसभा सांसद निधि से विकासखंड सिवनी मालवा में रेवांचल जाट समाज कल्याण समिति दक्षिण तट आवंली घाट के सार्वजनिक मांगलिक भवन के दूसरी मंजिल की छत निर्माण हेतु 10 लाख रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई है, जिसमें सांसद निधि से 7 लाख रुपए की प्रथम किस्त जारी कर दी गई है। इसी क्रम में वार्ड क्रमांक 15 शिवाजी नगर हाउसिंग बोर्ड नर्मदा पुरम में सार्वजनिक कवर्ड बैठक स्थल निर्माण कार्य के लिए 97 हजार 430 रुपए की स्वीकृत राशि जारी की गई है। छत निर्माण की निर्माण कार्य एजेंसी सरपंच ग्राम पंचायत ग्वाड़ी एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सिवनी मालवा है। वही कवर्ड बैठक निर्माण की निर्माण कार्य एजेंसी मुख्य नगर पालिका अधिकारी नर्मदापुरम है।

### पिछले 24 घंटों में जिले में 28.8 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई

**हरदा, देशबन्धु।** जिले में गत चौबीस घंटों में 28.8 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया गत चौबीस घंटे में हरदा तहसील में 21.6 मि.मी., टिमरनी में 55.8 मि.मी., खिरकिया में 22.4 मि.मी., सिराली में 15.4 मि.मी. तथा रहटगांव में 29 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई। इस वर्ष अब तक जिले में 345.2 मि.मी. औसत वर्षा हो चुकी है। इस वर्ष अब तक हरदा तहसील में 280.9 मि.मी., टिमरनी में 462.6 मि.मी., खिरकिया में 408.6 मि.मी., सिराली में 318.4 तथा रहटगांव में 255.9 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि गत वर्ष की 9 जुलाई तक 172.5 मि.मी. औसत वर्षा हो चुकी थी।

### शिव संकल्प साहित्य परिषद ने किया पत्रकार प्रमोद शर्मा को सम्मानित



**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** नगर की प्रतिष्ठित धार्मिक, साहित्यिक संस्था शिव संकल्प साहित्य परिषद द्वारा गुरुपूर्णिमा की पूर्व संध्या पर पत्रकार और साहित्यकार प्रमोद शर्मा का सम्मान किया। संस्था ने उन्हें काव्य दीप की उपाधि प्रदान की। यह सम्मान संस्था के गिरिमोहन गुरु, आचार्य अजय दुबे, प भालचंद्र खड्डुर ने प्रदान किया। ज्ञात रहे कि संस्था ने उन्हें उक्त सम्मान उनकी प्रथम कृति उ? गए दिवस पखेरू की हिंदी साहित्य अकादमी की प्रथम कृति अनुदान योजना में शामिल होने के लिए दिया। ज्ञात रहे कि उनकी यह कृति प्रकाशन की प्रक्रिया में है। शीघ्र ही यह कृति पाठकों के हाथों में होगी। उनका सम्मान होने पर शुभचिंतकों ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए संस्था के प्रति आभार व्यक्त किया।

### नपाध्यक्ष ने हाउसिंग बोर्ड में किया पौधारोपण, दिलाया हरियाली संकल्प

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** नगरपालिका अध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव द्वारा बुधवार को हाउसिंग बोर्ड कालोनी स्थित मंगलभवन परिसर में एक पेड मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर वार्ड पार्षद निर्मला हंस राय, उपयंत्री रीना गुप्ता, सिटी मैनेजर दिव्या मिश्रा, गौरव वर्मा आदि उपस्थित थे। नपाध्यक्ष श्रीमती यादव ने कहा कि बारिश के मौसम में अधिक से अधिक पौधरोपण करना चाहिए और उनकी देखभाल भी करना चाहिए। बारिश के पानी से पौधे जल्दी पनपते हैं।

## कलेक्टर ने सुल्तानपुर, जिनवानिया, खुदिया, पीपल्या खुदिया का किया भ्रमण, अधीनस्थों को दिए जरूरी दिशा निर्देश

# 250 ग्राम से ज्यादा सैम्पल न लें, वीडियो बनाएं, विवाद से परे काम हो

**हरदा देशबन्धु।**, कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने बुधवार को जिले के ग्रामीण क्षेत्र सुल्तानपुर, जिनवानिया, खुदिया व पीपल्याखुदिया का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होने वहां स्थित वेयर हाउस, स्कूल, उचित मूल्य की दुकान, उप स्वास्थ्य केन्द्र व छात्रावास का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाएं देखीं। इस दौरान जिला शिक्षा अधिकारी डी.एस. रघुवंशी, जिला परियोजना समन्वयक बलवन्त पटेल, एसडीएम अशोक डेहरिया, जिला पंचायत के अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रवीण इवने सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।



**किसी भी ट्रॉली या किसान से ढाई सौ ग्राम से अधिक सैम्पल न लें:** कलेक्टर जैन ने ग्राम सुल्तानपुर में वेयर हाउस का निरीक्षण किया। उन्होने अधिकारियों को निर्देश दिये कि किसी भी ट्राली या किसान से ढाई सौ ग्राम से अधिक सैम्पल न लें। किसान का मोबाइल नम्बर एवं नाम लिखें तथा एक छोटा सा वीडियो बनाएं ताकि विवाद की स्थिति निर्मित न हों। उन्होने उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिये कि मूंग को बारिश से बचाव के लिये आवश्यक व्यवस्थाएं की जाए। इस दौरान उन्होने मूंग सेम्पलिंग व नमी मापने की प्रक्रिया का भी अवलोकन किया।

अव्यवस्था पाये जाने पर प्रभारी प्राचार्य का 10 दिन का वेतन काटने के निर्देश दिये

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री जैन ने ग्राम जिनवानिया व खुदिया में हाई स्कूल का निरीक्षण किया। उन्होने इस दौरान उपस्थित शिक्षकों से रिजल्ट की जानकारी ली। ग्राम खुदिया में स्कूल के निरीक्षण के दौरान स्कूल में अव्यवस्था पाये जाने पर प्रभारी प्राचार्य सुखराम माणिक का नो वर्क नो पे के आधार पर 10 दिन का वेतन काटने के निर्देश जिला शिक्षा अधिकारी को दिये। उन्होने शिक्षकों को निर्देशित किया कि जिन विषयों में परीक्षा परिणाम कम रहा, उन विषयों में बेहतर परीक्षा परिणाम लाने के लिये प्रयास करें। उन्होने शिक्षकों को स्मार्ट क्लास के माध्यम से बच्चों की अतिरिक्त कक्षाएं लगाने के निर्देश भी दिये। उन्होने निर्देशित किया कि अध्यापन कार्य में लापरवाही बरतने वाले अतिथि शिक्षकों पर भी कार्यवाही की जाए। उन्होने अधिकारियों को निर्देशित किया कि स्कूलों में विद्यार्थियों की शत प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित की जाए। कलेक्टर श्री जैन ने ग्राम खुदिया के हाई स्कूल में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत पौधरोपण किया।

**ग्राम जिनवानिया व पीपल्या खुदिया में उप स्वास्थ्य केन्द्र का किया निरीक्षण:** कलेक्टर जैन ने ग्राम जिनवानिया व पीपल्या खुदिया में उपस्वास्थ केन्द्रों का निरीक्षण किया। उन्होने इस दौरान उपस्थित कर्मचारियों से वहां होने वाली स्वास्थ जांचों के संबंध जानकारी ली। उन्होने उपस्थित सीएचओ व ए.एन.एम से टेली कंसल्टिंग के संबंध में भी जानकारी ली। उन्होने निर्देशित किया कि कोई भी गर्भवती महिला स्वास्थ्य सेवाओं से वंचित न रहें। सभी की समय पर जांच सुनिश्चित की जाए तथा अनमोल पोर्टल पर सभी की एंट्री की जाए। इस दौरान उन्होने अनमोल पोर्टल पर एंट्री की स्थिति की समीक्षा भी की।

### ग्राम खुदिया में उचित मूल्य की दुकान संचालक को नोटिस जारी करने के निर्देश दिये

कलेक्टर ने ग्राम खुदिया में उचित मूल्य की दुकान का निरीक्षण किया। इस दौरान ग्रामीणों ने बताया कि उन्हें तीन माह से राशन प्राप्त नहीं हो रहा है। इस पर कलेक्टर श्री जैन ने आपूर्ति अधिकारी को दुकान संचालक को कार्य में सुधार लाने के लिये एक माह का नोटिस देने के निर्देश दिये। उन्होने निर्देशित किया कि प्रतिदिन दुकान खोली जाए तथा हितग्राहियों के ई-केवायसी की प्रक्रिया पूर्ण की जाए। उन्होने निर्देशित किया कि सभी हितग्राहियों को समय पर राशन उपलब्ध हो, यह सुनिश्चित किया जाए।

कलेक्टर श्री जैन ने ग्राम पीपल्या खुदिया में आदिम जाति कल्याण विभाग द्वारा संचालित शासकीय सिनियर आदिवासी बालक छात्रावास का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होने विद्यार्थियों को मिलने वाले भोजन व अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी ली।

# बारिश से मिट्‌टी का कटाव खतरनाक खाली मकानों पर नजर, करा रहे मुनादी

### विभागीय अधिकारियों संग पहुंचीं नपाध्यक्ष



**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** जल संसाधन विभाग के अधिकारी और नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव द्वारा आज क्षतिग्रस्त विवेकानंद घाट का निरीक्षण किया गया। नपाध्यक्ष श्रीमती यादव ने नगरपालिका टीम को निर्देश दिए कि यहां पुख्ता सुरक्षा के इंतजाम किए जाएं। जिससे किसी प्रकार की जनहानि न हो। क्षतिग्रस्त घाट के पास आवास में रह रहे नागरिकों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने की व्यवस्था करें। किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दास्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले, उपयंत्री आयुषी रिछारिया सहित जल संसाधन विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

नपाध्यक्ष श्रीमती यादव ने बताया कि निरीक्षण के दौरान पाया गया कि भारी बारिश के कारण आवासीय क्षेत्र की मिट्टी का कटाव हो गया है जिससे भू स्खलन की स्थिति बनी है। उक्त स्थल के समीप निवासरत आवासीय मकानों को खाली करने के नोटिस जारी किए गए हैं। वहां नागरिकों की आवाजाही प्रतिबंधित कर मुनादी कराई जा रही है। हमने वहां के रहवासियों से संवाद कर समझाइश दी गई है। दीर्घकालीन समाधान हेतु तकनीकी विशेषज्ञ से स्थान परीक्षण कराकर समाधान कराया जाएगा।

नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव ने वहां के रहवासियों से आग्रह किया है कि क्षतिग्रस्त क्षेत्र के समीप रहने वाले सभी नागरिक सुरक्षित स्थान पर चले जाएं, या फिर रैन बसेरों में आपके लिए व्यवस्था की गई है। मौसम विभाग ने भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई। सावधान रहें सतर्क रहें। किसी भी प्रकार का जोखिम न उठाएं।

## दामिनी मोबाइल ऐप पर वज्रपात को लेकर दी जा रही चेतावनी

# बारिश से बचने पेड़ों का सहारा ले रहे हैं तो हो जाएं सावधान

**नर्मदापुरम/ हरदा, देशबन्धु।** दामिनी मोबाइल ऐप पर वज्रपात एवं आकाशीय बिजली की चेतावनी प्राप्त होने की स्थिति में बरती जाए सावधानियां यह बहुत जरूरी है।

खेतों में कार्य करने वाले किसानों को तत्काल सुरक्षित स्थलों में जाने की सलाह दी जाए साथ ही यह भी बताया जाए की बारिश से बचाव के लिए पेड़ों के नीचे समूह में खड़े ना हो। अपने पास किसी भी प्रकार के धातु की वस्तु ना रखें तथा ट्रैक्टर आदि धातु से बने खुले वाहनों से दूर रहें। जल अथवा जाली क्षेत्र में ना जाएं तथा जल के संपर्क में आने वाले कोई भी कार्य चेतावनी अवधि तक स्थगित रखें जाएं जैसे कि धान रोपाई का कार्य आदि। वज्रपात या आकाशीय बिजली के गिरने की चेतावनी प्राप्त होने पर जिला तथा तहसील स्तरीय आईआरटी टीम को तत्काल क्रियाशील किया जाए।

### चित्रकला से समझा रहे

स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जिले के शैक्षणिक संस्थानों में आकाशीय बिजली तूफान धूल भरी आंधी आदि प्राकृतिक आपदाओं से बचाव की जानकारी पोस्टर, दीवार लेखन, चित्रकला अथवा अन्य माध्यम से देने की व्यवस्था की जाए साथ ही संस्थाओं के भवनों में आवश्यकता अनुसार तड़ित संचालक लगाने की व्यवस्था भी की जाए। प्राथमिक उपचार बॉक्स की पर्याप्त संख्या तथा विद्यालय में इसकी उचित स्थान पर उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। गंभीर रूप से घायलों को अस्पताल पहुंचाने के लिए वाहन की व्यवस्था भी करें।

आपदाओं से बचाव के लिए विद्यालय स्तर की आपदा प्रबंधन योजना तैयार की जाए। शासकीय अस्पतालों में आकाशीय बिजली तूफान आदि प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित लोगों के तत्काल परिवहन एवं उपचार के लिए विशिष्ट कार्य योजना तैयार की जाए। पर्याप्त संख्या में मेडिकल स्टाफ एंबुलेंस तथा अन्य मेडिकल सुविधाएं पूर्व नियोजित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। पंचायत भवनों ग्रामीण विद्यालयों धार्मिक स्थलों एवं अन्य सार्वजनिक स्थलों में आकाशीय बिजली वज्रपात से बचाव जैसी सावधानियां से संबंधित जन जागृति कार्यक्रमों का आयोजन तथा दीवार लेखन पोस्टर आदि माध्यमों

### केसरीनंदन दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में सम्मान समारोह आयोजित



**हरदा, देशबन्धु।** सर्व संत एवं पुजारी ब्राह्मण महासंघ एवं केसरीनंदन दक्षिणमुखी बालाजी हनुमान मंदिर समिति के तत्वावधान में गुरुपूर्णिमा के उपलक्ष्य में मंगलवार को गुरु पूजन एवं संगीतमय हनुमान चालीसा का पाठ किया गया।इस दौरान सर्व संत एवं पुजारी ब्राह्मण महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष पंडित लक्ष्मणाचार्य एवं सर्व ब्राह्मण समाज संगठन द्वारा गुरु पूजन कर सम्मान किया गया।इस दौरान पंडित हरिओम जोशी,आचार्य पंडित ओमप्रकाश पुरोहित,पंडित सुशील जोशी,पंडित बलराम जोशी,पंडित ललितकिशोर दाधीच,पंडित मुरलीधर व्यास,पंडित सुरेश भार्गव,पंडित राहुल बैरागी सहित शिक्षा क्षेत्र में सेवा देने वाले शिक्षक प्रकाश चंद्र वशिष्ठ, बीपी तिवारी, डॉ एलएन पाराशर,अनूप शर्मा, गोहिया सर का सम्मान किया गया।सर्व ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष सुनील तिवारी ने सभी गुरुओं को स्मृति चिन्ह भेंट किया।स्वागत उद्बोधन पंडित लक्ष्मणाचार्य ने दिया।इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### अवैध शराब बेचने वालों पर कसा शिकंजा, 8 प्रकरण दर्ज

**हरदा , देशबन्धु।** कलेक्टर सिद्धार्थ जैन के निर्देशन में आबकारी विभाग के दल ने मंगलवार को मदिरा के अवैध विनिर्माण, विक्रय, संग्रहण व परिवहन के विरूद्ध कार्यवाही की। जिला आबकारी अधिकारी ने बताया कि आबकारी विभाग के दल ने हरदा के खे?ीपुरा मोहल्ला, ग्राम कमता?ा, मसनगांव, धूपकरण, रहटाकलां, बिचपुरी सर्कुलर व सांवलखे?ा में दबिश दी। दबिश के दौरान 29 लीटर हाथ भट्टी कच्ची महुआ शराब एवं 410 किलो महुआ लाहन जप्त कर कुल 8 प्रकरण दर्ज किये। जप्त मुद्देमाल का अनुमानित बाजार मूल्य 46800 रुपये है।

### दिन भर चला स्वच्छता अभियान, चकाचक हो गई रसूलिया रोड



**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं मुख्य नगपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले के निर्देश पर नगर में स्वच्छता अभियान तीव्रगति से चलाया जा रहा है। बुधवार को बारिश बंद होने के बाद रसूलिया रोड पर स्वच्छता अभियान चलाया गया।

स्वच्छता निरीक्षक अनुराग तिवारी ने बताया कि तीन किमी लंबी रसूलिया रोड पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान भारी मात्रा में रेत और स?क पर पड़ी गिट्टी हटाई गई। नगरपालिका के स्वच्छता दूतों की मदद से समूची स?क पर झा?ू लगाई गई। साथ ही कचरे को एकत्रित कर ट्रेंचिंग ग्राउंड पहुंचाया गया। नगर में स्वच्छता अभियान लगातार जारी रहेगा।


**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं सचिन साहू आयु वयस्क वल्द धनीराम साहू निवासी गौतमवार्ड सोहागपुर जिला नर्मदापुरम म.प्र. का शपथपूर्वक निम्न कथन करता हूं कि मेरे पुत्र का जन्म दिनांक 10.06.2018 को जिला चिकित्सालय नर्मदापुरम में हुआ था जिसके जन्म प्रमाण पत्र में भूलवश **रेयांश साहू** दर्ज हो गया था जो कि गलत नाम है। मैं अपने पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र में पुत्र का नाम रेयांश को संशोधित कराकर **लीयांश साहू** दर्ज कराकर डिजिटल जन्म प्रमाण पत्र प्राप्त करना चाहता हूं। मैं अपने सत्य कथनों की पुष्टि में निष्पादित कर श्रीमान जिला चिकित्सालय अधिकारी नर्मदापुरम के समक्ष पेश कर रहा हूं, जो कि सत्य व सही है।

**शपथकर्ता के हस्ताक्षर**



**कार्यालय - बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति ईशरपुर**

क्रमांक : / विशेष आमसभा / 2025 / क्यू
समिति रजि.क्र : 2576

**विशेष आमसभा की सूचना**

संस्था के सभी अंशधारी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि संस्था बी पैक्स ईशरपुर का पुनर्गठन करने का निर्णय प्रशासक कमेटी की बैठक में लिया गया है। नवीन बी पैक्स संस्था का मुख्यालय ग्राम पोड़ी में प्रस्तावित किया गया है।

पुनर्गठन के संबंध में संस्था की विशेष आमसभा दिनांक **29.07.2025,** दिन मंगलवार को समय 11.00 बजे से संस्था मुख्यालय ईशरपुर पर आयोजित की गई है, जिसमें आपकी उपस्थिति सादर प्रार्थनीय है।

**प्रशासक / समिति प्रबंधक**
**बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि शाखा सहकारी समिति मर्यादित ईशरपुर, शाखा बनखेड़ी**


## मुख्यमंत्री डॉ. यादव की पर्यावरण और जल संरक्षण अवधारणा पर अमल

# हरियाली की चादर ओढ़ेंगे मां नर्मदा परिक्रमा पथ के आश्रय स्थल

**हरदा, देशबन्धु।**, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जल, प्रकृति, पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन के लिए पूरे देश में चलाए जा रहे एक पेड़ मां के नाम 2.0 अभियान को प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मिशन के रूप में चला रही है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश सरकार प्रकृति, पर्यावरण और जल संरक्षण एवं संवर्धन के लिए प्रदेश के 16 जिलों में मां नर्मदा परिक्रमा पथ के आश्रय स्थलों की भूमि पर पौधरोपण करेगी। मनरेगा परिषद ने इसके लिये तैयारी भी शुरू कर दी है। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग ने पौधरोपण के संबंध में निर्देश भी जारी किए हैं।

### 233 स्थानों की लगभग 1000 एकड़ भूमि पर किया जाएगा पौधरोपण

मां नर्मदा परिक्रमा पथ पर स्थित आश्रय स्थलों के लगभग 233 स्थानों की लगभग 1000 एकड़ भूमि पर 43 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से लगभग 7.50 लाख पौधों का रोपण किया जाएगा। पौधरोपण का कार्य 15 जुलाई से शुरू होगा जो 15 अगस्त तक चलेगा। इन क्षेत्रों में पौध-रोपण के लिए बकायदा अभियान चलाया जाएगा।

### 16 जिलों में मां नर्मदा आश्रय स्थलों पर होगा पौधरोपण

माँ नर्मदा आश्रय स्थलों पर जिन जिलों में पौधरोपण किया जाएगा, उन 16 जिलों में अनूपपुर, डिंडोरी, मण्डला, जबलपुर, नरसिंहपुर, सिवनी, बड़वानी, अलीराजपुर, धार, नर्मदापुरम, रायसेन, सीहोर, हरदा, देवास, खंडवा एवं खरगोन शामिल हैं।

### ड्रोन-सैटेलाइट इमेज से की जाएगी निगरानी



माँ नर्मदा परिक्रमा पथ के आश्रय स्थलों की भूमि पर पौधरोपण का कार्य सही ढंग से हो रहा है या नहीं पौधे कहाँ पर लगे हैं या नहीं। मनरेगा परिषद द्वारा संपूर्ण पौधरोपण कार्य की ड्रोन सैटेलाइट इमेज से बकायदा निगरानी भी की जाएगी। आश्रय स्थलों पर भूमि की उपलब्धता के अनुसार दो श्रेणियों में पौधरोपण का कार्य किया जाएगा। प्रदेश में 136 ऐसे स्थान हैं जहां पर 2 एकड़ से अधिक भूमि है, वहाँ पर 2.15 लाख पौधे लगाए जाएंगे। इसी तरह 97 ऐसे स्थान हैं जहां पर 1 एकड़ से अधिक और 2 एकड़ से कम भूमि है वहां पर 5.50 लाख पौधों का रोपण किया जाएगा।

### पौधारोपण की खासियत

पौधरोपण के आश्रय स्थलों का चयन सिपरी सॉफ्टवेयर से किया जाएगा। साथ ही यदि सिपरी सॉफ्टवेयर पौधरोपण के लिए जगह को उपयुक्त नहीं बताता है तो उस स्थान पर पौधरोपण नहीं किया जाएगा। सॉफ्टवेयर से यह भी देखा जाएगा कि जिस जगह पर पौधरोपण किया जा रहा है उस जगह पर पानी का स्थायी स्त्रोत हो। ऐसे स्थल जहां पर 2 एकड़ या अधिक भूमि उपलब्ध है, वहां पर सामान्य पद्धति से पौधरोपण का कार्य किया जाएगा तथा 2 एकड़ से कम एवं 1 एकड़ से अधिक भूमि उपलब्ध है वहां मियावाकी पद्धति से पौधरोपण किया जाएगा। माँ नर्मदा परिक्रमा पथ के आश्रय स्थलों की भूमि पर पौधरोपण का कार्य शुरू होने से पहले गड्ढे की खुदाई, तार की फेंसिंग, सिपरी सॉफ्टवेयर द्वारा प्रस्तावित भूमि का स्थल निरीक्षण, भौतिक सत्यापन, तकनीकी व प्रशासकीय स्वीकृति जैसे कार्य पूरे कर लिए जाएंगे तथा 15 जुलाई से पौधरोपण का कार्य शुरू होगा।


**जाहिर सूचना**

दिनांकः- 06.07.2025

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, श्रीमती माया सकतपुरिया पति राजेन्द्र कुमार सकतपुरिया निवासीः- लाला लाजपतराय वार्ड नंबर 17, शिक्षक कॉलोनी, हरदा म. प्र. की मालिकी एवं कब्जे का मकान जो कि लाला लाजपतराय वार्ड नंबर 17, सर्वे नंबर 147/41, पटवारी हल्का नंबर 10, शिक्षक कॉलोनी, पर स्थित है। उक्त संपत्ति का कुल क्षेत्रफल 1500 वर्गफीट है। उक्त संपत्ति श्रीमती माया सकतपुरिया ने रजि. विक्रय पत्र नंबर MP47IGR17422024A100012977 दिनांक 18.10.2024 के द्वारा क्रय कि थी। उक्त संपत्ति से संबंधित असल विक्रय पत्र क्र. 1-A/2747/2011 dated 07.03.2011 जो कि श्री उमेश कुमार द्वारा श्रीमती रंजना जैसनी के हित में निष्पादित हुई है। उक्त असल दस्तावेज कही गुम हो गया है तथा बहुत खोजने पर भी नही मिल पा रहा है। उपरोक्त संपत्ति पर हमारे पक्षकार Manappuram Home Finance Ltd. (MHFL) के द्वारा लोन देना प्रस्तावित है। उक्त प्रस्तावित लोन के संबंध में किसी भी व्यक्ति, संस्था अथवा बैंक आदि को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के 7 दिन में मय दस्तावेजो के प्रस्तुत करें अन्यथा बाद में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ती मान्य नही होगी तथा संबंध ऋणी को ऋण प्रदान कर दिया जायेगा।

**भवदीय,**
**मोहम्मद अलताफ खान**
**मो. 97550-97878**



Presiding Officer: श्रीमति श्वेता गौतम
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)
(RCS A/0000056/2024)

नकूल.............................................................वादी
Vs
अनिता व अन्य.....................................................प्रतिवादी

Process Id-1634/2025
**पेशी दिनांकः- 06/08/2025**

प्रेषिती
(1) श्रीमति अनिता पति स्वर्गीय परसराम उबनारे मेहरा पता-इंदिरा कालोनी बुदनी तहसील व जिला सिहोर मध्यप्रदेश (2) कृष्ण कुमार पित्ता स्वर्गीय परसराम उबनारे पता- इंदिरा कालोनी बुदनी तहसील व जिला सिहोर मध्यप्रदेश (3) कपिल कुमार पिता स्वर्गीय परसराम उबनारे पता- इंदिरा कालोनी बुदनी तहसील व जिला सिहोर मध्यप्रदेश

यह कि प्रार्थी नकूल ने आपके विरुद्ध धारा 34 विनिर्दिष्ट अनुतोष अधिनियम के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात हाजिर होने के लये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मृजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें । यह आज तारीख 21 May 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया।

सील

**श्रीमती श्वेता गौतम, न्यायाधीश**
**तृतीय व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खंड मुलताई जिला बैतूल**

**कृपया ध्यान दें:**-यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जावेगा।

देशबन्धु

नर्मदापुरम, गुरुवार 10 जुलाई 2025

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन



# बिहार ने दिखाया जिंदा कौमें पांच साल इंतजार नहीं करतीं

जब सड़कें सूनी हों तो संसद आवारा हो जाती है, राममनोहर लोहिया की ये बात इस समय बिहार के हालात में बार-बार उठ रही है। बुधवार, 9 जुलाई को बिहार की सड़कों पर जनसैलाब उमड़ा था और इससे संकेत मिले कि अब संसद को न आवारा रहने दिया जाएगा, न बेलगाम। राम मनोहर लोहिया ने ये भी कहा था कि जिंदा कौमें पांच साल इंतजार नहीं करती। इस बात के गहरे मायने हैं, जो लोकतंत्र में लोगों को न केवल उनके अधिकारों और कर्तव्यों की याद दिलाते हैं, बल्कि ये भी समझाते हैं कि एक बार वोट डालने से ही लोगों की लोकतंत्र के प्रति जिम्मेदारी पूरी नहीं हो जातीं, उन्हें उन लोगों पर लगातार नजर भी रखनी पड़ती है जिन्हें लोकतंत्र में शासन की बागडोर सौंपी गई है। अगर सत्ता पर बैठे लोग अपने कर्तव्यपथ से विचलित दिखें तो फिर जनता को अपने जिंदा होने का सबूत देने के लिए आगे आना चाहिए। वर्ना लोकतंत्र का जनाजा निकलने में देर नहीं होगी। बिहार में बुधवार को लोगों ने अपने जिंदा होने का ही सबूत दिया और विपक्ष ने बड़े सलीके से उनका नेतृत्व किया।

यह अद्भुत दृश्य था कि बिहार चुनाव से पहले लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव एक साथ सड़क पर उतरे और ऐलान किया कि इस बार लोकतंत्र को कुचलने और चुनाव में चोरी के मौके देने की लापरवाही नहीं बरती जाएगी। गौरतलब है कि अभी बिहार में चुनाव की तारीखें घोषित नहीं हुई हैं, न ही विपक्षी गठबंधन के बीच सीटों का बंटवारा हुआ है। हालांकि राहुल गांधी जनवरी से लगातार बिहार के अलग-अलग हिस्सों में दौरे कर रहे हैं, लेकिन ये पहली बार है कि राहुल गांधी किसी विरोध प्रदर्शन का हिस्सा बनने बिहार पहुंचे।

पिछले महीने जून की शुरुआत में ही राहुल गांधी का एक लेख देश भर के अखबारों में छपा था, जिसमें उन्होंने महाराष्ट्र में चुनाव की चोरी कैसे हुई, इस पर अपने विचार रखे थे और बिहार को लेकर आगाह किया था। अब बिहार में राहुल गांधी ने फिर उसी बात को दोहराया है। बुधवार के चक्काजाम में राहुल गांधी ने कहा कि महाराष्ट्र, हरियाणा चुनाव में वोट की लूट हुई। चुनाव में गरीब और दलित के वोट काटे गए। जब हमने चुनाव आयोग से कहा कि आप हमें वोटर लिस्ट दीजिए, वीडियोग्राफी दीजिए तो चुनाव आयोग ने इस पर एक शब्द नहीं कहा। हमें आज तक महाराष्ट्र की वोटर लिस्ट नहीं मिली और वीडियोग्राफी का कानून बदल दिया गया। ये सब इसलिए किया गया, क्योंकि ये सच्चाई छिपाना चाहते हैं। हम बिहार आए हैं, यहां लोग संविधान के लिए शहीद हुए। हमारे संविधान में लिखा है कि हिंदुस्तान के हर नागरिक को वोट देने का अधिकार है। मैं हिंदुस्तान और बिहार की जनता को बताना चाहता हूं कि जैसे महाराष्ट्र का चुनाव चोरी किया गया था, उसी तरह बिहार का चुनाव भी चोरी करने की कोशिश की जा रही है। उन्हें पता चल गया है कि हमें महाराष्ट्र मॉडल समझ आ गया है, इसलिए अब वे बिहार मॉडल लेकर आए हैं। मैं आपको साफ बताना चाहता हूं कि यह गरीबों का वोट छीनने का तरीका है, लेकिन इनको पता नहीं है कि ये बिहार है और बिहार की जनता ऐसा कभी नहीं होने देगी।

पाठक जानते हैं कि बिहार में इस साल के अंत में होने वाले विधानसभा चुनाव के मद्देनजर चुनाव आयोग मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण अभियान चला रहा है, जिसका विपक्षी दल विरोध कर रहे हैं। इंडिया गठबंधन ने आरोप लगाया है कि निर्वाचन आयोग जिन 11 दस्तावेज की मांग कर रहा है, वे दस्तावेज राज्य के गरीब तबकों के पास अमूमन नहीं हैं और आशंका है कि इन्हें उपलब्ध न कराने पर करोड़ों नाम मतदाता सूची से हटाए जा सकते हैं। यह कवायद संविधान विरोधी कही जा रही है, क्योंकि भारत का संविधान जाति, धर्म, संपत्ति, लिंग इन सबके भेदभाव से परे होकर नागरिक को मत का अधिकार देता है। नागरिकों के मताधिकार की रक्षा हो, देश में निष्पक्ष चुनाव हों, इन्हीं उद्देश्यों के साथ ही निर्वाचन आयोग का गठन किया गया था। यह आयोग की जिम्मेदारी थी और अब भी है कि वह खुद नागरिकों तक पहुंचकर उन्हें मताधिकार दे, लेकिन बिहार में चुनाव आयोग की मौजूदा कवायद तो लोगों को खुद को नागरिक साबित करने की चुनौती में उलझा रही है। जो अपने आप को नागरिक साबित नहीं कर पाएंगे, उन्हें मतदाता सूची से बाहर कर दिया जाएगा।

हालांकि अब राहुल गांधी ने चुनाव आयोग को आगाह कर दिया है कि वह कानून से परे नहीं है और न ही वह बीजेपी का काम करने के लिए है। चुनाव आयोग का काम संविधान की रक्षा करना है, लेकिन ये अपना काम नहीं कर रहे हैं, ये आरोप राहुल गांधी ने लगाया है। राजनैतिक दलों का चुनाव आयोग से भरोसा उठे, यह स्थिति लोकतंत्र के लिए अच्छी नहीं है। मगर पिछले 11 सालों के चुनाव पैटर्न पर ध्यान दीजिए तो लगभग हर चुनाव से पहले या बाद में चुनाव आयोग के खिलाफ शिकायतें हो रही हैं, अदालतों के दरवाजे खटखटाए जा रहे हैं। मुख्य चुनाव आयुक्तों के बयानों पर सवाल उठ रहे हैं या विवाद खड़े हो रहे हैं। इससे पहले देश का ध्यान इस बात पर नहीं जाता था कि कब चुनाव आयोग प्रेस कॉन्फ्रेंस कर रहा है, कब नए चुनाव आयुक्त की नियुक्ति हो रही है या किसी चुनाव में कब कौन सी बड़ी गड़बड़ी हुई है। लेकिन मोदी सरकार के सत्ता में आते ही ये सारी बातें लगातार सुर्खियां बटोर रही हैं। कभी चुनाव आयुक्त की नियुक्ति की प्रक्रिया पर सवाल उठते हैं, कभी चुनाव आयोग के नियमों में संशोधन पर आपत्ति होती है, कभी विपक्ष शिकायत करता है कि आयोग उसे मिलने का वक्त नहीं देता, उसके सवालों का सही जवाब नहीं देता, कभी चुनाव आयोग विपक्ष पर तंज कसते हुए जवाब देता है, मानो वह निष्पक्ष संस्था नहीं सत्तारूढ़ दल का साथी है। ये सारे लक्षण लोकतंत्र की मजबूती के तो कतई नहीं हैं। कायदे से इन पर चिंता दिखाते हुए इन्हें सुधारने की कोशिश होनी चाहिए थी, लेकिन अब नौबत ऐसी आ गई है कि एक तरफ विपक्ष को चुनाव आयोग के खिलाफ अदालत जाना पड़ा है, दूसरी तरफ सड़क पर उतरना पड़ा है।

# भारत को नीचा दिखाने में लगी अघोषित शक्तियां

**दुनियादारी**

■ सर्वमित्रा सुरजन

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को जिन छिपे उद्देश्यों के साथ इस कुर्सी पर बिठाने की मुहिम 21वीं सदी के शुरुआती दशक में की गई थी, वो सारे उद्देश्य अब लगभग पूरे होते दिख रहे हैं। संवैधानिक मर्यादा, लोकतांत्रिक तकाजे, समानता, सौहार्द्र, भाईचारे के ख्वाब सब तार-तार होते दिख रहे हैं। भारत को नीचा दिखाने की कोशिश में लगी दुष्ट ताकतें यही तो चाहती थीं। देश के भीतर और देश के बाहर दोनों जगह काम कर रही ऐसी शक्तियां चाहती थीं कि भारत अब तक अपने जिन मूल्यों और सिद्धांतों की बुनियाद पर मजबूती से खड़ा हुआ है, उन्हें किसी भी तरह लोगों से दूर किया जाए। इन शक्तियों को सबसे ज्यादा तकलीफ इस बात से ही थी कि 1947 में आजाद हुए भारत ने किस तरह खुद को न केवल अपने पैरों पर खड़ा कर लिया बल्कि दुनिया में बाकी प्रगतिशील देशों की अपेक्षा उसकी धाक भी अलग जमी। नेहरूजी के पंचशील और गुटनिरपेक्षता के सिद्धांत, उससे पहले गांधीजी के सत्य और अहिंसा के नैतिक बल को दुनिया ने पहचाना और सम्मान दिया। हमारे पास बुद्ध, अशोक और अकबर की मिसालें भी रहीं, लेकिन फिर इन महान हस्तियों के बताए रास्ते की अनदेखी और इनके संदेशों को अनसुना करने का नतीजा भारत ने भुगता, एक दो साल नहीं पूरे दो सौ साल की गुलामी में भारत रहा। लेकिन इस गुलामी में ही लोगों ने अपनी गलतियों को समझा और फिर स्वाधीनता आंदोलन के अलग-अलग धड़ों का नेतृत्व कर रहे लोगों की बात सुनी। देश को आजाद कराने के लिए कई तरह की कुर्बानियां दीं। देश आजाद हुआ तो संविधान बनाने में इस बात का खास ख्याल रखा गया कि जिन रूढ़ियों की वजह से भारत का समाज कमजोर होता है, जनता के अधिकारों का हनन होता है, उन्हें दूर किया जाए। इसलिए संविधान में राजनैतिक, आर्थिक, शैक्षणिक, सांस्कृतिक, वैज्ञानिक हर पहलू पर बारीकी से ध्यान देकर व्यवस्थाएं बनाई गईं। खास तौर पर भारत के सामाजिक ढांचे और बहुलतावादी संस्कृति को इस तरह समायोजित किया गया कि किसी भी नागरिक को यह न लगे कि उसके साथ अन्याय हुआ है।

भारत के संविधान को दुनिया के श्रेष्ठ संविधानों में से एक माना जाता है और भारतविरोधी शक्तियां इसी बात से परेशान भी रहीं कि आजादी के बाद भारत निर्माताओं ने ये कितना मजबूत हथियार जनता के हाथ में दे दिया है। अब अगर इस संविधान को खत्म करने या बदलने की बात कही जाती है, तो इसके पीछे असल में भारत को खत्म करने की मंशा होती है। मौजूदा हालात इसी तरफ इशारा भी कर रहे हैं। 2014 में जब पहली बार नरेन्द्र मोदी सत्ता पर बैठे थे तो एकदम से कट्टर हिंदुत्व और उग्र राष्ट्रवाद का शोर तेज हुआ था। जातीय और धार्मिक झगड़ों में दंगे पहले भी होते रहे, लेकिन देश में स्पष्ट विभाजन नहीं दिखाई देता था, जो 2014 के बाद खुलकर दिखने लगा। यह भारतीय समाज पर चोट का एक हिस्सा ही था, लेकिन दूसरा हिस्सा ज्यादा खतरनाक था, जिसमें संवैधानिक संस्थाओं को पंगु बनाने पर काम शुरु हुआ। निर्वाचन आयोग पर भाजपा के लिए काम करने के आरोप लगे, जो अब भी चल ही रहे हैं। प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी और सीबीआई जैसी जांच एजेंसियों की साख खतरे में आई, क्योंकि विपक्ष के नेताओं पर इनकी कार्रवाई तो खूब हुई, लेकिन उन्हें दोषी साबित करने के मामले गिने-चुने ही रहे। जाहिर है विपक्ष को निशाने पर लेने का मकसद सत्ता में बैठे लोगों की मनमानी के मौके बनाना है। वर्ना इन एजेंसियों का काम देश से भ्रष्टाचार को खत्म करना है और हर दिन की घटनाओं को देखें तो समझ आएगा कि भ्रष्टाचार पहले से कई गुना बढ़ चुका है। सौ में से 90 बेईमान, फिर भी मेरा भारत महान, यह संवाद 1997 में आई फिल्म यशवंत में नाना पाटेकर ने कहा था। यह बाद में जुमला ही बन गया और इसे लेकर अक्सर कांग्रेस को घेरा जाता था, क्योंकि तब तक सत्ता पर कांग्रेस ही ज्यादा काबिज रही। फिर बीजेपी सत्ता में आई, लेकिन 2004 से 2014 तक फिर से कांग्रेस सत्ता में रही तो भ्रष्टाचार को देश की सबसे बड़ी समस्या के तौर पर प्रस्तुत करने के लिए अन्ना आंदोलन चलाया गया। आज अन्ना हजारे अपने गांव रालेगण सिद्धि में बैठकर भारत को बर्बाद होते देख रहे हैं और इस समय जिस तरह का भ्रष्टाचार फैला है, उस पर दो शब्द उनके मुंह से नहीं निकलते। इसमें मीडिया भी बड़े भ्रष्टाचारी की तरह ही साथ दे रहा है। किसी संवाद को जुमले की तरह प्रचलित कर उसे सबसे बड़ा सच बनाने की कवायद में सबसे बड़ा हाथ प्रचार तंत्र का ही होता है। सौ में से 90 बेईमान की बात भारत के लोगों के मन में भरने का काम मीडिया के जरिए ही हुआ। लेकिन अब वही मीडिया भ्रष्टाचार के बड़े उदाहरण सामने आने के बाद भी उस पर चर्चा नहीं करता। उसे विपक्ष की खामियों या सांप्रदायिक नफरत फैलाने के लिए खुली छूट दी गई है।

> **भारत के संविधान को दुनिया के श्रेष्ठ संविधानों में से एक माना जाता है और भारतविरोधी शक्तियां इसी बात से परेशान भी रहीं कि आजादी के बाद भारत निर्माताओं ने ये कितना मजबूत हथियार जनता के हाथ में दे दिया है। अब अगर इस संविधान को खत्म करने या बदलने की बात कही जाती है, तो इसके पीछे असल में भारत को खत्म करने की मंशा होती है।**

बुधवार को गुजरात में महिसागर नदी पर बना गंभीरा पुल बीच से टूट गया। आणंद और वडोदरा को जोड़ने वाला यह पुल 40 साल पुराना था। बताया जाता है कि इसकी कई बार मरम्मत हो चुकी है। लेकिन पुल दो हिस्सों में टूटकर जिस तरह लटका हुआ है, वह भ्रष्टाचार की गवाही चीख-चीख कर दे रहा है। इससे पहले इसी गुजरात में मोरबी पुल भी इसी तरह टूटा था। क्या फर्क पड़ता है कि तब कितनी जानें गई थीं और अब कितनी जानें गईं। क्योंकि लाशों की गिनती और मुआवजे की घोषणा के बावजूद भ्रष्टाचार का सिलसिला थमने वाला नहीं है। वर्ना प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के शोक संदेशों के साथ इस्तीफे के संदेश भी आते। लेकिन इन लोगों को सत्ता पर बने रहना है, क्योंकि जिन लोगों की मदद से ये सत्ता पर बैठे हैं, उनके काम इन्हें करते रहना है। कायदे से इनका काम जनता के काम करना है। लेकिन जब ये जनता के काम करते हैं तो इसे सौगात का नाम देते हैं। फलानी परियोजना का उद्घाटन प्रधानमंत्री ने किया, इतने करोड़ की सौगात फलानी जगह को दी, ऐसे ही शीर्षकों से समाचार छपते हैं। जनता को भिखमंगी का एहसास कराया जाता है। लेकिन क्या कभी यह कहते हुए सुना गया कि फलाने उद्योगपति को प्रधानमंत्री ने इतने की सौगात दी, ढिकाने का इतना कर्ज माफ कर उस पर उपकार किया। अरबपति उद्योगपतियों के लिए ऐसी शब्दावली का इस्तेमाल कभी नहीं होगा, क्योंकि सत्ता उनके आगे भिखारियों की तरह हाथ पसारे खड़ी रहती है। सत्ता की सारी हनक आम जनता पर दिखाई देती है, भ्रष्टाचार दूर करने का ज्ञान भी उसी को मिलता है। लेकिन अमीरों से ऐसी बातें कभी नहीं की जाती। व्यापारियों के बड़े-बड़े संगठनों में मंत्री जाते हैं तो वहां से विकास की बड़ी बातें करते हैं, मानो सारा विकास धनपतियों के बूते ही होता है, आम जनता का उसमें कोई योगदान नहीं रहता। सालों साल ऐसी ही बातें सुन-सुन कर जनता भी यही मानने लगी है कि उसके पास तो किसी चीज की शक्ति है ही नहीं। जब जनता में कुंठा बढ़ने लगती है, तो उसका ध्यान भटकाने के लिए सांप्रदायिकता को औजार की तरह इस्तेमाल किया जाता है। कश्मीर फाइल्स, केरला स्टोरीज़, और अब उदयपुर फाइल्स जैसी फिल्में बनाकर लोगों को आधे-अधूरे सच के साथ नफरत की घुट्टी पिलाई जा रही है।

यह सब भारत को बर्बाद करने की मंशा पाले ताकतों का खिलवाड़ है। हम नहीं जानते कि प्रधानमंत्री मोदी को इस बात का अहसास है या नहीं, लेकिन उनके शासन में यह खिलवाड़ खूब बढ़ा है। जबकि वैश्विक स्तर पर भारत कमजोर हुआ है, इसकी बानगी पहले ट्रंप के लगातार भारत विरोधी बयानों में सामने आई है और अब जिस तरह यमन में भारतीय नर्स निमिषा प्रिया को सजा ए मौत देने का ऐलान हुआ है, वह भी दिखा रहा है कि भारत की पकड़ कमजोर हो रही है। बेशक यमन में हूती विद्रोहियों की सत्ता है और भारत के उनसे कूटनीतिक संबंध नहीं हैं, लेकिन अभी अपने सारे कूटनीतिक चैनलों का इस्तेमाल कर भारत को अपने नागरिक की जान की रक्षा करनी होगी। आधी से अधिक दुनिया में घूम चुके और 24 देशों में अपना सम्मान करवा चुके नरेन्द्र मोदी के लिए यह बड़ी परीक्षा है। वैश्विक नेताओं से दोस्ती के दावे श्री मोदी करते रहे हैं, तो अब उन दोस्तियों का सही इस्तेमाल करना चाहिए।

घरेलू और वैदेशिक दोनों मोर्चों पर श्री मोदी अपनी उपयोगिता साबित करें, वर्ना यही सिद्ध होगा कि वे देशहित के लिए दूसरों के छिपे हित साधने के लिए सत्ता पर बिठाए गए हैं।

# भारत को रक्षा व्यय में पर्याप्त वृद्धि करने की आवश्यकता

■ नन्तू बनर्जी

यह विश्वास करना कठिन है कि सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के आधार पर दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था और एक प्रमुख सैन्य शक्ति भारत का रक्षा व्यय जीडीपी के प्रतिशत के रूप में कुवैत और ग्रीस जैसे छोटे-छोटे देशों से भी कम है। दक्षिण एशियाई क्षेत्र में चीन के साथ जटिल भू-राजनीतिक स्थिति के मद्देनजर कहा जा सकता है कि भारत अपनी रक्षा पर पर्याप्त खर्च नहीं कर रहा है, जबकि उसका नंबर 1 दुश्मन चीन लगातार बांग्लादेश, श्रीलंका, मालदीव, पाकिस्तान और नेपाल पर अपने बढ़ते आर्थिक और सैन्य नियंत्रण के साथ भारत को घेर रहा है, जिससे भारत पर चीन का खतरा बढ़ता जा रहा है।

सकल मूल्य के संदर्भ में, भारत का वार्षिक रक्षा बजट प्रभावशाली नहीं है। भारत का रक्षा व्यय चीन के लगभग 267अरब डॉलर के एक तिहाई से भी कम है। अमेरिका 895 अरब डॉलर के बजट के साथ सबसे बड़ा रक्षा खर्च करने वाला देश बना हुआ है। रूस का रक्षा बजट करीब 126 अरब डॉलर का है। भारत का रक्षा बजट केवल 75 अरब डॉलर के आसपास होने का अनुमान है। प्रभावी रूप से, भारत का रक्षा खर्च उसके सकल घरेलू उत्पाद का 1.9 प्रतिशत है। हालांकि चीन का रक्षा खर्च आधिकारिक तौर पर उसकी अर्थव्यवस्था का केवल 1.5 प्रतिशत अनुमानित है, लेकिन ओआरएफ ऑनलाइनडॉटऑर्ग के अनुसार, इसमें हथियार आयात, पीपुल्स आर्म्ड पुलिस के लिए वित्त पोषण और अनुसंधान और विकास जैसे कई महत्वपूर्ण व्यय शामिल नहीं हैं। नतीजतन, चीन का प्रभावी रक्षा व्यय काफी हद तक छिपा हो सकता है, या फिरयह सार्वजनिक रूप से साझा अनुमान से काफी अधिक हो सकता है। अमेरिका और रूस के बाद तीसरी प्रमुख वैश्विक सैन्य शक्ति, कम्युनिस्ट चीन रक्षा क्षेत्र में अपनी तकनीकी क्षमता का तेजी से आधुनिकीकरण कर रहा है क्योंकि यह दुनिया भर में अपनी उपस्थिति का विस्तार कर रहा है, जो केवल अमेरिका से पीछे है। चीनी बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (बीआरआई)एशिया, अफ्रीका, यूरोप, लैटिन अमेरिका और प्रशांत क्षेत्र में फैला हुआ है।

हाल की रिपोर्टों के अनुसार, चीन के पास श्रीलंका, पाकिस्तान, तंजानिया, मॉरीशस, मालदीव और म्यांमार में संभावित आधार है। चीन इन देशों के हिंद महासागर के बिंदुओं पर वाणिज्यिक बंदरगाह या मुक्त व्यापार क्षेत्र विकसित करने में लगा हुआ है। चीन पारंपरिक हथियारों की बिक्री के लिए अंतिम अनुबंधों के साथ इन देशों का समर्थन भी कर रहा है। अमेरिका चिंतित है, और भारत भी चिंतित है। यह चतुर्भुज सुरक्षा वार्ता, या क्वाड के गठन की व्याख्या करता है, जो साझा मूल्यों और कानून के शासन के आधार पर एक स्वतंत्र और खुले अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था पर ध्यान केंद्रित करते हुए, भारत-प्रशांत क्षेत्र में क्षेत्रीय सुरक्षा और सहयोग को बढ़ावा देने के लिए एक रणनीतिक मंच के रूप में कार्य करता है। क्वाड के सदस्य देश हैं: अमेरिका, जापान, ऑस्ट्रेलिया और भारत। दिलचस्प बात यह है कि 10 सदस्यीय शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के रक्षा मंत्रियों की नवीनतम बैठक के बाद, जिसमें चीन, भारत, पाकिस्तान और ईरान शामिल हैं, भारतीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एक मसौदा बयान पर हस्ताक्षर करने से इनकार कर दिया, जिसमें पहलगाम आतंकी हमले का उल्लेख नहीं था। नतीजतन, कोई संयुक्त घोषणा नहीं की गयी।

पाकिस्तान का रक्षा व्यय उसके सकल घरेलू उत्पाद का लगभग 2.2 प्रतिशत है। चालू वित्त वर्ष 2025-26 के लिए, देश का रक्षा बजट शुरू में सकल घरेलू उत्पाद का 1.97 प्रतिशत प्रस्तावित किया गया था। हालांकि, हाल ही में भारत-पाकिस्तान के बीच चार दिवसीय युद्ध के बाद, संकेत मिल रहे हैं कि पाकिस्तान का रक्षा व्यय, जिसमें छिपी हुई लागत, सैन्य पेंशन और कुल सैन्य-संबंधी व्यय शामिल हैं, इस वर्ष उसके सकल घरेलू उत्पाद के चार प्रतिशत से अधिक हो सकता है। हाल के वर्षों में, पाकिस्तान का रक्षा व्यय आम तौर पर सकल घरेलू उत्पाद के लगभग 2.5 प्रतिशत पर रहा है। महत्वपूर्ण युद्ध उपकरणों के भंडार के लिए चीन पर बड़े पैमाने पर आयात पर निर्भर पाकिस्तान दक्षिण और पश्चिम एशियाई दोनों क्षेत्रों में चीन के लिए छद्म युद्ध लड़ने के लिए तैयार दिखाई देता है। पाकिस्तान में चीन का बीआरआई निवेश, मुख्य रूप से चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे (सीपीईसी) के माध्यम से, 62 अरब खर्च होने का अनुमान है। सीपीईसीबीआरआई का एक प्रमुख घटक है, जिसका उद्देश्य दोनों देशों के बीच संपर्क और व्यापार को बढ़ाना है।

27 सदस्यीय यूरोपीय संघ, जो रूस के खिलाफ यूक्रेन के समर्थन में एक छद्म युद्ध लड़ता हुआ प्रतीत होता है, यूक्रेन में रूस की आक्रामकता, सुरक्षा जोखिमों का पुनर्मूल्यांकन, अपनी रक्षा क्षमताओं को आधुनिक बनाने की आवश्यकता और नाटो की रक्षा योजनाओं के साथ बेहतर तालमेल सहित कई कारकों के संयोजन के कारण अपने रक्षा व्यय को अपने सकल घरेलू उत्पाद के पांच प्रतिशत तक बढ़ाने की सोच रहा है। रिपोर्टों के अनुसार, रूस के खिलाफ यूक्रेन के लंबे युद्ध के पीछे यूरोपीय संघ का एक मजबूत और अधिक एकीकृत यूरोपीय रक्षा समर्थन का फैसला है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की नाटो के यूरोपीय भागीदारों को लगातार वित्त पोषण करने में रुचि की कमी के मद्देनजर यह निर्णय महत्वपूर्ण है। सकल घरेलू उत्पाद के पांच प्रतिशत के यूरोपीय संघ के रक्षा व्यय लक्ष्य में व्यापक सुरक्षा क्षेत्रों में निवेश शामिल है, जैसे कि बुनियादी ढांचे का उन्नयन (सड़कें, रेलवे, पुल), साइबर रक्षा, सैन्य गतिशीलता और त्वरित सुदृढ़ीकरण की सुविधा। जीडीपी के प्रतिशत के रूप में दुनिया के शीर्ष सैन्य खर्च करने वालों में शामिल हैं: यूक्रेन (34.5 प्रतिशत), लेबनान (10.5 प्रतिशत), इज़राइल (8.8 प्रतिशत), रूस और सऊदी अरब (7.1 प्रतिशत प्रत्येक), कुवैत (4.8 प्रतिशत), पोलैंड (4.2 प्रतिशत) और अमेरिका (3.4 प्रतिशत)।

> **2025-26 के बजट में जीडीपी के प्रतिशत के रूप में भारत का प्रस्तावित रक्षा खर्च, जो 1.9 प्रतिशत होने का अनुमान है, 2000 के दशक की शुरुआत में बड़े रक्षा पेंशन को छोड़कर, लगभग तीन प्रतिशत के अपने ऐतिहासिक स्तर से पर्याप्त कमी दर्शाता है। जबकि हाल के वर्षों में रक्षा के लिए समग्र बजट आवंटन में वृद्धि हुई है, इस उद्देश्य के लिए आवंटित जीडीपी का प्रतिशत अपेक्षाकृत कम स्तर दो प्रतिशत से नीचे रहा है।**

2025-26 के बजट में जीडीपी के प्रतिशत के रूप में भारत का प्रस्तावित रक्षा खर्च, जो 1.9 प्रतिशत होने का अनुमान है, 2000 के दशक की शुरुआत में बड़े रक्षा पेंशन को छोड़कर, लगभग तीन प्रतिशत के अपने ऐतिहासिक स्तर से पर्याप्त कमी दर्शाता है। जबकि हाल के वर्षों में रक्षा के लिए समग्र बजट आवंटन में वृद्धि हुई है, इस उद्देश्य के लिए आवंटित जीडीपी का प्रतिशत अपेक्षाकृत कम स्तर दो प्रतिशत से नीचे रहा है। यह पिछले दो दशकों में क्षेत्र में बदलते सुरक्षा माहौल के बावजूद है।

हाल ही में, बांग्लादेश ने भी भारत को डुआर्स क्षेत्र में 'चिकन नेक' काटने के लिए संभावित सैन्य कार्रवाई की धमकी दी थी, ताकि भारत के आठ पूर्वोत्तर राज्यों, अर्थात अरुणाचल प्रदेश, असम, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड, सिक्किम और त्रिपुरा के साथ भूमि संपर्क टूट जाये। भारत को इस तरह की पहली बांग्लादेशी धमकी को हल्के में नहीं लेना चाहिए, क्योंकि देश की आयात-निर्भर सेना पर चीन का काफी हद तक नियंत्रण है। यह इस बात को और भी स्पष्ट करता है कि भारत को आने वाले वर्षों में अपने प्रभावी रक्षा खर्च को जीडीपी के प्रतिशत के रूप में बढ़ाने की आवश्यकता क्यों है। भारत के सैन्य खर्च में पर्याप्त वृद्धि करना चाहिए ताकि पाकिस्तान और बांग्लादेश दोनों का उपयोग करके भारत के खिलाफ चीनी छद्म युद्ध के सामने देश की क्षेत्रीय अखंडता और आर्थिक प्रगति की रक्षा के लिए भारत तैयार रह सके।



## ललित सुरजन की कलम से

### कविता:शांतिदूत की आँखों से

**जोसेफ ब्रूचाक**
**( अमेरिकन मूलनिवासी कवि )**

*हम देख रहे हैं*
*जंगल की पनाहगाह से*
*जहाँ बारहसिंगे अपने सींग*
*उतार कर धर देते हैं कि*
*किसी को*
*धोखे से भी चोट न लगे,*
*वहां जहां पुरखिन चट्टान की*
*सुलगती आँखों में*
*अगिन का वास था जिसके*
*ताप में हमने स्वयं को पवित्र किया,*
*अपने तमाम रिश्तों को निभाने के लिए,*
*और प्रार्थना की*
*सभी जीवित जनों के लिए,*
*कि सब हिल-मिल कर रहें*
*कि सब रहें सलामत।*

**अंग्रेजी से रुपांतर : ललित सुरजन**
**13.04.2009**

https://lalitsurjan.blogspot.com/2020/07/blog-post_15.html

## आपके पत्र

### आधार और पैन कार्ड निजी जीवन की सुविधा या गोपनीयता भंग होने का खतरा

हिंदुस्तान की आबादी की 141 करोड़ जनसंख्या में से 120 करोड़ जनमानस के पास है। यह आंकड़े सरकार के पास भी जो अक्सर यह संदेह पैदा करतें है कि इसका कही दुरुपयोग होकर , कहीं आपके निजी जीवन में हस्तक्षेप तो नहीं किया जा रहा है। सरकार द्वारा समस्त शासकीय सुविधाओं की प्राप्ति के लिए आधार कार्ड, पैन कार्ड एवं मोबाइल सिम के लिए आधार कार्ड की अनिवार्यता लागू कर दी गई है। यह बात तो सर्वविदित है कि मोबाइल में सिम कार्ड लेते वक्त आधार कार्ड की अनिवार्यता राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए अति महत्वपूर्ण तो है ही पर इसमें कभी-कभी यह आशंका भी होने लगती है कि भारत में निवास करने के लिए आधार के रूप में निजी जीवन में कहीं दखलअंदाजी तो नहीं है अथवा व्यक्ति के जीवन में उसकी निजता पर प्रहार तो नहीं है।

चूंकि आधार कार्ड व्यक्ति की निजी पहचान को अपने में सम्मिलित करता है और इसकी अनिवार्यता से व्यक्ति की निजी पहचान का दुरुपयोग हो सकता है। व्यक्ति कहां क्या गतिविधियां कर रहा है यह आधार की अनिवार्यता के साथ सरकार के पास सारी जानकारी उपलब्ध हो जाती है, जिससे सरकार द्वारा अथवा डाटा संग्रहण केंद्र के माध्यम से किसी भी हैकर द्वारा दुरुपयोग किया जा सकता है । जो व्यक्तिगत इच्छा के विपरीत है और यदि सरकार आधार से संबंधित आंकड़े किसी अन्य पक्ष के साथ साझा करती है तो इसके दुरुपयोग की संभावना प्रबल हो जाती है। आधार कार्ड के दुरुपयोग की दूसरी समस्या इसके राजनीतिक प्रतिशोध के रूप में उपयोग किए जाने की भीतर हो सकती है। राजनीति में सत्ता पक्ष की जितनी भूमिका होती है विपक्ष की भूमिका उससे अधिक होती है। आधार कार्ड के आंकड़ों के माध्यम से कोई भी सत्ता पक्ष, विपक्ष की इस भूमिका को सीमित करने का प्रयास कर सकता है। आधार कार्ड की अनिवार्यता के साथ विपक्षी राजनेताओं के संवादों को टेप कर रणनीति का पूर्वानुमान लगाना सत्ता पक्ष की मंशा हो सकती है,इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता है। पर इसके कई फायदे भी हैं ,आधार कार्ड की पैन कार्ड में अनिवार्यता ने वर्षों से टैक्स की छूट ले रहे फर्जी पैन कार्ड धारकों के हितों में चोट तो की है। इससे सरकार के कर संग्रहण में बढ़ोतरी होने से योजनाओं के लिए धन आवंटन एवं भौतिक सामाजिक निवेश में वृद्धि होगी। आधार कार्ड की अनिवार्यता से स्कूली शिक्षा की गुणवत्ता नहीं बढ़ाया जा सकता है क्योंकि इससे सरकार के पास वास्तविक सफलता के आंकड़े भी उपलब्ध होंगे जो बेहतर नीति निर्माण के लिए सहायक भी होगी।

विगत दिनों सुप्रीम कोर्ट ने भी माना कि भले ही निजता का अधिकार मौलिक अधिकार हो किंतु सरकार द्वारा जनकल्याण के कार्यों के लिए उसका अतिक्रमण किया जा सकता है। एक लोकतांत्रिक सरकार का प्रथम एवं अंतिम उद्देश्य लोक कल्याणकारी रूप में स्वयं को स्थापित करना है। यदि लोक कल्याण के लिए सरकार व्यक्तियों के आंकड़ों का संग्रहण करती है उसे उचित माना जाना चाहिए। शर्त यह है कि सरकार विधि सम्मत स्थापित कर दें कि उन एकत्रित आंकड़ों का दुरुपयोग कि किन्ही भी स्थिति में नहीं किया जाएगा।

-संजीव ठाकुर

**गुरु पूर्णिमा आज**

## नैतिक और मानवीय मूल्यों के स्थापक: महर्षि वेद व्यास

जिन महान गुरु को पूजने के लिए गुरु पूर्णिमा मनाई जाती है , उन्हें हम वेद व्यास जी के नाम से जानते हैं। व्यास जी ने सबसे बड़े गुरु होने के बाद भी कभी अपने आप को भगवान नहीं कहा और न ही पाद पूजन के ऐसे महोत्सव कराए जैसे आजकल छद्म लोगों द्वारा कराए जा रहे हैं! महर्षि वेद व्यास ने कभी भी भगवान को हड़पने की कोशिश नहीं की जैसी वर्तमान में गली- मोहल्लों में पाखंडी कर रहे हैं। एक श्रेष्ठ गुरु हमें अनुशासन, कड़ी मेहनत और ईमानदारी का महत्व सिखाता है। वह केवल सफलता का मार्ग दिखाने तक सीमित नहीं रहता, बल्कि जीवन के नैतिक और मानवीय मूल्यों को भी हमारे जीवन में स्थापित करता है। गुरु से सीखी गई बातें जीवन भर हमारा मार्गदर्शन करती हैं। वास्तव में देखा जाए तो गुरु एक व्यक्ति नहीं बड़ी शक्ति है। वही हमारी बुद्धि को जागृत करती है।

नैतिक और मानवीय मूल्यों के स्थापक महर्षि वेद व्यास जी का जन्मदिवस प्रतिवर्ष आषाढ़ मास शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि को मनाई जाती है। यह तिथि हमें स्मरण दिलाती है कि मनुष्य के जीवन में एक गुरु का होना कितना जरूरी है। गुरु कौन हो सकता है? गुरु का काम क्या होता है-ऐसा व्यक्ति जिससे हमें ज्ञान रूपी प्रकाश की प्राप्ति हो। उनके ज्ञान से हमारे जीवन में छाए अंधकार को दूर करने की प्रेरणा मिले। वही हमारा सच्चा गुरु हो सकता है। ऐसे सत्पुरुष जो हमें धर्मशास्त्रों के ज्ञान के साथ ही ईश्वर के साथ संबंध जोड़ने में अपने वचनों से प्रभावित करते हों, उन्हें हम अपना गुरु मान सकते हैं। गुरु का वास्तविक कार्य अपने शिष्यों को खुद से जोड़ने का नहीं होता बल्कि धर्मशास्त्रों की नीतिगत बातों का ज्ञानार्जन करते हुए ईश्वर की ओर ध्यान आकृष्ट कराना ही होता है। वह समय बीत गया जब त्रेतायुग और सतयुग में गुरुओं के ज्ञान पर कोई प्रश्न नहीं उठाया जाता था। आज घोर कलयुग में मनुष्य के लिए यह बड़ी चुनौती का विषय है कि वह किसे अपना गुरु स्वीकार करे? कारण यह कि आज के समय में गुरुओं तथा उनके आश्रमों में चल रहे कार्यों पर अनैतिकता के असुर ने कब्जा कर रखा है।

गुरु तत्व का मानवीय जीवन में बड़ा महत्व है। विश्व का हर देश इस शब्द से किसी न किसी रूप में आबद्ध रहा है। अंतर केवल उसे पुकारने के रूप में सामने आता है। इसी गुरु को शिक्षक कहा जाता है, तो कहीं प्रोफेसर। कहीं- कहीं तो इसके लिए मेंटर शब्द का भी प्रचलन देखा जा रहा है। कहीं इस शब्द को लामा के नाम से उद्बोधित किया जाता है। कई देशों में गुरु के बदले फैसिलिटेटर शब्द का उपयोग भी किया जा रहा है। अंग्रेजी को अपनी मातृभाषा स्वीकार कर चुके देश गुरु शब्द के लिए गाइड का उपयोग करते हैं। तात्पर्य यह कि शब्द कोई भी हो उसका सार गुरु के रूप में ही निकलकर आता रहा है। गुरु ही वह व्यक्ति है जो हमारे जीवन में छाए अंधकार को दूर कर सकता है। दूसरे शब्दों में कहूं तो अज्ञान रूपी अंधकार को दूर कर ज्ञान का संचार करने वाला महापुरुष ही गुरु कहलाने का हकदार होता है। वास्तव में अनुभव किया जाए तो एक श्रेष्ठ गुरु वही होता है जो हमारी क्षमताओं को पहचान कर हमें हमारे लक्ष्य तक पहुंचाने का कार्य करता है।

**डॉ. सूर्यकांत मिश्रा**

# खेल जगत

## 'फैब फोर' में जगह बना सकते हैं शुभमन गिल : मार्क रामप्रकाश

**नई दिल्ली।** इंग्लैंड के पूर्व बल्लेबाज मार्क रामप्रकाश ने भारतीय टेस्ट कप्तान शुभमन गिल की शानदार बल्लेबाजी तकनीक को सराहा है। रामप्रकाश के मुताबिक गिल ने 'फैब फोर' (विराट कोहली, जो रूट, स्टीव स्मिथ और केन विलियमसन) के दौर के बल्लेबाजों की जगह लेने की क्षमता दिखाई है। लीड्स में शुभमन गिल ने 147 और आठ रन की पारी खेली, जिसके बाद एजबेस्टन में 269 और 161 रन जड़ दिए। गुरुवार से लॉर्ड्स में शुरू हो रहे तीसरे टेस्ट से पहले, गिल ने पांच मैचों की सीरीज में 585 रन जोड़ लिए हैं। रामप्रकाश ने बुधवार को 'द गार्जियन' में लिखा, हमें गिल की सिर्फ सहनशक्ति, स्किल और रन बनाने की भूख की सराहना ही नहीं करनी चाहिए, बल्कि एक युवा टीम के नए कप्तान के रूप में उदाहरण पेश करने की भी तारीफ करनी चाहिए।



# भारत की निगाहें लॉर्ड्स टेस्ट भी जीत सीरीज में बढ़त बनाने पर

■ कप्तान गिल के निशाने पर होंगे कई रिकॉर्ड ■ बुमराह के टीम इंडिया में लौटने से इंग्लैंड की परेशानी बढ़ी ■ रूट लॉर्डर्स टेस्ट में लय पाने की कोशिश करेंगे

## इंग्लैंड ने आर्चर को टीम में शामिल किया



**लंदन।** भारत के खिलाफ 10 जुलाई से लॉर्ड्स में शुरू हो रही एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के तीसरे टेस्ट के लिए इंग्लैंड ने अपनी प्लेइंग इलेवन की घोषणा कर दी है। लंबे समय बाद दाएं हाथ के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर की प्लेइंग इलेवन में वापसी हुई है। आर्चर ने चार साल से भी अधिक समय बाद टेस्ट टीम में वापसी की है। कोहनी और पीठ की इंजरी की वजह से वह 2021 से ही इस फॉर्मेट से बाहर चल रहे थे। आर्चर ने अपना आखिरी टेस्ट भारत के खिलाफ फरवरी 2021 में नरेंद्र मोदी स्टेडियम, अहमदाबाद में



■ सत्येन्द्र पाल सिंह

**नई दिल्ली,** 9 जुलाई (देशबन्धु)। कप्तान शुभमन गिल के दोनों पारियों में जड़े शतकों और अनुकरणीय नेतृत्व तथा तेज गेंदबाज आकाश दीप के चटकाए दस विकेट की बदौलत एजबेस्टन, बर्मिंघम में इंग्लैंड का अभेद्य किला भेद दूसरा टेस्ट 336 रन के बड़े अंतर से जीत पांच टेस्ट मैचों की एंडरसन-तेंडुलकर ट्रॉफी में एक एक की बराबरी पाने के बाद अब भारत की निगाहें लॉर्डर्स में बृहस्पतिवार से शुरू हो रहा तीसरा टेस्ट भी जीतकर सीरीज में 2-1 की बढ़त बनाने पर लगी हैं।

भारत ने लीडस का पहला टेस्ट आखिरी दिन आखिरी सत्र में पांच विकेट से गंवाने के बाद जसप्रीत बुमराह को आराम दिए जाने के बाद जिस दमदार ढंग से दूसरा टेस्ट जीता उससे इंग्लैंड का टीम प्रबंधन परेशान है। भारत को अपनी जीत के सिलसिले को आगे बढ़ाना है उसके कप्तान शुभमन गिल, उपकप्तान ऋषभ पंत के साथ केएल राहुल और यशस्वी जायसवाल को बल्ले से ऐसे ही धमाल जारी रखना होगा। क्रिकेट का मक्का कहे जाने वाले लॉर्डर्स के मैदान पर पैवेलियन छोर पर ढाल के चलते गेंदबाज को बहुत मदद मिलती है और कई बार गेंद क्षेत्ररक्षक के हाथ में आकर फिसल जाती है और वह रनआउट का भी मौका गंवा बैठता है। मैदान पर पैवेलियन छोर पर गेंद एक तरफ अक्सर काफी तेजी से निकलती है। लॉर्डर्स की पिच से कुछ घास तो मंगलवार को और कुछ बुधवार को भी हटाई गई लेकिन यह देखना दिलचस्प होगा कि इस पर कितनी घास छोड़ी जाएगी। इतना जरूर कहा जा सकता है कि लॉर्डर्स की पिच लीडस में पहले टेस्ट और एजबेसटन, बर्मिंघम में दूसरे टेस्ट की पिच से कही ज्यादा जीवंत होगी। भारत के लिए अच्छी बात यह है कि कप्तान शुभमन गिल और सलामी बल्लेबाज केएल राहुल के रूप में उसके पास पूरे रंग में चल रहे ऐसे बल्लेबाज हैं जो तकनीकी रूप से सक्षम होने के कारण भले ही इंग्लैंड लॉर्डर्स में रफ्तार के सौदागर जोफ्रा आर्चर को शामिल करे उसके तूफान से निपटने में सक्षम हैं। भारत के बल्लेबाजी कोच सितांशु कोटक ने लॉर्डर्स की पिच पर इसीलिए अपने बल्लेबाजों को धैर्य से चौकस होकर बल्लेबाजी करने को कहा है। भारत की खुशकिस्मती है कि उसके पास बाएं हाथ के विस्फोटक सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल और उपकप्तान ऋषभ पंत के अपने ही अंदाज में आक्रामक बल्लेबाजी से टेस्ट मैच का रुख बदलने में सक्षम बल्लेबाज हैं।शुभमन गिल मौजूदा सीरीज के शुरू के दो टेस्ट में एक दोहरे और दो शतकों सहित कुल 585 रन बना चुके हैं और जब वह लॉडर्स में तीसरे टेस्ट में खेलने उतरेंगे तो उनके निशाने पर कई रिकॉर्ड होंगे। गिल को बतौर टेस्ट कप्तान ऑस्ट्रेलिया के डॉन ब्रैडमैन के 88 बरस पुराने एक टेस्ट सीरीज में पांच टेस्ट में सबसे ज्यादा 810 रन बनाने के रिकॉर्ड को तोड़ने के लिए 225 रन और बनाने हैं। भारत के ट्रेस्ट कप्तान के रूप में सुनील गावसकर ने 1978-79 की सीरीज में छह टेस्ट में सबसे ज्यादा 732 रन बनाए और इसे तोड़ने के लिए शुभमन को बस 148 रनन और बनाने हैं । शुभमन गिल को एक टेस्ट सीरीज में ब्रैडमैन के सबसे ज्यादा 974 रन बनाने के रिकॉर्ड को तोड़ने के लिए 390 रन और बनाने हैं। बतौर कप्तान एक टेस्ट सीरीज में सबसे ज्यादा चार टेस्ट शतक ब्रैडमैन के नाम हैं और इसे तोड़ने के लिए शुभमन गिल को बस एक शतक और चाहिए। इंग्लैंड के लिए सबसे बड़ी चुनौती तकनीकी रूप से दक्ष और पूरे रंग मे चल रहे भारत के कप्तान शुभमन गिल , 2021 में लॉडर्स टेस्ट में में शतक जमा भारत की जीत के हीरो रहे व पहले टेस्ट में शतक जड़ने वाले केएल राहुल व पहले टेस्ट की दोनों पारियों में शतक जमाने के बाद दूसरे टेस्ट की दूसरी पारी में तूफानी अर्द्धशतक जड़ने उपकप्तान ऋषभ पंत को रन बनाने से रोकने की होगी। इंग्लैंड लॉर्डर्स में तीसरे टेस्ट के लिए अपनी एकादश में तेज गेंदबाज क्रिस वॉक्स की जगह अब फिट हो चुके जोफ्रा आर्चर को शामिल करने की सोच रहा है। आर्चर को भारतीय बल्लेबाज आईपीएल में खूब खेल ही नहीं चुके हैं उनकी जमकर धुनाई भी कर चुके हैं।


## .कॅरियर की सर्वश्रेष्ठ टेस्ट रैंकिंग पर शुभमन गिल, नंबर-1 बने हैरी ब्रूक



**नई दिल्ली।** भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने आईसीसी पुरुष टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग हासिल कर ली है। वहीं, इंग्लैंड के बल्लेबाज हैरी ब्रूक हमवतन जो रूट को पछाड़कर टेस्ट फॉर्मेट में नंबर-1 बन गए हैं। शुभमन गिल ने इंग्लैंड के खिलाफ एजबेस्टन टेस्ट में 269 और 161 रनों की पारियां खेलीं। वह टेस्ट मैच की दोनों पारियों में 150 से अधिक का स्कोर बनाने वाले इतिहास के दूसरे खिलाड़ी बने। गिल बल्लेबाजों की टेस्ट रैंकिंग में 15 स्थानों की छलांग लगाकर छठे स्थान पर पहुंच गए हैं। इससे पहले, सितंबर 2024 में गिल 14वें स्थान पर पहुंचे थे।

## आस्ट्रेलिया ने 'लॉर्ड्स' टेस्ट की एक ही पारी में बनाए थे 700 से ज्यादा रन

**नई दिल्ली,** 9 जुलाई (एजेंसियां)। भारत और इंग्लैंड के बीच लॉर्ड्स में टेस्ट सीरीज का तीसरा मुकाबला खेला जाना है। जो भी टीम इस मुकाबले को जीतेगी, वह सीरीज में 2-1 से बढ़त बना लेगी। भारत-इंग्लैंड के बीच पांच मुकाबलों की इस टेस्ट सीरीज के शुरुआती दो मैचों में जमकर रन बरसे हैं। फैंस को उम्मीद है कि लॉर्ड्स में भी कुछ ऐसा ही देखने को मिलेगा। लॉर्ड्स में अब तक छह बार पारी में 600 से ज्यादा रन बन चुके हैं, लेकिन क्या आप उस इकलौते देश के बारे में जानते हैं, जिसने इस मैदान पर 700 से भी ज्यादा रन एक ही पारी में जड़ दिए थे? जी हां! यहां हम ऑस्ट्रेलियाई टीम की बात कर रहे हैं, जिसने साल 1930 में लॉर्ड्स के इस ऐतिहासिक मैदान पर रनों का अंबार लगा दिया था। यह मैच 27 जून से 1 जुलाई के बीच खेला गया था। मुकाबले में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी के लिए उतरी इंग्लैंड ने पहली पारी में 425 रन बनाए, जिसमें दलीप सिंह का अहम योगदान रहा, जिन्होंने इस पारी में सर्वाधिक 173 रन जड़े। इसके जवाब में ऑस्ट्रेलिया ने अपनी पहली पारी 729/6 के स्कोर पर घोषित की। इस दौरान कुल 232 ओवर खेले गए। ऑस्ट्रेलिया की इस पारी में कप्तान बिल वुडफुल ने 155, जबकि डॉन ब्रैडमैन ने 254 रनों का योगदान टीम के खाते में दिया। इन दोनों बल्लेबाजों ने अन्य खिलाड़ियों के साथ शानदार साझेदारियां भी कीं, जिसने टीम को विशाल स्कोर तक पहुंचा दिया। इंग्लैंड की टीम साफतौर पर दबाव में नजर आ रही थी। मेजबान टीम अगली पारी में 375 रन से ज्यादा नहीं बना सकी। ऑस्ट्रेलिया को जीत के लिए 72 रन का लक्ष्य मिला, जिसे मेहमान टीम ने 28.2 ओवरों में हासिल कर लिया।



■ साल 1930 में लॉर्ड्स के इस ऐतिहासिक मैदान पर रनों का अंबार लगा दिया था

## श्रीलंका ने बांग्लादेश को 99 रनों से हराकर सीरीज जीती

**पल्लेकेले,** 9 जुलाई (एजेंसियां)। कुसल मेंडिस (124), कप्तान चरित असालंका(58) की शानदार बल्लेबाजी के बाद असिता फर्नांडो और दुष्मंत चमीरा की बेहतरीन गेंदबाजी के दम पर श्रीलंका ने बंगलादेश को तीसरे एकदिवसीय मुकाबले में 99 रनों हरा दिया। इसी के साथ श्रीलंका ने तीन मैचों की सीरीज 2-1 से अपने नाम कर ली। श्रीलंका ने मुकाबले में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी श्रीलंका ने कुसल मेंडिस 114 गेंदों में (124), कप्तान चरित असालंका (58) रनों की शानदार बल्लेबाजी के दम पर निर्धारित 50 ओवरों में सात विकेट पर 285 रनों का स्कोर खड़ा किया। पथुम निसंका (35) और जनित लियानगे ने 12 रनों का योगदान दिया। वानिंदु हसरंगा (18) और दुष्मंत चमीरा (10) रन बनाकर नाबाद रहे। बांग्लादेश की ओर से तसकीन अहमद और मेहदी हसन मिराज ने दो-दो विकेट लिये। तंजिद हसन साकिब, शमीम हुसैन और तनवीर इस्लाम ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। 286 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी बंगलादेश की शुरुआत खराब रही और उसने 20 रन के स्कोर पर अपने दो विकेट गंवा दिये। तंजिद हसन (17) को ए फर्नांडो ने बोल्ड आउट किया। अगले ही ओवर में नजमुल शान्तो (शून्य) को चमीरा ने बोल्ड आउट कर श्रीलंका को दूसरी सफलता दिलाई। बंगलादेश का तीसरा विकेट परवेज हुसैन इमॉन (28) के रूप में गिरा। इसके बाद मो. तौहीद हृदोय और मेहदी हसन मिराज ने पारी को संभालने का प्रयास किया। दोनों बल्लेबाजों ने चौथे विकेट के लिए 43 रन जोड़े। 21वें ओवर में दुनित वेल्लालगे ने मेहदी हसन मिराज (28) को आउटकर इस साझेदारी का अंत किया। इसके बाद श्रीलंकाई गेंदबाजी आक्रमण के आगे बंगलादेश का कोई भी बल्लेबाज अधिक देर तक नहीं टिक सका। शमीम हुसैन (12) और उसके बाद मो. तौहीद हृदोय (51) रन बनाकर आउट हुए।



श्रीलंका ने तीन मैचों की सीरीज 2-1 से अपने नाम कर ली

## सार संक्षेप

### रसिख सलाम अगला घरेलू सत्र बड़ौदा से खेलेंगे

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर को 2025/26 घरेलू सत्र से पहले एक बड़ा झटका लगा है। टीम के तेज गेंदबाज रसिख सलाम आगामी सत्र में बड़ौदा के लिए खेलते नजर आएंगे। जम्मू-कश्मीर क्रिकेट संघ (जेकेसीए) के सदस्य प्रशासन ब्रिगेडियर अनिल गुप्ता ने सलाम को एनओसी दिए जाने की पुष्टि की। अनिल गुप्ता ने कहा कि हमने उन्हें एनओसी दे दी है। मुझे ठीक से याद नहीं कि एनओसी कब जारी की गई थी, लेकिन मुझे लगता है कि यह पांच-छह दिन पहले ही जारी की गई होगी। अगर वह किसी और टीम की तरफ से खेलना चाहते हैं, तो हमें क्या फर्क पड़ता है? हमने इस बार छह खिलाड़ियों को एनओसी दी है। हमारे पास पर्याप्त प्रतिभावान खिलाड़ी हैं। बड़ौदा क्रिकेट एसोसिएशन (बीसीए) ने भी रसिख सलाम के अगले घरेलू सत्र के लिए टीम से जुड़ने की पुष्टि की है। रसिख सलाम दाएं हाथ के एक बेहतरीन तेज गेंदबाज हैं। जम्मू-कश्मीर के लिए 5 प्रथम श्रेणी मैचों में उन्होंने 13 विकेट लिए हैं। वहीं, 10 लिस्ट ए मैचों में भी उन्होंने 13 विकेट लिए हैं।

### एमएलसी 2025 : वाशिंगटन फ्रीडम पहुंची फाइनल

**नई दिल्ली।** टेक्सास सुपर किंग्स और वाशिंगटन फ्रीडम के बीच मेजर लीग क्रिकेट-2025 का क्वालीफायर मैच बारिश के चलते रद्द हो गया। इसी के साथ वाशिंगटन फ्रीडम ने फाइनल में जगह बना ली है। इस मुकाबले में वाशिंगटन फ्रीडम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला लिया, लेकिन बारिश के चलते कोई गेंद नहीं फेंकी जा सकी। वाशिंगटन फ्रीडम इस सीजन 10 लीग मुकाबलों में से आठ जीती। यह टीम प्वाइंट्स टेबल में सबसे ऊपरी पायदान पर रही, जबकि 10 में से सात मुकाबले जीतने वाली टेक्सास सुपर किंग्स प्वाइंट्स टेबल में दूसरे पायदान पर थी। ऐसे में वाशिंगटन फ्रीडम ने मैच रद्द होने के बावजूद फाइनल में प्रवेश कर लिया है। एमएलसी 2025 का एलिमिनेटर मैच 10 जुलाई को सैन फ्रांसिस्को यूनिकॉर्न्स और एमआई न्यूयॉर्क के बीच खेला जाना है।

## फ्लूमिनेंस को 2-0 से हराकर क्लब विश्व कप-2025 के फाइनल में चेल्सी

**न्यू जर्सी,** 9 जुलाई (एजेंसियां)। फ्लूमिनेंस को 2-0 से मात देकर चेल्सी ने क्लब विश्व कप-2025 के फाइनल में अपनी जगह बना ली है। इस सेमीफाइनल मैच के हीरो जोआओ पेड्रो रहे। दोनों गोल इसी खिलाड़ी ने दागे। 'ब्लूज' के नए सदस्य ने दोनों हाफ में शानदार गोल करते हुए ब्राजीलियन टीम की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। अब चेल्सी का सामना रियल मैड्रिड सीएफ और पेरिस सेंट-जर्मेन के बीच सेमीफाइनल मुकाबले की विजेता टीम से होगा। 70 हजार से ज्यादा फैंस से भरे स्टेडियम में चेल्सी को मुकाबले में अपनी पकड़ बनाने के लिए ज्यादा समय नहीं लेना पड़ा। शुरुआती 10 मिनट में उन्होंने गेंद पर कब्जा जमा लिया और कुछ मौके बनाए। जोआओ पेड्रो का पहला गोल 18वें मिनट में आया, उन्होंने 20 गज की दूरी से एक शॉट लगाकर फुटबॉल को गोलपोस्ट के कोने में पहुंचाया। 25वें मिनट में हरक्यूलिस ने गोल का शानदार मौका बनाया, लेकिन कुकुरेला ने गोललाइन पर क्लियर कर दिया। पहले हाफ के अंत में फ्लूमिनेंस को पेनल्टी मिली। रिने का क्रॉस चालोबा के हाथ से टकराया, लेकिन वीएआर चेक के बाद फैसला बदल दिया गया। जोआओ पेड्रो ने मैच का दूसरा गोल 56वें मिनट पर किया। 23 वर्षीय खिलाड़ी ने गोल की ओर बढ़ते हुए क्रॉसबार से गेंद को गोलपोस्ट में पहुंचाया। जोआओ पेड्रो ने फ्लूमिनेंस से ही अपने करियर की शुरुआत की थी। उन्होंने इंग्लैंड आने से पहले क्लब के लिए 36 मुकाबले खेले थे।

## नहीं तोड़ पाए लारा का रिकॉर्ड, नाराज हुए गेल

**नई दिल्ली,** 9 जुलाई (एजेंसियां)। दक्षिण अफ्रीका के कार्यवाहक कप्तान वियान मुल्डर ने पारी घोषित करने का फैसला लेते हुए ब्रायन लारा के टेस्ट रिकॉर्ड को तोड़ने का मौका गंवा दिया, जिससे वेस्टइंडीज के दिग्गज क्रिकेटर क्रिस गेल नाखुश हैं। वियान मुल्डर ने बुलावायो में जिम्बाब्वे के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन लंच तक नाबाद 367 रन बनाए। लंच के समय पारी घोषित करने से पहले मुल्डर टेस्ट क्रिकेट में विश्व रिकॉर्ड बनाने से सिर्फ 34 रन दूर थे। लेकिन उन्होंने ब्रायन लारा के नाबाद 400 रन के रिकॉर्ड का पीछा न करने का फैसला किया। इसी के साथ दक्षिण अफ्रीका की पहली पारी 626/5 के स्कोर पर घोषित कर दी गई और लारा का टेस्ट पारी में सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर का रिकॉर्ड बरकरार रहा।

> अगर मुझे 400 रन बनाने का मौका मिलता, तो मैं बना लेता। ऐसा हमेशा नहीं होता। आपको नहीं पता कि आप कब फिर से तिहरा शतक बना सकेंगे। : क्रिस गेल



हालांकि क्रिस गेल, मुल्डर के इस फैसले से बिल्कुल भी खुश नहीं हैं। उनका मानना है कि मुल्डर घबराकर बड़ी गलती कर बैठे। गेल ने 'टॉकस्पोर्ट' से कहा कि अगर मुझे 400 रन बनाने का मौका मिलता, तो मैं बना लेता। ऐसा हमेशा नहीं होता। आपको नहीं पता कि आप कब फिर से तिहरा शतक बना सकेंगे। जब भी आपको ऐसा मौका मिलता है, तो कोशिश होती है कि उसका पूरा फायदा उठाया जाए। लेकिन मुल्डर इस मामले में बहुत उदार थे। उन्होंने बताया कि वह चाहते हैं कि यह रिकॉर्ड ब्रायन लारा के ही नाम रहे। शायद वह घबरा गए थे। उन्हें समझ नहीं आ रहा था कि उस स्थिति में क्या करें। मान लीजिए, आप 367 पर हैं, तो आपको रिकॉर्ड बनाने का जोखिम उठाना ही होगा। ऐसे आप एक लीजेंड कैसे बनेंगे, क्योंकि रिकॉर्ड तो लीजेंड होने के साथ ही आते हैं। क्रिस गेल ने इस फैसले को एक गलती बताते हुए कहा कि मुझे लगता है कि यह मुल्डर की बड़ी गलती थी कि उन्होंने इस रिकॉर्ड को तोड़ने की कोशिश नहीं की।

## प्रो कबड्डी लीग के सीजन 12 की शुरुआत 29 अगस्त से : मशाल स्पोर्ट्स

**मुंबई,** 9 जुलाई (एजेंसियां)। प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) का 12वां सत्र 29 अगस्त से शुरू होने जा रहा है। इसकी घोषणा आयोजक मशाल स्पोर्ट्स की ओर से बुधवार को की गयी। प्रो कबड्डी लीग के लीग कमिश्नर और मशाल स्पोर्ट्स के मुख्य कार्यकारी अनुपम गोस्वामी ने कहा कि हमें पीकेएल सीजन 12 की शुरुआत की तारीख की घोषणा करते हुए बेहद खुशी हो रही है। इस बार की रिकॉर्ड-तोड़ नीलामी में 10 खिलाड़ियों पर एक करोड़ रुपये से अधिक की बोली लगी, जिससे यह सत्र अब तक का सबसे प्रतिस्पर्धी होने का संकेत दे रहा है। हम दर्शकों के लिए कबड्डी एक्शन का एक और रोमांचक अध्याय लाने के लिए उत्साहित हैं। प्रो कबड्डी लीग सीजन 12 की बहुप्रतीक्षित खिलाड़ी नीलामी 31 मई और एक जून को मुंबई में हुई थी, जहां रिकॉर्ड 10 खिलाड़ियों ने एक करोड़ रुपये से अधिक के अनुबंध प्राप्त किए। ग्यारह रोमांचक सीजन की सफलता के बाद, पीकेएल अब एक नए और रोमांचक अध्याय में प्रवेश करने जा रहा है। सीज़न 12 के स्थल और अन्य विवरण जल्द ही घोषणा की जायेगी। हरियाणा स्टीलर्स ने पिछले सीजन का खिताब अपने नाम किया था। ऐसे में हरियाणा स्टीलर्स पहले खिताब को बरकरार रखने के इरादे से लीग में उतरेगी।

## तीरंदाजी विश्व कप : ऋषभ-ज्योति ने बनाया 'मिक्स्ड टीम 'वर्ल्ड रिकॉर्ड'

**मैड्रिड,** 9 जुलाई (एजेंसियां)। भारत के ऋषभ यादव और ज्योति सुरेखा वेन्नम ने तीरंदाजी विश्व कप के चौथे और अंतिम चरण में शानदार प्रदर्शन करते हुए क्वालीफिकेशन राउंड में नया कंपाउंड मिक्स्ड टीम 'वर्ल्ड रिकॉर्ड बना दिया।

भारतीय जोड़ी ने क्वालिफिकेशन में कुल 1431 (70 एक्स) अंक हासिल किए और 144 एरो के मिक्स्ड टीम स्कोर का रिकॉर्ड तोड़ दिया। यह रिकॉर्ड पहले डेनमार्क की टान्जा गेलेंथिएन और मैथियास फुलर्टन के नाम था, जिन्होंने क्राको-मालोपोल्स्का 2023 यूरोपियन गेम्स में 1429 अंक बनाए थे।



'वर्ल्ड आर्चरी' ने 22 वर्षीय ऋषभ के हवाले से कहा कि यह खास है, क्योंकि मिश्रित टीम हाल ही में ओलंपिक में शामिल हुई है। हम समय के साथ ऐसी छोटी-छोटी उपलब्धियां हासिल करते रहे हैं। हमने सीजन की शुरुआत मिश्रित टीम स्वर्ण पदक (फ्लोरिडा 2025) के साथ की थी, लेकिन अगले दो चरण में हम मिश्रित टीम में एक साथ शूटिंग नहीं कर पाए। अब चौथे चरण में हम फिर से साथ हैं। हम दोनों ने अच्छा प्रदर्शन किया। हम अपनी निरंतरता से खुश हैं। इस बीच, ऋषभ और ज्योति ने कंपाउंड पुरुष और महिला व्यक्तिगत क्वालिफिकेशन में शीर्ष स्थान हासिल किया, उन्होंने व्यक्तिगत के साथ-साथ टीम इवेंट्स में भी शीर्ष वरीयता प्राप्त की। ऋषभ ने वैली हर्मोसो स्टेडियम में 85 एथलीट्स के बीच टॉप पोजिशन बनाए रखी और 30 एरो में परफेक्ट 300 स्कोर के साथ ब्रैडेन गेलेंथिएन के कंपाउंड पुरुष वर्ग के 718 अंकों के वर्ल्ड रिकॉर्ड को तोड़ने की दिशा में अग्रसर नजर आए। भले ही ऋषभ रिकॉर्ड से चूक गए, लेकिन 72 में से 68 एरो 10-रिंग में (35 एक्स) लगाकर उन्होंने खुद को साबित कर दिखाया। शंघाई 2025 स्टेज-2 के ब्रॉन्ज मेडलिस्ट ऋषभ ने 716 का स्कोर बनाकर अपना नया पर्सनल बेस्ट हासिल किया। अन्य भारतीय खिलाड़ियों में प्रियांश ने 710 और अमन सैनी ने 709 अंक बनाए, जो क्रमशः 10वें और 11वें स्थान पर रहे। वहीं, कंपाउंड महिला वर्ग में एशियन गेम्स की चैंपियन ज्योति ने भी 715 (35 एक्स) अंकों के साथ अंतरराष्ट्रीय व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ स्कोर बनाते हुए अपने इवेंट में टॉप सीडिंग हासिल की।

भारतीय जोड़ी ने क्वालिफिकेशन में कुल 1431 अंक हासिल किए और 144 एरो के मिक्स्ड टीम स्कोर का रिकॉर्ड तोड़ दिया

## फीफा महिला विश्वकप खेलने का सपना जिंदा है: नगांगबाम स्वीटी देवी

**नई दिल्ली,** 9 जुलाई (एजेंसियां)। भारतीय महिला फुटबॉल टीम की कप्तान नगांगबाम स्वीटी देवी ने कहा कि एएफसी महिला एशिया कप ऑस्ट्रेलिया 2026 के लिए भारत के ऐतिहासिक क्वालीफिकेशन को चार दिन हो चुके हैं हम आराम के मूड में नहीं है, हमारा विश्वकप खेलने का सपना जिंदा है। भारतीय महिला फुटबॉल टीम की कप्तान नगांगबाम स्वीटी देवी ने कहा कि यह वाकई राहत देने वाला है। पिछली बार जब भारत ने टूर्नामेंट की मेजबानी की थी, तो हम कोविड के कारण नहीं खेल पाए थे। लेकिन इस बार हमने अपने सभी मैच अच्छे से खेले, हमने हर तरह का प्रयास किया और हम क्वालीफाई कर गए। हमने 23 साल बाद यह कारनामा किया है। विश्व कप का सपना जिंदा है।उन्होंने कहा।सच कहूं तो, इसे बयां करना अभी भी मुश्किल है। कई मिली-जुली भावनाएं थीं। यह वास्तविक नहीं लग रहा था। हम एक-दूसरे को दिलासा देते रहे, 'हाँ, यह हो गया है, हमने सचमुच कर दिखाया है।' वह एहसास शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता। जो कोई भी महिला फुटबॉल का समर्थन करता है या उसका हिस्सा है, वह समझ सकता है कि क्वालीफाई करने का एहसास कैसा होता है। यह बहुत ही जबरदस्त था। भारतीय महिला टीम की इस बड़ी और ऐतिहासिक उपलब्धि देश में महिला खेल के भविष्य को आकार दे सकती है। महिला एशिया कप, फीफा महिला विश्व कप का रास्ता भी है।



> पिछली बार जब भारत ने टूर्नामेंट की मेजबानी की थी, तो हम कोविड के कारण नहीं खेल पाए थे। लेकिन इस बार हमने अपने सभी मैच अच्छे से खेले, हमने हर तरह का प्रयास किया और हम क्वालीफाई कर गए : नगांगबाम स्वीटी देवी

# 11 जुलाई से 11 अगस्त तक मनाया जाएगा विश्व जनसंख्या माह

**बैतूल, देशबन्धु।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मनोज कुमार हुरमाड़े ने बताया कि प्रतिवर्ष 11 जुलाई को विश्व जनसंख्या दिवस के रूप में मनाया जाता है। 11 जुलाई से 11 अगस्त 2025 तक विश्व जनसंख्या माह मनाया जाएगा। विश्व जनसंख्या दिवस अभियान का नारा मॉ बनने की उम्र वही जब तन और मन की तैयारी सही के माध्यम से जागरूकता लाई जाएगी। परिवार नियोजन यूनिवर्सल हेल्थ केयर प्राप्त करने के लिए एक महत्वपूर्ण कड़ी है। हमारा प्रदेश भी जनसंख्या स्थिरीकरण के राष्ट्रीय लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में लगातार काम कर रहा है। परिवार नियोजन की जानकारी न होने ये अवांछित गर्भधारण में वृद्धि के कारण मातृ-मृत्यु दर, स्वास्थ्य संबंधी जटिलताएं एवं नवजात के स्वास्थ्य पर प्रभाव पड़े ता है। परिवार नियोजन की सेवा मुख्य रूप से आधुनिक, लघुकालीन और दीर्घकालीन गर्भनिरोधकों, स्थायी परिवार नियोजन साधनों, सूचना, परामर्श और सेवाएं प्रदान करने पर ध्यान केंद्रित करती है। अभियान के दौरान 11 जुलाई से 11 अगस्त 2025 तक जन समुदाय में जागरूकता बढ़ाने, परिवार नियोजन के प्रचार-प्रसार व सेवा प्रदायगी का कार्य किया जाएगा।

### संभाग के सभी केंद्रीय विद्यालय में सर्वाधिक प्रदर्शन सूचकांक प्राप्त करने पर हो रही प्रशंसा

# विदिशा में आयोजित प्राचार्य सम्मेलन में क्षेत्रीय कार्यालय उपायुक्त ने किया सम्मान

**बैतूल, देशबन्धु।** जब मेहनत, समर्पण और उत्कृष्ट शिक्षण शैली एक साथ मिलते हैं, तो परिणाम खुद-ब-खुद बोलने लगते हैं। कुछ ऐसा ही कमाल कर दिखाया है पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय बैतूल ने, जिसे इस वर्ष के सीबीएसई बोर्ड परीक्षा परिणामों में 10वीं और 12वीं कक्षा में शत प्रतिशत गुणवत्तायुक्त सफलता प्राप्त करने पर क्षेत्रीय कार्यालय, भोपाल के उपायुक्त द्वारा विशेष सम्मान से नवाजा गया है। 3 से 5 जुलाई 2025 तक विदिशा में आयोजित केंद्रीय विद्यालय संगठन, भोपाल संभाग के वार्षिक प्राचार्य सम्मेलन में पीएम श्री केवी बैतूल के प्राचार्य ने सक्रिय सहभागिता की। इस सम्मेलन में बोर्ड परीक्षा परिणामों का गहन विश्लेषण प्रस्तुत किया गया, जिसमें केवी बैतूल के उत्कृष्ट प्रदर्शन को सराहा गया। इस अवसर पर केवीएस क्षेत्रीय कार्यालय, भोपाल के उपायुक्त द्वारा विद्यालय को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। साथ ही, विद्यालय के सभी शिक्षकों के समर्पण एवं अनुकरणीय शिक्षण प्रयासों की प्रशंसा की गई। शिक्षक रामकिशोर बरोदे हुए सम्मानित सम्मेलन के दौरान एक और बड़ी



उपलब्धि के रूप में विद्यालय के पीजीटी (गणित) शिक्षक रामकिशोर बरोदे को केवीएस भोपाल संभाग के सभी केंद्रीय विद्यालयों में सर्वाधिक प्रदर्शन सूचकांक (पीआई) 75 प्राप्त करने पर सम्मानित किया गया। उन्हें उपायुक्त द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें विद्यार्थियों के उत्कृष्ट परिणामों, उनकी मेहनत और समर्पित शिक्षण शैली के लिए दिया गया। विद्यालय की इस उपलब्धि को पीएम श्री योजना और राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रगति के रूप में देखा जा रहा है। यह सफलता विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास और गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा की दिशा में विद्यालय की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

## नर्मदा नियरे

### सार-समाचार

## एक पेड़ मां के नाम अभियान में किया पौधारोपण, लिया संकल्प



**बैतूल, देशबन्धु।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मनोज हुरमाड़े ने डीईआईसी जिला शीघ्र हस्तक्षेप केन्द्र जिला चिकित्सालय में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण किया। सीचएमएचओ डॉ.मनोज कुमार हुरमाड़े ने कहा कि वास्तव में पर्यावरण संतुलन के लिये सबसे ज्यादा आवश्यक पौधरोपण है, यदि प्रत्येक कर्मचारी पौधारोपण का संकल्प ले तो यह कदम प्राकृतिक संतुलन के लिये बहुत प्रभावी होगा। इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ जगदीश घोरे, आरएमओ डॉ रानू वर्मा, वरिष्ठ अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ रूपेश कुमार पदमाकर, डॉ नीतेश चौकीकर एवं डीईआईसी मैनेजर योगेन्द्र दंवडे सहित अन्य मौजूद रहे।

## जिले में अभी तक 336.4 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज, बैतूल पानी-पानी

**बैतूल, देशबन्धु।** जिले की औसत वर्षा 1083.9 मि.मी. है तथा जिले में अभी तक 336.4 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है, जबकि गत वर्ष इस अवधि तक 197.1 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जिले में 9 जुलाई 2025 को प्रातः 8 बजे समाप्त 24 घंटों के दौरान 48.4 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि 09 जुलाई 2025 को प्रातः 8 बजे तक तहसील बैतूल में 44.4, घोड़ाडोंगरी में 105.0, चिचोली में 49.2, शाहपुर में 90.0, मुलताई में 19.0, प्रभात पट्टन में 57.2, आमला में 34.0, भैंसदेही में 17.0, आठनेर में 13.2. तथा भीमपुर में 55.0 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है।

## 15 वी हॉकी इंडिया जूनियर मेन्स टीम के लिए सलेक्शन ट्रॉयल 12, 13 जुलाई को

**इटारसी, देशबन्धु।** 15 वी हॉकी इंडिया जूनियर मेन्स नेशनल हॉकी चैम्पियनशिप 2025 जालंधर के लिए मध्यप्रदेश की जूनियन मेन्स टीम का सलेक्शन ट्रायल 12 एवं 13 जुलाई को जबलपुर में होगा। हॉकी नर्मदापुरम के अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह ठाकुर और सचिव साजिद मलिक ने बताया कि इस चयन ट्रायल में शामिल होने के खिलाड़ी का जन्म 1 जनवरी 2006 के पहले का होना चाहिए साथ ही वह हॉकी इंडिया से रजिस्टर्ड प्लेयर हो। जिले से 6 प्लेयर भेजे जाएंगे जो हॉकी नर्मदापुरम के पत्र के माध्यम से अनुशंसित होंगे।

### कर्मचारी भवन के पास सीटू के नेतृत्व में विशाल धरना-प्रदर्शन हुआ

# केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ श्रमिक संगठनों ने की हड़ताल, रैली निकालकर सौंपा ज्ञापन

**बैतूल, देशबन्धु।** देशभर की दस केंद्रीय श्रमिक यूनियनों के आह्वान पर केंद्र और राज्य सरकार की श्रमिक विरोधी नीतियों, सुप्रीम कोर्ट के आदेशों की अनदेखी और न्यूनतम वेतन लागू न करने के विरोध में बुधवार 9 जुलाई को बरसते पानी में भी विभिन्न संगठनों से जुड़े हजारों कर्मचारियों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और रैली निकालकर प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपे। कर्मचारी भवन के पास सीटू के नेतृत्व में विशाल धरना प्रदर्शन हुआ। केंद्र की भाजपा सरकार की शोषणकारी नीतियों और सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों की अवहेलना, आंगनवाड़ी व मेडिकल क्षेत्र से जुड़े कर्मियों को न्यूनतम वेतन 32 हजार मासिक न दिए जाने, सेवा समाप्ति पर ग्रेच्युटी, पुरानी पेंशन योजना की बहाली जैसी मांगों को लेकर यह हड़ताल की गई। धरना




स्थल से रैली निकालकर कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के नाम 19 सूत्रीय मांगों और एमआर यूनियन की 11 सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। इस हड़ताल में मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव यूनियन, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहायिका एकता यूनियन और ऑटो चालक यूनियन ने भी भाग लिया। हड़ताल का नेतृत्व सीटू नेता कामरेड कुंदन राजपाल, एमआर यूनियन अध्यक्ष राजेंद्र सिंह, सचिव पंकज साहू, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहायिका एकता यूनियन की जिला अध्यक्ष सुनीता राजपाल, महासचिव पुष्पा वाईकर ने किया। इन सभी संगठनों की उपस्थिति में जिले भर से आए प्रतिनिधियों ने हड़ताल को मजबूती दी। बारिश के बावजूद आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं व सहायिकाओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया और अधिकांश आंगनवाड़ी केंद्रों को बंद रखकर आंदोलन को सफल बनाया।

### आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को शासकीय कर्मचारी का दर्जा दिया जाए

इस मौके पर आंगनवाड़ी महासचिव पुष्पा वाईकर और नेता सुनीता तिवारी ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं का शोषण कर रही है। सेवानिवृत्ति पर कोई ग्रेच्युटी नहीं मिलती और पोषण ट्रैकर जैसे डिजिटल कामों का अतिरिक्त बोझ भी डाला जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमें शासन की योजनाएं घर-घर जाकर लागू करनी होती हैं लेकिन बदले में हमें कोई सरकारी दर्जा नहीं मिलता। उन्होंने मांग की कि आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को शासकीय कर्मचारी का दर्जा दिया जाए और उच्च गुणवत्ता वाला 5जी मोबाइल फोन भी उपलब्ध कराया जाए।

# जनसुनवाई में दिव्यांग कैलाश को मिली ट्रायसिकल, आने-जाने में अब नहीं होगी परेशानी



**हरदा, देशबन्धु।** शासन के निर्देशानुसार प्रत्येक मंगलवार को सभी कार्यालयों में जनसुनवाई कार्यक्रम में नागरिकों की समस्याएं सुनी जाती है और अधिकारी उनका मौके पर ही निराकरण करने का प्रयास करते है। मंगलवार को जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई में हरदा की जोशी कॉलोनी निवासी दिव्यांग युवक कैलाश कनाडे ने कलेक्टर सिद्धार्थ जैन को आवेदन देकर ट्रायसिकल की मांग की। दिव्यांग कैलाश के पास ट्रायसाइकिल न होने से उसे आने जाने में परेशानी हो रही थी।

कलेक्टर श्री जैन ने जनसुनवाई में उप संचालक सामाजिक न्याय कमलेश सिंह को दिव्यांग कैलाश को ट्रायसिकल दिलाने के निर्देश दिये। सामाजिक न्याय विभाग द्वारा दिव्यांग कैलाश कनाडे के आवेदन पर त्वरित कार्यवाही करते हुए जिला दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र द्वारा चिकित्सकीय जांच व दस्तावेजों के परीक्षण उपरान्त कैलाश का दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनवाया गया। बुधवार को चिकित्सक की अनुशंसा से कैलाश को ट्रायसिकल प्रदान की गई, जिससे कैलाश खुशी-खुशी अपने घर गया। कैलाश अपना दिव्यांगता प्रमाण-पत्र और ट्रायसिकल पाकर बहुत खुश है। कैलाश ने दिव्यांगता प्रमाण-पत्र और ट्रायसिकल के लिये मुख्यमंत्री डॉ. यादव व जिला प्रशासन को धन्यवाद दिया।

### डकैती, ड्रग्स और जुआ, हर मोर्चे पर कावरेती की करारी चोट, फिर क्यों

# छीपाबड़ थाना प्रभारी का होना था सम्मान, कर दिया अटैच?

**छीपाबड़ , देशबन्धु।** थाना प्रभारी आरपी कावरेती ने छीपाबड़ थाने का कार्यभार संभालते ही जैसे अपराध के खिलाफ एक खुला युद्ध छेड़ दिया था। यह राहत भरी खबर थी। केवल दो महीनों के भीतर अफीम, एमडी ड्रग्स, सट्टा-जुआ, डकैती और अवैध शराब के मामलों में जो कार्रवाई उन्होंने की, वह पूरे जिले में मिसाल बन गई। मुख्य घटनाओं में खामलाय डकैती के आरोपी की मुंबई से गिरफ्तारी, अंधे कत्ल का पर्दाफाश, नशीली दवाओं की बरामदगी, और सट्टा-जुए के गिरोहों की धरपकड़ शामिल हैं। इतना सब होते हुए उम्मीद की जा रही थी कि इस 15 अगस्त पर उनका सम्मान होगा किन्तु हुआ उल्टा। उन पर तबादले की मार पड़ गई। जनता के बीच यह सवाल चर्चा में है कि आखिर हुआ क्या है?

**फिर भी लाइन अटैच! तंत्र पर उठते सवाल:**-जैसे ही अपराधियों पर शिकंजा कसना शुरू हुआ, वैसी ही एक अप्रत्याशित व्यवस्था ने काम किया, कावरेती को फिर से लाइन अटैच कर दिया गया। सूत्रों के अनुसार, पहले भी उन्हें जून माह में एक पुरानी छिंदवाड़ा जांच के चलते हटाया गया था। बाद में मौखिक आदेश पर छीपाबड़ भेजा गया और अब फिर लाइन। क्या यह सामान्य प्रक्रिया है? या अपराधियों पर सख्त रवैया कुछ प्रभावशाली लोगों को खल गया? जिसने दो महीने में अपराध की कमर तोड़ दी, जनता का भरोसा लौटाया, उसे हटाना किस तर्क पर आधारित है? लोग यह मानते हैं कि कावरेती जैसे अफसर न केवल कानून व्यवस्था को मज़बूत करते हैं, बल्कि पुलिस विभाग की साख भी बढ़ाते हैं। ऐसे में बार-बार लाइन अटैच किया जाना पुलिस तंत्र की पारदर्शिता पर प्रश्नचिन्ह खड़ा करता है। कवरेती की सख्ती के चलते कई नामी अपराधी या तो अंडरग्राउंड हो गए थे या क्षेत्र छोड़ चुके थे। अब जब वे क्षेत्र में नहीं हैं, और अफसर को हटा दिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, आरपी कवरेती ने अब हरदा पुलिस लाइन में ड्यूटी जॉइन कर ली है।

## बारिश से बचाने नपाध्यक्ष ने कर्मचारियों को बांटी बरसाती

**बैतूल।** बैतूल। लगातार हो रही बारिश में भी नगर पालिका के कर्मचारी शहर की सफाई, जल निकासी और अन्य जरूरी व्यवस्थाओं को सुचारु बनाए रखने में जुटे हैं। ऐसे में बारिश के इस मौसम में उन्हें स्वास्थ्यगत परेशानी से बचाने और उनके कार्य को सहज बनाने के लिए एक संवेदनशील और सराहनीय कदम नगर पालिका परिषद बैतूल की ओर से उठाया गया है। यह पहल नगर पालिका परिषद बैतूल की अध्यक्ष श्रीमती पार्वती बारस्कर एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी बैतूल द्वारा संयुक्त रूप से की गई, जिससे नगर पालिका में कार्यरत महिला व पुरुष कर्मचारियों को राहत मिली।

# संभाग आयुक्त की अध्यक्षता में पचमढ़ी क्लब की बैठक में वित्तीय व्यवस्था पर हुई चर्चा

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** बुधवार को संभाग आयुक्त एवं पचमढ़ी क्लब के अध्यक्ष श्री कृष्ण गोपाल तिवारी की अध्यक्षता में पचमढ़ी क्लब की बैठक का आयोजन किया गया।बैठक में सीसीएफ अशोक कुमार, कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना, पुलिस अधीक्षक डॉ. गुरकरन सिंह, ब्रिगेडियर तामोजित विश्वास, कर्नल जितेंद्र सिंह चिब, एसडीएम पिपरिया श्रीमती अनीशा श्रीवास्तव, उप संचालक एसटीआर, लेफ्टिनेंट कर्नल ए.के. डगुरे, लेफ्टिनेंट कर्नल नीरजा ओझा, लेफ्टिनेंट कर्नल सुनील एम.एल., उपायुक्त राजस्व श्री गणेश जायसवाल, अपर कलेक्टर डी.के. सिंह, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती संपदा सराफ, डिप्टी कलेक्टर डॉ. बबीता राठौड़ सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे। बैठक के दौरान पचमढ़ी क्लब की कार्यकारिणी समिति के सदस्यों के चुनाव, क्लब के उपयोग एवं वित्तीय व्यवस्थाओं से संबंधित विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। साथ ही क्लब के मरम्मत कार्य एवं सौंदर्यीकरण से संबंधित बिंदुओं पर भी आवश्यक निर्णय लिए गए।संभाग आयुक्त एवं क्लब अध्यक्ष कृष्ण गोपाल तिवारी ने कहा कि सभी संबंधित विभागों एवं सदस्यों के समन्वित सहयोग से क्लब का संचालन सुनियोजित ढंग से किया जाएगा, ताकि क्लब के उपयोगकर्ताओं को बेहतर सुविधाएं मिल सकें।

## शंभू दरबार में होगा गुरु पूर्णिमा पर अनुष्ठान



**सोहागपुर, देशबन्धु।** सोहागपुर नगर मेंप्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी गुरु पूर्णिमा महोत्सव ब्रह्मलीन पंडित मनमोहन मुद्गल जी महाराज के पलाश परिसर स्थित श्री शंभू दरबार में मनाया जाएगा । इस अवसर पर वर्तमान गादीधारी गृहस्थ साधक पंडित प्रकाश मनमोहन मुद्गल के सानिध्य में विभिन्न कार्यक्रम संपन्न होंगे प्रातः महारुद्राभिषेक , गुरु दीक्षा, आशीर्वचन, भंडारा एवं संध्या में डॉ श्रीराम ठाकुर सरकार द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी । शंभू दरबार में प्रतिवर्ष प्रदेश भर से भक्त पहुंचते हैं जिनकी समस्याओं का हाल भी होता है ब्रह्मलीन मनमोहन प्रसाद महाराज के आशीर्वाद भक्तों की समस्याओं का हाल होता थाइस अवसर पर विभिन्न शहरों से शिष्य परिवार भी उपस्थित होगा ।

### स्वास्थ्य विभाग ने जारी की एडवाइजरी

# आकाशीय बिजली से संभावित दुर्घटनाओं से स्वयं को बचाएं

**हरदा , देशबन्धु।** आकाशीय बिजली यानि वज्रपात से बचाव के लिए स्वास्थ्य और चिकित्सा शिक्षा विभाग ने जन समुदाय के लिए आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए हैं। आमजन इन निर्देशों को अपनाकर आकाशीय बिजली से सुरक्षा और बचाव किया जा सकता है। आकाशीय बिजली या वज्रपात से आउटडोर यथा बाहरी गतिविधियों में शामिल लोग जैसे खेतों, औद्योगिक स्थानों, निर्माण और सामग्री हैंडलिंग वाले स्थलों पर काम करने वाले लोग सर्वाधिक संवेदनशील होते हैं। आकाशीय बिजली किसी भी समय गिर सकती है और यह मानसून के पहले जून-जुलाई में अधिक होती है। दोपहर और सायंकाल के बीच वज्रपात की घटनाएं सर्वाधिक देखी जाती हैं। जारी निर्देश में कहा गया है कि ऊंची नुकीली संरचनाओं, पेड़ों पर आकाशीय बिजली गिरने की अधिक संभावना होती है। ऐसे स्थानों से दूर रहने की सलाह दी गई है। धातु का मचान, धातु के उपकरण, पानी के पाइप या प्लम्बिंग, बिजली का संचालन करने वाली सामग्री अथवा सतहों के संपर्क से बचें। ऊंची अधोसंरचनाएं, पहाडी टेकरी, बिजली के खंभे, टेलीफोन के खंभे, ऊंचा पेड, छत, मचान, धातु की सीढी, बडी मशीन जैसे बुलडोजर, क्रेन और ट्रैक्टर जैसे वाहनों से दूर रहें। विस्फोट संभावित क्षेत्रों तथा उद्योग स्थलों से तत्काल सुरक्षित स्थल की ओर प्रस्थान करें। धातु युक्त वाहनों से विद्युत प्रवाह संभावित होने के कारण तुरंत सुरक्षित स्थलों की ओर जाएं। सडक पर होने पर तुरंत किसी भवन के अंदर शरण लें। आकाशीय बिजली के गर्जन सुनाई देने के बाद कम से कम 30 मिनट तक सुरक्षित स्थान पर बने रहें।

घर और कार्यस्थल पर सुरक्षात्मक उपाय अपनायें बिजली एवं इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के संपर्क से दूरी बनाए रखें। इन्हें पावर प्लग से पृथक करें।

# सीएमएचओ ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भैंसदेही का किया निरीक्षण




**भैंसदेही, देशबन्धु।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज कुमार हुरमाड़े ने 9 जुलाई को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भैंसदेही का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल परिसर में स्वच्छता रखने, मरीजों को बैठने की आवश्यक व्यवस्था करने, समस्त काउंटर चिकित्सालय समय पर विधिवत खोलने एवं समय पर उपचार करने के निर्देश दिये। इसके अलावा उन्ड़े होंने खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ स्वाति बरखड़े को भी आवश्यक निर्देश दिए। सीएमएचओ ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशानुरूप भैंसदेही चिकित्सालय में प्रसूता श्रीमती सोनाली पत्नी सदाशिव बड़ोदे निवासी ग्राम राखी एवं श्रीमती पूनम पत्नी राजेश पांसे निवासी बालनेर को उनके नवजात शिशुओं के जन्म प्रमाण पत्र अस्पताल से छुट्टी मिलने से पहले ही प्रदान किए। राष्ट्रीय कार्यक्रमों की समीक्षा ली गई। सिकल सेल एनीमिया की स्क्रीनिंग एवं टीबी स्क्रीनिंग को तत्काल रूप से बढ़ाने के निर्देश दिए। विकासखंड के टीबी एवं सिकल सेल स्क्रीनिंग की लक्ष्य पूर्ति में आने वाली कठिनाईयों को दूर करने एवं किस प्रकार शत प्रतिशत उपलब्धि अर्जित की जा सकती है तथा इसकी मॉनिटरिंग के विषय में विस्तृत निर्देश दिए। बैठक में खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ स्वाति बरखड़े, एमएडईओ मनोज चढोकार एवं डीसीएम कमलेश मसीह मौजूद रहे।

### चातुर्मास विशेष: शहर एक बार फिर आध्यात्मिक ऊर्जा से आलोकित होने जा रहा है

# आचार्य शीतलराज महाराज का चातुर्मास आज से होगा शुरू

**बैतूल, देशबन्धु।** शहर एक बार फिर आध्यात्मिक ऊर्जा से आलोकित होने जा रहा है। आचार्यश्री हस्तीमल जी म.सा. के परम तपस्वी शिष्य, संयम और साधना की मिसाल, आड़ा आसन त्यागी तपस्वी गुरुदेव शीतलराज जी म.सा. का चातुर्मास इस बार पुन: बैतूल के जैन स्थानक भवन में आरंभ हो रहा है। इससे पूर्व भी गुरुदेव ने बैतूल में चातुर्मास किया था, और अब एक बार फिर श्रद्धालुओं को उनके दर्शन व प्रवचन का सौभाग्य प्राप्त होगा। जैन धर्म में चातुर्मास का विशेष महत्व है और इसी क्रम में आज 10 जुलाई से चातुर्मास प्रारंभ हो रहा है। यह चातुर्मास बैतूल के जैन स्थानक भवन में होगा। चातुर्मास के दौरान प्रतिदिन सुबह 9 बजे से 10 बजे तक धर्मसभा आयोजित होगी, जिसमें गुरुदेव शीतलराज जी म.सा. के प्रवचनों से श्रद्धालु लाभान्वित होंगे। इसके अतिरिक्त दोपहर 3 बजे मौन मांगलिक का आयोजन किया जाएगा, जिसमें भक्तगण गुरुदेव की दिव्य उपस्थिति में शांत चित्त होकर आध्यात्मिक ऊर्जा का अनुभव करेंगे। चातुर्मास के अंतर्गत स्थानक भवन में दया तप की विशेष व्यवस्था की गई है, जहां श्रद्धालु संयम व सेवा भाव के साथ भाग ले सकेंगे। संघ के अध्यक्ष अरुण गोठी ने सभी श्रावक एवं



## चातुर्मास कलश स्थापना के साथ निकाली शोभायात्रा




**चिचोली ।** सकल जैन समाज एवं दिगंबर जैन तीर्थ अनेकांत धाम कमेटी के तत्वावधान में जैन मुनियों के पावन वर्षा योग ,चातुर्मास कलश स्थापना कार्यक्रम आयोजित किया गया चातुर्मास कलश स्थापना कार्यक्रम नगर के संत निवास में बुधवार को आर्यिका रत्न विरम्या माता जी एंव आर्यिका रत्न विसंयोजना माता जी के सानिध्य आयोजित हुआ । जैन धर्मावलंबियो ने मंत्रोपचार के बीच पांच दिव्य चातुर्मास कलश स्थापित किए गए । इससे पूर्व श्रद्धालुओं ने नगर में भव्य शोभा यात्रा निकाली यात्रा संत निवास पहुंची वहां माता जी का जिनवाणी कार्यक्रम और पाद प्रक्षालन किया । सकल जैन समाज और नगर की गणमान्य नागरिकों की ओर से माताजी को श्रीफल भेंट कर चातुर्मास कलश स्थापना के लिए निवेदन किया गया माताजी ने श्रद्धालुओं को प्रवचन में बताया कि वर्षा योग चातुर्मास भक्तों में आनंद व खुशी प्रदान करने और ईश्वर में भक्ति का माह है ।

# काम की खबर: यदि बोवनी खराब है तो मिलेगी फसल बीमा राशि, कंपनी टाल नहीं सकेगी बात




*बैतूल, देशबन्धु। वर्तमान खरीफ सत्र में बहुत से किसानों की सोयाबीन या अन्य खरीफ फसल बीज खराब होने या वर्षा कम या अधिक होने के कारणों से बोवनी खराब होती है तो ऐसे किसान प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत फसल बीमा राशि प्राप्त करने के अधिकारी होते है।*

*एडवोकेट दिनेश यादव ने बताया कि जिन किसानों की खरीफ फसल की बोवनी खराब हुई है, ऐसे किसानों को फसल बीमित राशि की 25 प्रतिशत राशि योजना अनुसार दी जानी चाहिए, इसमें शर्त यही है कि जिन बैंको में किसानों का के.सी.सी. खाता है उन बैंको द्वारा किसानों के कृषि ऋण से बीमा प्रीमियम राशि जमा किया जाना आवश्यक है। यदि किसान डिफाल्टर है या उसका के.सी.सी. ऋण नहीं है तो ऐसे किसानों को अऋणी कृषक के रूप में बीमा कराया जाना आवश्यक है।*

*सभी बैंकों द्वारा 15 से 30 जुलाई के मध्य किसानों के केसीसी खाते से बीमा प्रीमियम राशि काटकर बीमा कम्पनी को भेजी जाना है, किसानों को अपने कृषि भूमि में बोई गई फसल की जानकारी, यदि उन्होंने अपनी फसल बदली है तो बैंकों को लिखित में दिया जाना जरूरी है क्योंकि कृषि ऋण लेते समय किसानों का बैंकों के साथ हुए अनुबंध में फसल लिखी होती है, यदि उस फसल से अन्य फसल की बोनी किसान ने की है तो उसे बैंक को इस संबंध में जानकारी दिया जाना आवश्यक है। इस योजना के अनुसार एक बार बीमा राशि प्राप्त करने के बाद वर्तमान खरीफ सत्र में शेष बीमा आवरण से किसान बाहर हो जाता है, यानी कि इसी फसल में यदि बाद में कोई नुकसानी होती है तो वह बीमा राशि प्राप्त करने का अधिकारी नहीं होगा। बहुत से किसानों की खरीफ फसल बोनी बीज खराब होने, दवाई के कारण और वर्षा के कारण खराब होती है, ऐसे किसानों को बीमा कंपनी, कृषि विभाग, तहसीलदार व बैंक को आवेदन देकर अपनी बोनी बिगड़ने के संबंध में सूचना देना चाहिए ।*

## ताप्ती तीरे

### सार-समाचार

#### भैंसदेही में 25 को लगेगा मोतियाबिंद जांच परामर्श एवं ऑपरेशन शिविर

**बैतूल, देशबन्धु।** युवा साहू समाज सेवा संगठन जिला बैतूल एवं चिरायु मेडिकल कॉलेज अस्पताल भोपाल के तत्वावधान में भैंसदेही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 25 जुलाई शुक्रवार को मोतियाबिंद जांच परामर्श एवं ऑपरेशन शिविर का आयोजन 11 बजे से 2 बजे तक आयोजित किया जाएगा। आयोजन समिति के गोपाल साहू, प्रहलाद साहू ने बताया कि इस शिविर में 60 वर्ष से अधिक उम्र के मरीज के आंखों की जांच की जाएगी एवं जिन मरीजों की आंखों में मोतियाबिंद पाया जाएगा, उन सभी मरीजों के ऑपरेशन चिरायु मेडिकल कॉलेज अस्पताल भोपाल में किए जाएंगे।

#### गायत्री परिवार मनाएगा गुरु पूर्णिमा पर्व सुबह से शुरू होंगे कार्यक्रम, पूजन

**बैतूल, देशबन्धु।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में गुरु पूर्णिमा पर्व हर्ष और उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। गायत्री परिवार के जिला समन्वयक डॉ. कैलाश वर्मा एवं जिला सह-समन्वयक रविशंकर पारखे ने बताया कि आज 10 जुलाई को गायत्री परिवार के सभी प्रज्ञा संस्थानों, नवचेतना केन्द्रों, प्रज्ञा मंडलों, महिला मंडलों व युवा मंडलों में गुरु पूर्णिमा पर्व मनाया जाएगा। इस अवसर पर मंत्र जप एवं गायत्री यज्ञों का आयोजन किया जाएगा। आज से ही 40 दिवसीय गायत्री साधना व ब्रह्मास्त्र अनुष्ठान का शुभारंभ होगा। परिजन गायत्री महामंत्र एवं महामृत्युंजय मंत्र का जप करेंगे। स्कूलों में विद्यारंभ संस्कार भी कराए जाएंगे।

#### आशाराम आश्रम में आज हर्षोल्लास से मनाई जाएगी गुरुपूर्णिमा, होगा पूजन

**बैतूल, देशबन्धु।** संत श्री आशारामजी आश्रम, रानीपुर रोड चिखलार बैतूल में श्री योग वेदांत सेवा समिति बैतूल के तत्वावधान में आज 10 जुलाई को गुरुपूर्णिमा का पर्व हर्षोल्लास से मनाया जाएगा। समिति के संरक्षक राजेश मदान ने बताया कि प्रात: 9 बजे से श्री पादुका पूजन, सत्संग, मानस पूजन, श्री आशारामायण जी का पाठ, भजन, कीर्तन का आयोजन होगा एवं दोपहर 12 बजे महाआरती और प्रसाद वितरण के बाद भंडारे का कार्यक्रम भी आयोजित होगा। श्री मदान ने जिले के समस्त साधकों एवं धर्मप्रेमी जनता से आयोजन में अधिक से अधिक संख्या में गुरुपूर्णिमा के कार्यक्रम में शामिल होने का आग्रह किया है। भारतीय संस्कृति की महान परंपरा में गुरु पूर्णिमा एक ऐसा उज्ज्वल पर्व है जो श्रद्धा कृतज्ञता और आध्यात्मिक ज्ञान का प्रतीक है। गुरु शिष्य परम्परा वास्तव में मानवता के लिए एक वरदान है। गुरु पूर्णिमा महर्षि वेदव्यास जी की अवतरण तिथि है। गुरु की पूजा सभी देवताओं की पूजा के समान है।

#### सिसल फाइबर उन्नयन कौशल प्रशिक्षण में बताई गई बारीकियां

**बैतूल, देशबन्धु।** 10 जून से 9 जुलाई तक सिसल फाइबर उन्नयन कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम बुधवार को संपन्न हुआ। जिसमें 30 हितग्राहियों को इस सीसल फाइबर रेशे की तरह के हस्तशिल्प वस्तुओं को बनाने का विधिवत प्रशिक्षण दिया जा रहा है। सिसल फाइबर कम लोच वाला, सख्त और मजबूत होता है। यह मैटिंग, खुरदरे हैंडबैग, रस्सियां, डोरी, खास तौर पर समुद्री रस्सी जहां समुद्री पानी के लिए अच्छे प्रतिरोध की आवश्यकता होती है और कालीन जैसी वस्तुओं के निर्माण में महत्वपूर्ण है। इस कार्यक्रम का आयोजन मप्र विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद विज्ञान भवन भोपाल के द्वारा किया गया। अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार और सचिव जोगेंद्र कुमार यादव ने इस बारे में विस्तार से समझाया।

## भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन ने किया सख्त विरोध, लिखा पत्र

# मेडिकल शिक्षा पर संकट को लेकर चिंता, सरकार पुनः सोचे





**बैतूल, देशबन्धु।** प्रदेश में मेडिकल शिक्षा पर संकट के बादल मंडराने लगे हैं। सरकार के एक फैसले ने विद्यार्थियों से लेकर शिक्षकों और संगठनों तक की नींद उड़ा दी है। भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन के नेता अमन खान ने इस फैसले की आलोचना करते हुए कहा कि मध्यप्रदेश की एकमात्र मेडिकल यूनिवर्सिटी को बंद करने का फरमान जारी कर सरकार ने एक बार फिर छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने का काम किया है। खान ने इसे प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था के लिए घातक करार दिया है।

यह निर्णय जहां विद्यार्थियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ है, वहीं चिकित्सा क्षेत्र की पारदर्शिता और गुणवत्ता पर भी बड़ा आघात है। अमन खान ने कहा कि रीजनल यूनिवर्सिटी पहले से ही कई संकायों को संभाल रही है, ऐसे में मेडिकल कोर्सेज का जिम्मा सौंपना एक बुद्धिहीन निर्णय है। इससे व्यवस्थाएं चरमरा जाएंगी और भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिलेगा।

**लाखों मेडिकल छात्रों का भविष्य दांव पर :** उन्होंने सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि मेडिकल यूनिवर्सिटी जबलपुर की कमियों को दूर कर उसे यथावत चालू रखा जाना चाहिए, ताकि न तो छात्रों को भटकना पड़े और न ही संबंधित चिकित्सकों को परेशानी हो। अमन खान ने मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव और प्रदेश सरकार से अपील की कि इस तुगलकी फरमान को तत्काल रद्द किया जाए। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के कई विधायक भी स्वयं चिकित्सक हैं, जिन्हें प्रदेश में मेडिकल यूनिवर्सिटी की आवश्यकता का भलीभांति ज्ञान है। इसके बावजूद सरकार इस प्रकार का निर्णय लेकर लाखों मेडिकल छात्रों का भविष्य दांव पर लगा रही है।

**निर्णय वापस नहीं लेने पर नहीं होगा आंदोलन :** एनएसयूआई ने यह स्पष्ट कर दिया है कि यदि सरकार ने यह निर्णय वापस नहीं लिया, तो वे प्रदेश की राजधानी भोपाल में समस्त मेडिकल छात्रों के साथ उग्र आंदोलन करेंगे और सरकार को झुकने पर मजबूर कर देंगे। संगठन ने चेतावनी दी कि मेडिकल शिक्षा से जुड़े इस संवेदनशील मामले में चुप्पी नहीं चलेगी और यदि छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ हुआ, तो आंदोलन के जरिए इसका तीव्र विरोध किया जाएगा।

# बैतूल में हड़ताल का रहा व्यापक असर, बैंकों से लेकर डाकघर तक पसरा रहा सन्नाटा

- प्रदर्शन के दौरान लेबर कोड्स हटाओ, पुरानी पेंशन बहाल करो के लगाए नारे




**बैतूल, देशबन्धु।** केंद्र सरकार की जनविरोधी और श्रमविरोधी नीतियों के खिलाफ देशभर में 9 जुलाई 2025 को 10 केंद्रीय संगठनों की राष्ट्रव्यापी हड़ताल आयोजित की गई। इसी क्रम में बैतूल जिले के विभिन्न विभागों से जुड़े कर्मचारियों ने पीएनबी बैंक बैतूल के सामने एकत्र होकर जोरदार प्रदर्शन किया। हड़ताल की अगुवाई ऑल इंडिया बैंकिंग एंप्लॉई एसोसिएशन के निर्देशानुसार की गई, जिसमें मध्यप्रदेश बैंकिंग एंप्लॉई एसोसिएशन के तत्वावधान में यह आयोजन हुआ।

हड़ताल का असर बैतूल जिले में व्यापक रूप से देखने को मिला। बैंकिंग, बीमा, डाक सेवाएं, परिवहन, कोयला, बिजली, राजस्व, बीएसएनएल, आयकर, आंगनवाड़ी, आशा-उषा कार्यकर्ता, मध्यान्ह भोजन योजना, खेत-खलिहान, भवन निर्माण समेत विभिन्न विभागों के कर्मचारियों की भागीदारी के चलते सरकारी और अर्द्धसरकारी संस्थानों में कामकाज पूरी तरह ठप रहा। बैंकों में लेन-देन बंद रहा, पोस्ट ऑफिस की सेवाएं प्रभावित हुईं और सरकारी दफ्तरों में उपस्थिति नगण्य रही। हड़ताल का प्रभाव आम जनजीवन पर साफ नजर आया।

मध्यप्रदेश बैंक बैंकिंग एंप्लॉई एसोसिएशन के जिला उपाध्यक्ष और बैंक ऑफ इंडिया एम्प्लाइज यूनियन, खंडवा यूनिट के उपाध्यक्ष मनोज वाधवा ने बताया कि यह विश्व की सबसे बड़ी हड़तालों में से एक है। उन्होंने बताया कि इस हड़ताल में देशभर के करोड़ों कामगार, कर्मचारी, अधिकारी शामिल हुए।

**यह है प्रमुख मांगे :** इस प्रदर्शन की प्रमुख मांगों में चारों श्रम संहिताओं और नए लेबर कोड्स को रद्द करने, असंगठित, योजना और अनुबंध श्रमिकों के लिए 26 हजार की राष्ट्रीय न्यूनतम मासिक वेतन, न्यूनतम 9 हजार पेंशन प्रतिमाह, सभी के लिए सामाजिक सुरक्षा, पुरानी पेंशन योजना की बहाली और एनपीएस एवं यूपीएस को खत्म करने की मांगें शामिल रहीं।

**विभिन्न विभागों के कर्मचारी हुए हड़ताल में शामिल :** इस राष्ट्रव्यापी प्रदर्शन में बैतूल जिले के विभिन्न विभागों से जुड़े साथियों ने जोश और निष्ठा से भाग लिया। इनमें राजेश, देशपांडे जी, रूपाली, अभिलाष, भरत, दीपक कोरी, अजय पवार, मोनिका, कमलेश, अक्षय देशमुख, दीक्षा, निकिता, संतोष, सुरेश और सृजन शर्मा जैसे साथियों की सक्रिय सहभागिता रही।

# घर के सामने लगा दिया टीनशेड और गोबर का ढेर, विरोध करने पर महिला से मारपीट



**बैतूल, देशबन्धु।** तहसील प्रभातपट्टन अंतर्गत ग्राम नांदकुड़ी का एक फरियादी परिवार न्याय की उम्मीद में कई बार जनसुनवाई और सीएम हेल्पलाइन तक पहुंचा, लेकिन परिवार को न तो प्रशासन से राहत मिली और न ही पुलिस से संरक्षण मिला है। ग्राम नंदकुड़ी में एक महिला और उसका परिवार शासकीय जमीन पर अतिक्रमण का सामना कर रहा है, विरोध करने पर मारपीट और धमकियों की पीड़ा भी झेल रहा है। ग्राम नंदकुड़ी के निवासी झनकलाल खाकरे ने आरोप लगाया है कि उनके घर के सामने स्थित शासकीय भूमि खसरा नंबर 256/22 रकबा 0.101 है पर अवैध रूप से शिशुपाल खाकरे द्वारा विगत 10 जनवरी की रात में 20-15 फीट का टिनशेड बना लिया गया है। इस टपरे के साथ ही गोबर का घुड़ा भी उनके घर के सामने डाल दिया गया है, जिससे परिवार का रहना दूभर हो गया है।

झनकलाल खाकरे की पत्नी शिवकली खाकरे ने आरोप लगाया कि जब उन्होंने अतिक्रमण हटाने की बात कही तो शिशुपाल खाकरे ने अपने परिवार के चार-पांच लोगों के साथ मिलकर बुरी तरह पिटाई की। यह हमला पहली बार नहीं हुआ, दो बार पहले भी शिकायत थाना मासोद में दर्ज कराई गई है, पर कोई कार्रवाई नहीं हुई।

## प्रशिक्षण में सीखी मियावाकी तकनीक से जंगल उगाने की विधि

# गांव-गांव में पानी की गुणवत्ता सुधारने जुटी जल समिति



**भीमपुर / चिचोली, देशबन्धु।** जल ही जीवन है, और हर घर तक शुद्ध जल पहुंचाने के संकल्प को लेकर भारत सरकार का जल जीवन मिशन अब गांव-गांव में नई चेतना जगा रहा है। इसी कड़ी में बैतूल जिले के चिचोली और भीमपुर विकासखंडों में जल एवं स्वच्छता समिति के पदाधिकारियों को ग्राम स्तरीय एक दिवसीय पुनश्चर्या प्रशिक्षण देकर उन्हें मिशन की बारीकियों, संचालन पद्धति और जल संरक्षण की तकनीकी जानकारी से सशक्त किया गया। यह प्रशिक्षण 5 जुलाई को खेड़ली बाजार के सुंदरम लॉन तथा 7 एवं 9 जुलाई को भीमपुर के सुनहरा लॉन चिचोली में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री मनोज कुमार बघेल के निर्देशन में संपन्न हुआ। प्रशिक्षण में 30 ग्रामों देहलवाड़ा, भयावाड़ी, केकड़िया, भालदेही, कारोपानी, जामुनबिछुआ, सिमरिया, बिसीघाट, बोदुलरैयत, खाड़ेपिपरिया, आदर्शधनोरा, हिड़ली, आदर्शपिपरिया, भीमपुर, चिखली, कुण्डबकाजन, गुल्लरढाना, कुटंगा, लकड़जाम, रतनपुर, बेला, नांदरा, भुरभुर, टाड़ा, चुरनी, अजई, आलमगढ़, आमापुरा, मलाजपुर, पाठाखेड़ा आदि से प्रतिनिधियों ने भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान जिला समन्वयक एस एल मर्सकोले और भूपेन्द्र मेनवे ने बताया कि जल जीवन मिशन की संरचना 73वें संविधान संशोधन के अनुरूप की गई है, जिसमें ग्रामवासियों की भागीदारी अनिवार्य है। प्रत्येक ग्राम को अपनी आवश्यकताओं के अनुसार ग्राम कार्य योजना तैयार करनी होती है, जिससे प्रत्येक घर को घरेलू नल कनेक्शन उपलब्ध कराया जा सके। इस पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया था, और अब तीन माह उपरांत यह पुनश्चर्या प्रशिक्षण आयोजित किया गया।

*जापान के प्रसिद्ध बॉटनिस्ट डॉ. अकीरा मियावाकी द्वारा विकसित मियावाकी तकनीक की दी जानकारी। प्रशिक्षण में कुल 150 प्रतिनिधि शामिल हुए, जिनमें सरपंच, पंच, सचिव, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता, पंप ऑपरेटर, प्लम्बर और स्व-सहायता समूहों के सदस्य शामिल थे। प्रशिक्षण के मास्टर ट्रेनर महेश गुंजेले ने जापान के प्रसिद्ध बॉटनिस्ट डॉ. अकीरा मियावाकी द्वारा विकसित मियावाकी तकनीक की जानकारी दी। प्रशिक्षण के दौरान सभी प्रतिभागियों ने एक पेड़ माँ के नाम संकल्प लेकर पौधा रोपण का वचन लिया। प्रशिक्षण में महेश गुंजेले, निलेश रघुवंशी, कुलभूषण, मोगिया उइके आदि ने सहयोग दिया।*

# गर्भवती महिलाओं की सुरक्षा को लेकर सीएमएचओ ने दिए निर्देश



**बैतूल, देशबन्धु।** जिले में जिला चिकित्सालय, सिविल अस्पताल और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर प्रतिमाह की 9 और 25 तारीख को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मनोज हुरमाड़े ने बताया कि 9 जुलाई को जिले की स्वास्थ्य संस्थाओं में आयोजित शिविर में गर्भवती महिलाओं की चिकित्सकीय जांच हुई। इनमें गर्भवती महिलाओं को हाई रिस्क के रूप में चिन्हित किया गया। इनकी नियमित निगरानी कर उचित प्रबंधन के साथ ही सुरक्षित प्रसव करवाया जाएगा ।

सीएमएचओ डॉ.हुरमाड़े ने बताया कि शिविर का उद्देश्य गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व स्वास्थ्य संस्था में आवश्यक जांचे, चिकित्सकीय परीक्षण, परामर्श और हाई रिस्क महिलाओं का उचित प्रबंधन कर संस्थागत सुरक्षित प्रसव करवाना है जिससे मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को कम किया जा सके।

# विहिप ने रानीपुर गौशाला में मनाया सेवा सप्ताह



**बैतूल, देशबन्धु।** विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल ने रानीपुर गौशाला में सेवा सप्ताह मनाया। विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के प्रांत गौ रक्षा प्रमुख कृष्णकांत गावंडे ने बताया कि गौशाला और प्रांगण की साफ-सफाई की गई। इस दौरान पर्यावरण संरक्षण के तहत पौधा रोपण भी किया गया। पूरे प्रांत में सेवा सप्ताह मनाया गया। इस अवसर पर रानीपुर गौशाला परिसर को साफ-सुथरा किया गया और पौधे लगाए गए। इस दौरान उन्होंनें सेवा सप्ताह के महत्व को बताते हुए अधिक से अधिक सेवा कार्य करने की अपील की। उन्होंने कहा कि समाज में स्वच्छता, स्वास्थ्य और पर्यावरण के प्रति जागरूकता लाने के लिए यह अभियान आवश्यक है। इस अवसर पर रानीपुर गौशाला के संरक्षक वीरेंद्र बिलगैया, विभाग संयोजक चंचल सिंह राजपूत, जिला सह मंत्री मनीष सिंह रघुवंशी थे।

# ब्लॉक अध्यक्ष सहित 6 पदों के लिए हो रहे हैं चुनाव







**विलास खातरकर, आठनेर, देशबन्धु।** सत्तारूढ़ भाजपा को कड़ी टक्कर देने की नियत से कांग्रेस पार्टी द्वारा पूरे प्रदेश में युकां के ऑनलाइन संगठनात्मक चुनाव करवाए जा रहे हैं, जिसमें कांग्रेस की मंशानुरूप इस बार न्यू पैटर्न से ऑनलाइन सदस्यता तथा वोटिंग करवाई जा रही है। जिसमें पदाधिकारियों और मतदाताओं की आयु सीमा 18 वर्ष से 35 वर्ष निर्धारित की गई है। मोबाइल ऐप के माध्यम से यह चुनाव संपन्न करवाए जा रहे हैं, जिसमें युवा कांग्रेस के 6 प्रमुख पदों के लिए चुनाव हो रहे हैं 19 जुलाई तक प्रदेश अध्यक्ष प्रदेश महासचिव जिला अध्यक्ष जिला महासचिव विधानसभा अध्यक्ष तथा ब्लॉक अध्यक्ष के लिए प्रतिनिधि चुने जाएंगे। आठनेर में ब्लॉक अध्यक्ष पद हेतु दो प्रमुख युवा नेता योगेश लहरपूरे तथा आकाश लहरपूरे उर्फ जोरावर चुनाव लड़ रहे हैं। आठनेर क्षेत्र में दो गुट प्रमुख रूप से कार्य कर रहे हैं दोनों गुटों के प्रत्याशी मैदान में दमदारी से डटे है तथा दोनों ही उम्मीदवार अपनी अपनी जीत का दंभ भर रहे हैं।

**गांव-गांव की खाक छान रहे हैं युकां नेता :** भारी बारिश में भी यूकां उम्मीदवारों द्वारा गांव-गांव गली गली मोहल्ले मोहल्ले घूमकर टीम भावना से सदस्यता अभियान में जुटी है सदस्यता शुल्क 50 रखी गई है जिसकी सदस्यता एवं वोटिंग 20 जून से 19 जुलाई तक निर्धारित की गई है जिसमें मतदाताओं को मोबाइल ऐप के माध्यम से छह चरणों में जानकारी भरकर युवा कांग्रेस के 6 महत्वपूर्ण पदों के लिए वोटिंग करना है हालांकि ग्रामीण अंचलों में नेटवर्क के कारण ऐप में कुछ परेशानियां आ रही है जिसके चलते युवा नेताओं द्वारा प्रतिदिन की सदस्यता का लक्ष्य निर्धारित कर गांव-गांव की खाक छानी जा रही है ।

**अन्य पदों के लिए भी कड़ा मुकाबला :** बैतूल विधानसभा में आठनेर क्षेत्र का महत्वपूर्ण स्थान है यहां यूकां ब्लॉक अध्यक्ष के अलावा अन्य पदों के लिए भी काफी खिंचतान है कांग्रेस के दोनों गुटों से अलग-अलग प्रत्याशी मैदान में पुरजोरी से डटे है दोनों गुटों की अपनी ढ़पली अपना राग है ।

## गुरुपूर्णिमा विशेष: खाटू पहुंचकर किए बाबा श्याम के दर्शन, भक्ति, संकल्प और सेवा से सराबोर पदयात्रा

# बाबा श्याम का ऐसा भक्त : 901 किलोमीटर का सफर, आस्था से जीतता गया हर पड़ाव



*बैतूल, देशबन्धु। कलयुग में श्रीकृष्ण के अवतार के रूप में पूजे जाने वाले बाबा श्याम के नाम पर जब आस्था जागती है, तो राहें खुद ब खुद आसान हो जाती हैं। ग्राम भडूस के रोहित ठाकुर ने इसी आस्था के सहारे 901 किलोमीटर की श्री खाटू धाम की पदयात्रा पूरी कर भक्ति की मिसाल कायम की।*

*रोहित ने साबित कर दिया कि जब दिल में धर्म और आस्था की ज्वाला हो, तो कोई भी डगर कठिन नहीं होती। पूरे 23 दिनों तक धूप-बारिश की परवाह किए बिना, केवल नाम और निशान के सहारे खाटू धाम की ओर बढ़ते इस युवा भक्त की यह पदयात्रा अब गांव-गांव में भक्ति की प्रेरणा बन चुकी है।*

*रोहित ठाकुर खाटूश्याम बाबा के परम श्रद्धालु हैं। उन्होंने लगातार दूसरी बार बाबा के निशान के साथ पदयात्रा कर भक्ति का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किया है। गांव भडूस से बाबा का ध्वज लेकर निकले रोहित ठाकुर ने रास्ते में हर पड़ाव पर बाबा का पूजन और दर्शन कर अपनी आस्था को और अधिक दृढ़ किया। इटारसी, भोपाल, ब्यावरा, खिलचीपुर, कोटा होते हुए अंत में राजस्थान स्थित खाटूधाम पहुंचकर बाबा के चरणों में निशान चढ़ाया गया। इस निशान यात्रा के अंत में उन्होंने बाबा के चरणों में चंडी (ध्वज) अर्पित किया। उनका कहना है कि जब तक शरीर में प्राण हैं, यह यात्रा निरंतर जारी रहेगी। भक्ति से सराबोर इस पदयात्रा में रोहित ठाकुर ने हर दिन सुबह बाबा के नाम का जाप कर यात्रा शुरू की और रात को आरती व कीर्तन के साथ विश्राम किया। रास्ते में मिले सैकड़ों श्रद्धालु उनके सेवा भाव से अभिभूत हुए और बाबा के जयकारों से वातावरण गुंजायमान होता रहा।*

***यह यात्रा नहीं, आत्मा और परमात्मा का मिलन है : दीपक मालवीय :*** *राष्ट्रीय हिंदू सेना के प्रदेश अध्यक्ष दीपक मालवीय ने कहा कि रोहित ठाकुर जैसे युवाओं की भक्ति वर्तमान युग में आशा की वह किरण है जो समाज को धर्म, सेवा और संस्कारों से जोड़ती है। यह यात्रा केवल एक पदयात्रा नहीं, यह आत्मा और परमात्मा के मिलन की वह यात्रा है जहां शरीर थक सकता है, पर आत्मा और श्रद्धा थकती नहीं।*

देशबन्धु

# [ अर्थ जगत ]

**पेट्रोल और डीजल की कीमतें अपरिवर्तित**

**नई दिल्ली।** अंतराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी जारी रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम अपरिवर्तित रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपए प्रति लीटर पर रहा।



### सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| बजाज फाइनेंस | 1.40 प्रतिशत |
| हिंद यूनिलीवर | 1.24 प्रतिशत |
| अल्ट्राटेक | 0.90 प्रतिशत |
| एमएंडएम | 0.62 प्रतिशत |
| पावर ग्रिड | 0.59 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| एचसीएल टेक | 2.03 प्रतिशत |
| टाटा स्टील | 1.82 प्रतिशत |
| टेक महिंद्रा | 1.39 प्रतिशत |
| रिलायंस | 1.28 प्रतिशत |
| बीईएल | 1.01 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 96,085 |
| बिटुर | 88,730 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 39,795 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 1,07,280 |
| वायदा | 70,857 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 900 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 77.85 | 90.26 |
| पौंड स्टर्लिंग | 105.22 | 122.04 |
| यूरो | 88.88 | 103.09 |
| चीन युआन | 8.4 | 13.63 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दड़ा | 3100-3200 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### शुगर

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 4280-4380 |
| चीनी एम | 4500-4600 |
| मिल डिलीवरी | 3620-3720 |
| गुड़ | 4400-4500 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 5700-5800 |
| दाल चना | 7789-7818 |
| मसूर काली | 8006-8032 |
| उड़द दाल | 10556-10561 |
| मूंग दाल | 10133-10146 |
| अरहर दाल | 11130-11132 |

## भारतीय बैंकों को ब्याज दर के प्रभाव का बेहतर आंकलन करने की जरूरत : रिपोर्ट

### कम ब्याज दरें हमेशा अधिक उधार में तब्दील नहीं होती

**नई दिल्ली,** 9 जुलाई (एजेंसियां)। मुख्य बैंकिंग मानकों जैसे एडवांस, जमा और शुद्ध ब्याज आय (एनआईआई) में रेपो रेट में बदलाव सबसे विश्वसनीय प्रीडिक्टर है, जो ऋण गतिविधियों को प्रभावित करते हैं। बुधवार को जारी एक रिपोर्ट में कहा गया है कि बैंकों को ब्याज दर के प्रभाव का बेहतर आंकलन करने की आवश्यकता है। बोस्टन कंसल्टिंग ग्रुप (बीसीजी) की एक स्टडी से पता चला है कि दरों में बदलाव का बैंकिंग प्रदर्शन पर पूरा प्रभाव दिखने में 12 से 24 महीने लगते हैं क्योंकि इसका प्रभाव न तत्काल होता है और न ही एक समान होता है।

बीसीजी के पार्टनर और निदेशक दीप नारायण मुखर्जी ने कहा कि अक्सर ऐसी नीतिगत दरें अर्थव्यवस्था को शांत करने और मुद्रास्फीति पर लगाम लगाने के लिए बढ़ाई जाती हैं। मुखर्जी ने आगे कहा कि हालांकि दरें सक्षमकर्ता के रूप में कार्य करती हैं, लेकिन ऋण का



ऋण का वास्तविक विस्तार उधारकर्ताओं की भावना और ऋणदाताओं की जोखिम उठाने की क्षमता पर निर्भर करता है : दीप नारायण मुखर्जी

वास्तविक विस्तार उधारकर्ताओं की भावना और ऋणदाताओं की जोखिम उठाने की क्षमता पर निर्भर करता है।

स्टडी के अनुसार, भले ही दरों में बदलाव सभी शेड्यूल्ड कमर्शियल बैंक (एससीबी) को प्रभावित करते हैं बावजूद इसके रेपो दर सभी मानकों में सबसे सटीक प्रीडिक्टर है।

### भारतीय एनबीएफसी कंपनियों की बढ़ सकती है एजुकेशन लोन एयूएम : क्रिसिल

**नई दिल्ली।** भारत में गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) के लिए एजुकेशन लोन पोर्टफोलियो सबसे तेजी से बढ़ने वाला परिसंपत्ति वर्ग रहा है, जिसकी प्रबंधनाधीन परिसंपत्तियों (एयूएम) में पिछले कुछ वर्षों में 50 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दर्ज की गई है। यह जानकारी बुधवार को जारी हुई एक रिपोर्ट में दी गई है। क्रिसिल रेटिंग्स की रिपोर्ट में बताया गया कि वित्त वर्ष 26 में यह वृद्धि घटकर 25 प्रतिशत रह जाने का अनुमान है और एयूएम 80,000 करोड़ रुपए तक पहुंचने का अनुमान है। वृद्धि में कमी की रफ्तार को कम करने के लिए एनबीएफसी नए भौगोलिक क्षेत्रों में विस्तार कर रही हैं और उत्पादों में विविधता ला रही हैं। रेटिंग एजेंसी ने बताया कि भारतीय एनबीएफसी का एजुकेशन लोन एयूएम पिछले वित्त वर्ष में 48 प्रतिशत बढ़कर 64,000 करोड़ रुपए हो गया था। वहीं, वित्त वर्ष 24 में इसमें 77 प्रतिशत का इजाफा हुआ था। क्रिसिल रेटिंग्स की निदेशक मालविका भोटिका ने कहा कि अमेरिका में नीतिगत अनिश्चितताओं, वीजा अपॉइंटमेंट में कमी और वैकल्पिक व्यावहारिक प्रशिक्षण मानदंडों को समाप्त करने के प्रस्ताव जैसे उपायों के कारण नए लोन की मांग में कमी आई है। इसके कारण पिछले वित्त वर्ष में इस भौगोलिक में कुल लोन वितरण में 30 प्रतिशत की गिरावट आई है।

## भारत ऊर्जा के एक नए युग में प्रवेश करने को तैयार : पुरी

**नई दिल्ली,** 9 जुलाई (एजेंसियां)। केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने बुधवार को कहा कि दुनिया के सबसे बड़े ऑफशोर एनर्जी एक्सप्लोरेशन प्रयासों में से एक के रूप में, भारत ओपन एकरेज लाइसेंसिंग प्रोग्राम (ओएएलपी) के दसवें दौर के तहत 2.5 लाख वर्ग किलोमीटर से अधिक एरिया में एक्सप्लोरेशन करने के लिए तैयार है।

केंद्रीय मंत्री पुरी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि हम ऊर्जा के एक नए युग में प्रवेश करने के लिए तैयार हैं! ऑयल एंड गैस एक्सप्लोरेशन और उत्पादन के क्षेत्र में अब कोई बाधा नहीं, केवल संभावनाएं हैं। इस संबंध में, केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी ने नॉर्वे के बर्गेन में ऑफशोर एनर्जी क्लस्टर की एक बैठक में भाग लिया।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 'नो गो' एरिया पर लिया गया साहसिक निर्णय न केवल देश की ऊर्जा क्षमता को बढ़ा रहा है, बल्कि भारत को ऊर्जा क्षेत्र में एक बड़े बदलाव का नेतृत्व करने के लिए भी तैयार कर रहा है।

केंद्रीय मंत्री पुरी ने बीडब्ल्यू-



■ हरदीप पुरी ने नॉर्वे के बर्गेन में ऑफशोर एनर्जी क्लस्टर की बैठक में हुए शामिल

एलपीजी के सीईओ क्रिस्टियन सोरेनसेन से भी मुलाकात की। यह एलपीजी वेसल की दुनिया की अग्रणी ऑनर और ऑपरेटर कंपनी है, जिसके पास 40 लाख सीबीएम से अधिक की कुल वहन क्षमता वाले वेरी लार्ज गैस कैरियर (वीएलजीसी) हैं।

केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी ने कहा कि यह कंपनी एलपीजी शिपिंग में अग्रणी कंपनियों में से एक है, जो भारत में एलपीजी आयात का 20 प्रतिशत हिस्सा है। नॉर्वे की राजधानी ओस्लो में हुई हमारी बैठक में, हमने बीडब्ल्यू-एलपीजी और भारतीय ऊर्जा कंपनियों के बीच सहयोग को मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की।

## सोना-चांदी की कीमतों में गिरावट

**नई दिल्ली,** 9 जुलाई (एजेंसियां)। सोना और चांदी खरीदारों के लिए खुशखबरी है। दोनों कीमती धातुओं की कीमत में बुधवार को गिरावट देखने को मिली। इंडिया बुलियन ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के मुताबिक, 24 कैरेट के 10 ग्राम सोने का दाम 887 रुपए कम होकर 96,085 रुपए हो गया है, जो कि पहले 96,972 रुपए था।

कल सोने की कीमतों में तेजी देखने को मिली थी। इस दौरान सोने की कीमत 376 रुपए बढ़कर 96,972 रुपए प्रति 10 ग्राम थी।

सोने के साथ चांदी की कीमतों में भी गिरावट देखने को मिली है। चांदी का दाम 220 रुपए कम होकर 1,07,280 रुपए प्रति किलो हो गया है, जो कि पहले 1,07,500 रुपए प्रति किलो था। वायदा बाजार में भी सोने और चांदी में गिरावट देखने को मिली है। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज



■ कम दाम पर सोना-चांदी खरीदने का मौका

(एमसीएक्स) पर सोने के 5 अगस्त 2025 के कॉन्ट्रैक्ट की कीमत 0.47 प्रतिशत गिरकर 96,015 रुपए और चांदी के 5 सितंबर 2025 के कॉन्ट्रैक्ट की कीमत 0.30 प्रतिशत गिरकर 1,07,660 रुपए थी। एलकेपी सिक्योरिटीज के जतिन त्रिवेदी ने कहा कि कॉमैक्स पर सोने की कीमत 3,300 डॉलर प्रति औंस से नीचे आने के कारण यह 96,000 रुपए प्रति 10 ग्राम के करीब आ गया है।

## सामान्य से अधिक मानसून के चलते जून में ऊर्जा की मांग में गिरावट

**नई दिल्ली,** 9 जुलाई (एजेंसियां)। भारत में बिजली की मांग जून में सालाना आधार पर 1.9 प्रतिशत घटकर 150 अरब यूनिट (बीयू) रह गई, यह लगातार दूसरा महीना है, जब बिजली की मांग में कमी देखने को मिली है। इसकी वजह सामान्य से अधिक मानसूनी वर्षा के कारण देश के अधिकांश हिस्सों में तापमान कम होना है। यह जानकारी क्रिसिल द्वारा बुधवार को जारी की गई रिपोर्ट में दी गई।

रिपोर्ट में बताया गया कि भारत में 1 से 25 जून के बीच लंबी अवधि के औसत की तुलना में 7 प्रतिशत अधिक वर्षा हुई। पिछले मानसून में इसी अवधि में 11 प्रतिशत कम वर्षा हुई थी।

रिपोर्ट के अनुसार, रियल-टाइम मार्केट (आरटीएम) में एवरेज मार्केट क्लियरिंग प्राइस (एमसीपी) जून में 26



■ भारत में 1 से 25 जून के बीच लंबी अवधि के औसत की तुलना में 7 प्रतिशत अधिक वर्षा दर्ज

प्रतिशत घटकर 3.73 रुपए प्रति यूनिट रह गया, जो कम बिजली की आवश्यकता और पर्याप्त उपलब्धता को दर्शाता है। मांग की कमी के चलते जून में बिजली उत्पादन भी 0.8 प्रतिशत कम होकर 161 बीयू हो गया है।

रिपोर्ट के मुताबिक, उत्तरी क्षेत्र में बिजली की मांग में सालाना आधार पर 5 प्रतिशत की कमी आई है, जबकि जून 2024 में इसमें 23 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। रिपोर्ट में कहा गया कि उत्तर-पश्चिम क्षेत्र में वर्षा सामान्य से 37 प्रतिशत अधिक थी, जबकि जून 2024 में लू चली थी और वर्षा सामान्य से 33 प्रतिशत कम थी। हालांकि, दक्षिणी क्षेत्र में बिजली की मांग में पिछले वर्ष की तुलना में 5.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो इस जून में दक्षिणी प्रायद्वीप में 5 प्रतिशत की वर्षा की कमी के अनुरूप है। इस वर्ष, दक्षिण-पश्चिम मानसून ने सामान्य तिथि 8 जुलाई के बजाय 29 जून तक पूरे देश को कवर कर लिया था। उन्होंने कहा कि हालांकि बारिश ने बिजली की मांग में वृद्धि को सीमित कर दिया, लेकिन विनिर्माण गतिविधि ने समर्थन प्रदान किया हैं।

### सार संक्षेप

#### गोल्ड ईटीएफ इनफ्लो जून में पांच महीनों के उच्चतम स्तर पर

**मुंबई।** गोल्ड एक्सचेंज-ट्रेडेड फंड्स (ईटीएफ) में इनफ्लो जून 2025 में 2,080.85 करोड़ रुपए रहा है यह बीते पांच महीनों में दर्ज निवेश का सबसे बड़ा आंकड़ा है। यह जानकारी एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एएमएफआई) की ओर से जारी किए गए डेटा से बुधवार को मिली। बीते महीने मासिक आधार पर गोल्ड ईटीएफ में फंड इनफ्लो में छह गुना की बढ़ोतरी हुई है। यह मई में 292 करोड़ रुपए पर था। मॉर्निंगस्टार इन्वेस्टमेंट रिसर्च इंडिया के नेहल मेश्राम ने कहा कि जून 2025 में गोल्ड ईटीएफ में निवेशकों की रुचि में तेज वृद्धि देखी गई, इस कारण जनवरी के बाद से सबसे अधिक मासिक इनफ्लो दर्ज किया गया। एनालिस्ट ने आगे कहा कि जून में मजबूत निवेश इनफ्लो से धारणा में निर्णायक बदलाव का संकेत मिलता है, जिसे संभवतः मजबूत सोने की कीमतों, भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं और इक्विटी और फिक्स्ड इनकम मार्केट में अस्थिरता से समर्थन मिला है।

#### भारत का आर्थिक आधार मजबूत : चालसानी

**नई दिल्ली।** एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एएमएफआई) के सीईओ वेंकट एन चालसानी ने बुधवार को कहा कि बाजार में उतार-चढ़ाव ने कुछ निवेशकों को सतर्क कर दिया है, लेकिन हम हाइब्रिड और आर्बिट्रेज फंडों की ओर एक सकारात्मक बदलाव भी देख रहे हैं। यह रुझान निवेशकों के परिपक्व व्यवहार और अनिश्चित समय में संतुलित जोखिम वाली रणनीतियों को प्राथमिकता देने को दर्शाता है। म्यूचुअल फंड इंडस्ट्री के जून के आंकड़े पेश करते हुए उन्होंने कहा कि भारत की आर्थिक बुनियाद मजबूत बनी हुई है और हम निवेशकों को अपने वित्तीय लक्ष्यों के प्रति प्रतिबद्ध रहने के लिए प्रोत्साहित करते रहेंगे। म्यूचुअल फंड इंडस्ट्री की एसेट्स अंडर मैनेजमेंट (एयूएम) पिछले महीने 74 लाख करोड़ रुपए के आंकड़े को पार कर गई, जिसने एक नया मील का पत्थर

## वैश्विक तनाव से शेयर बाजार में गिरावट


■ सेंसेक्स 0.25 प्रतिशत की गिरावट के साथ 83536.08 अंक पर

■ निफ्टी 0.18 प्रतिशत नीचे खिसक कर 25476.10 अंक पर बंद

**मुंबई,** 9 जुलाई (एजेंसियां)। स्थानीय शेयर बाजारों में देश विदेश की आर्थिक परिस्थितियों के मिले-जुले संकेतों के बीच सीमित कारोबार में बुधवार को हल्की गिरावट दर्ज की गई। मुंबई बाजार का संवेदी सूचकांक 176.43 अंक यानी 0.25 प्रतिशत की गिरावट के साथ 83536.08 और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 50 भी 46.40 अंक यानी 0.18 प्रतिशत नीचे खिसक कर 25476.10 पर बंद हुआ।

विश्लेषकों के अनुसार वैश्विक व्यापार के क्षेत्र में तनाव और अमेरिका में विभिन्न देशों के खिलाफ ऊंचे आयात शुल्क की घोषणाओं से निवेशक रक्षात्मक दृष्टिकोण अपनाए हुए हैं लेकिन घरेलू बाजारों में मुद्रास्फीति में कमी, अवसंरचनात्मक विकास परियोजनाओं में निवेश तथा ग्रामीण मांग में सुधार के संकेतों से स्थानीय बाजार में भरोसा बना हुआ है।

बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स सुबह गिरावट के साथ 83,625.89 पर खुला और ऊपर में 83,781.36 तथा नीचे में 83,382.28 तक




गया। कल बाजार 83,712.51 पर बंद हुआ था। दिन के कारोबार में अधिकतर समय एक सीमित लाभ में रहने के बाद आखरी दौर में बिकवाली का दबाव बढ़ने से बाजार नीचे चला गया।

बीएसई में 13 शेयरों में 0.17 प्रतिशत से 1.40 प्रतिशत के दायरे में लाभ हुआ जबकि 17 शेयरों में 0.06 प्रतिशत से 2.03 प्रतिशत तक की गिरावट रही। बीएसई में लाभ में रहे शेयरों में बजाज फाइनेंस (1.40 प्रतिशत), हिंदुस्तान लीवर (1.24 प्रतिशत) और अल्ट्रासेमको (0.90 प्रतिशत) प्रमुख हैं। महिंद्रा एंड महिंद्रा, पावर ग्रिड, एशियन पेंट्स, आईटीसी, एचडीएफसी बैंक, मारुति, एनटीपीसी और कोटक बैंक भी लाभ में रहे।

घाटे में रहे शेयरों में एचसीएल टेक 2.03 प्रतिशत गिरा जबकि टाटा मोटर्स का शेयर 0.06 हानि में बंद हुआ। एक्सिस बैंक, एसबीआई, टाइटन, इन्फोसिस, टीसीएस , आईसीआईसीआई बैंक, सन फार्मा, अदानी पोर्ट, एलएंडटी, रिलायंस और टाटा स्टील जैसे शेयरों में भी घाटा हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 50 सुबह 25,514.60 पर खुल का ऊपर में 25,548.70 और नीचे में 25,424.35 तक गया । एनएसई में कुल 3030 शेयरों में खरीद फरोख्त हुई जिनमें 1477 लाभ में और 1455 हानि में बंद हुए। निफ्टी बैंक 0.07 प्रतिशत और निफ्टी-100 आज 0.16 प्रतिशत की गिरावट से बंद हुए, निफ्टी मिडकैप 0.13 प्रतिशत नीचे रहा।

इसके विपरीत निफ्टी स्माल कैप, आटो और एफएमसीजी 0.38 प्रतिशत से लेकर 0.80 प्रतिशत तक का लाभ में रहे। बाजार सेवा कंपनी जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के अनुसंधान प्रमुख विनोद नायर ने दिन के कारोबार पर टिप्पणी करते हुए कहा, 'घरेलू उपभोग के रुझान निवेशकों की धारणा को प्रभावित कर रहे।

## भारत का मछली उत्पादन पिछले 11 वर्षों में दोगुना से अधिक

**नई दिल्ली,** 9 जुलाई (एजेंसियां)। राष्ट्रीय मत्स्य कृषक दिवस से पहले बुधवार को जारी एक आधिकारिक बयान के अनुसार, भारत का मछली उत्पादन वित्त वर्ष 2013-14 के 95.79 लाख टन से दोगुना होकर वित्त वर्ष 2024-25 में रिकॉर्ड 195 लाख टन हो गया है, जो केंद्र द्वारा शुरू की गई देश की 'नीली क्रांति' की सफलता को दर्शाता है।

बयान में कहा गया है कि पिछले 11 वर्षों में अंतर्देशीय मत्स्य पालन और जलीय कृषि में 140 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है, जो भारत के जल संसाधनों की शक्ति और सरकार की साहसिक पहलों को दर्शाता है।

समुद्री खाद्य निर्यात ने एक बड़ी सफलता के साथ 60,500 करोड़ रुपए के आंकड़े को पार कर गया है और झींगा निर्यात में भारत के वैश्विक नेतृत्व की पुष्टि करता है। बयान के अनुसार, पिछले एक दशक में झींगा उत्पादन में 270 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जिससे लाखों रोजगार के अवसर पैदा हुए हैं और देश में मछुआरा समुदाय सशक्त



■ 'नीली क्रांति' की सफलता को दर्शा रहा मछली उत्पादन

हुआ है। मत्स्य पालन क्षेत्र में बदलाव लाने में सरकार हमेशा अग्रणी रही है और 2015 से अब तक मत्स्य पालन क्षेत्र में 38,572 करोड़ रुपए का संचयी निवेश किया है। मत्स्य पालन विभाग, मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय 10 जुलाई को भुवनेश्वर स्थित आईसीएआई-केंद्रीय मीठाजल जलीय कृषि संस्थान (सीआईएफए) में राष्ट्रीय मत्स्य कृषक दिवस 2025 मना रहा है। इस कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह, राज्य मंत्री प्रोफेसर एस.पी. सिंह बघेल और जॉर्ज कुरियन भी शामिल होंगे।

## प्रथम पेज का शेष

**प्रधानमंत्री मोदी को नामीबिया के....** राष्ट्रपति, नामीबिया सरकार और नामीबिया की जनता के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करता हूं। मैं 140 करोड़ भारतीयों की ओर से इस सम्मान को विनम्रतापूर्वक स्वीकार करता हूं। इस पुरस्कार की स्थापना 1990 में नामीबिया की स्वतंत्रता के तुरंत बाद 1995 में की गयी थी। यह सम्मान विशिष्ट सेवा और नेतृत्व के लिए दिया जाता है। इस पुरस्कार का नाम नामीबिया में पाए जाने वाले एक अनोखे और प्राचीन रेगिस्तानी पौधे वेल्वित्शिया मिराबिलिस के नाम पर रखा गया है। यह पुरस्कार नामीबियाई लोगों के लचीलेपन, दीर्घायु और स्थायी भावना का प्रतीक है। यह प्रधानमंत्री मोदी को विदेश में दिया गया 27वां और इस दौरे का चौथा पुरस्कार है।

**पुल टूटा, वाहन गिरे, 13 की....** तरफ से इस हादसे में जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों के लिए दो लाख रुपये की आर्थिक मदद का ऐलान किया गया है। गंभीरा पुल का एक 'स्लैब' ढह जाने से पांच वाहन महिसागर नदी में गिर गए। महिसागर नदी पर स्थित गंभीरा पुल मध्य गुजरात और राज्य के सौराष्ट्र क्षेत्र को जोड़ता है। पादरा के पुलिस निरीक्षक विजय चरण ने बताया कि कम से कम पांच लोगों को बचाया गया है और उनका उपचार किया जा रहा है। यह हादसा सुबह करीब साढ़े सात बजे हुआ। गुजरात के मंत्री ऋषिकेश पटेल ने बताया कि पुल का निर्माण 1985 में हुआ था और समय समय पर तथा जरूरत के अनुसार इसका रखरखाव किया जाता था। ऋषिकेश पटेल ने कहा, घटना के वास्तविक कारण की जांच की जाएगी। गुजरात के गृह मंत्री हर्ष संघवी ने बताया , 9 शव बरामद कर लिए गए हैं और 6 लोगों को बचा लिया गया है। सीएम ने सुबह ही एक उच्च समिति को घटनास्थल पर भेजा और उन्होंने जल्द से जल्द रिपोर्ट मांगी है। इसे बेहद गंभीरता से लेते हुए सीएम ने सड़क एवं भवन विभाग की एक टीम और अन्य टीमों को वहां जाकर ठोस कदम उठाने के निर्देश दिए हैं।

वडोदरा के ज़िला कलेक्टर अनिल धमेलिया ने इंडियन एक्सप्रेस को बताया , हमने 5 लोगों को बचाया है जिन्हें मामूली चोटें आई हैं और दो की मौत की पुष्टि हो चुकी है। बचाव अभियान जारी है। हमें पता चला है कि पुल का एक हिस्सा अचानक टूट जाने से दो ट्रक, एक ईको वैन, एक पिकअप वैन और एक ऑटो-रिक्शा नदी में गिर गए। घायलों को वडोदरा जिले के स्थानीय अस्पताल ले जाया गया है। धमेलिया ने बताया कि बचाए गए 5 लोगों में से 4 को मामूली चोटें आयीं हैं।

शुरुआती रिपोर्टों के अनुसार, एक ट्रक, एक वैन और एक कार पुल पार कर रहे थे तभी पुल टूट गया, जिससे सभी वाहन नीचे नदी में गिर गए। पुल ढहने के तुरंत बाद, स्थानीय लोग घटनास्थल पर पहुंचे और आपातकालीन सेवाओं को सूचित किया। पुलिस और डिजास्टर रिस्पोंस टीम मौके पर पहुंची और मलबे में फंसे लोगों को निकालने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। फायर ब्रिगेड ऑफिसर्स ने बताया कि यह घटना सुबह करीब 7:30 बजे हुई।

एक अधिकारी ने कहा, पुल का एक हिस्सा अचानक ढह गया। उस हिस्से से गुजर रहे तीन वाहन नीचे नदी में गिर गए। हमने बचाव अभियान शुरू कर दिया है और 10 लोगों को नदी से बाहर निकाल लिया गया है। गंभीरा पुल के ढहने पर सड़क एवं भवन विभाग के सचिव पीआर पटेलिया ने कहा, हमें गंभीरा पुल के क्षतिग्रस्त होने की सूचना मिली है जिसके कारण दुर्घटना हुई। विशेषज्ञों की एक टीम घटनास्थल पर भेज दी गई है।

**वायु सेना का जगुआर लड़ाकू....** विमान की यह तीसरी दुर्घटना है। इससे पहले मार्च और अप्रैल में भी एक-एक जगुआर विमान दुर्घटनाग्रस्त हुआ था। दो ईंजन वाले इस लड़ाकू विमान को वर्ष 1970 में वायु सेना के बेड़े में शामिल किया गया था। दुनिया के अनेक देशों की वायु सेनाओं ने इन विमानों को अपने बेड़े से बाहर कर दिया है लेकिन भारतीय वायु सेना अभी भी इस लड़ाकू विमान का इस्तेमाल कर रही है।

भारत बंद का मिला जुला.... के साथ झड़पें हुईं और पुलिस ने 20 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया। भारत बंद का मणिपुर में सामान्य जनजीवन आंशिक रूप से प्रभावित हुआ। बंद को मणिपुर सरकारी सेवा महासंघ (एमजीएसएफ), मणिपुर राज्य पेंशनर्स संघ (एमएसपीयू), पेट्रोलियम टैंकर चालक संघ, मेडिकल सेल्स प्रतिनिधि संघ, वामपंथी दलों और अन्य संगठनों ने अपना समर्थन दिया। हड़ताल के दौरान अधिकांश व्यावसायिक प्रतिष्ठान बंद रहे और राज्य के भीतर यात्री सेवाएं रद्द कर दी गईं। हालाँकि शैक्षणिक संस्थानों पर हड़ताल का कोई असर नहीं पड़ा। इस दौरान राज्य से किसी भी अप्रिय घटना की कोई सूचना नहीं है।

छत्तीसगढ में दक्षिण पूर्व कोल फील्ड लिमिटेड (एसईसीएल) में चार श्रम संगठनों द्वारा आहूत राष्ट्रव्यापी हड़ताल का एसईसीएल में मिला जुला असर रहा। एसईसीएल ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि सुबह की पहली पाली और जनरल शिफ्ट में उपस्थिति लगभग 51 प्रतिशत रही दूसरी पाली में उपस्थिति तथा खदानों का कार्यसंचालन सामान्य होता दिख रहा है ।

लाड़ली बहनों को कल मिलेगी.... डॉ. यादव ने बताया कि मध्यप्रदेश सरकार के एक नवाचार को दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय ने भी अपना लिया है। मध्यप्रदेश की तरह जेएनयू दिल्ली में भी कुलपति अब कुलगुरु के नाम से जाने जाएंगे। जेएनयू ने मध्यप्रदेश से प्रेरणा लेकर यह कदम उठाया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सभी मंत्रियों से कहा कि मध्यप्रदेश सरकार के विजन 2023 के संदर्भ में अपने-अपने प्रभार के जिलों में भ्रमण करें और शेष रह गयीं विधानसभा से विज़न डाक्यूमेंट तैयार करने संबंधी कार्यों को अगले 10 दिन में पूर्ण कर लें। उन्होंने कहा कि विधानसभा के विकास से संबंधित कार्यों को बजट में शामिल करायें और इनके क्रियान्वयन के लिए भी समुचित कार्रवाई करें।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि मध्यप्रदेश का एक प्रतिनिधिमंडल 13 से 19 जुलाई के दौरान दुबई और स्पेन की यात्रा पर रहेगा। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल व्यावसायिक बैठकों और विभिन्न कंपनियों के साथ वन-टू-वन मीटिंग भी करेगा। उन्होंने बताया कि इस भ्रमण का उद्देश्य प्रमुख क्षेत्रों में निवेश प्राप्त करना, प्रौद्योगिकी के पारस्परिक हस्तांतरण और अंतर्राष्ट्रीय बाजारों तक अपनी पहुंच बनाना, रोजगार के नए अवसर सृजित करने एवं अंतर्राष्ट्रीय संबंधों में और अधिक इजाफा करना है।

पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए गिरिराज चाचा द्वारा मेसर्स डी.बी. कार्प लिमिटेड फौजदार गैरेज पवारखेड़ा इटारसी रोड नर्मदापुरम से मुद्रित एवं 45, वार्ड नं. 6, कसेरा मुहल्ला नर्मदापुरम म.प्र. से प्रकाशित, संपादक: **पलाश सुरजन,** कार्यकारी संपादक: **ज़ाकिर अली*** फोन 422297। ई-मेल deshbandhuhbd1@gmail.com समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।